महानगर नई दिल्ली मंगलवार 10 सितंबर, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

नागरिकता बिल फिर लाएगी सरकार : शाह

गृह मंत्री ने दूर कीं पूर्वोत्तर के विशेष कानून से जुड़ीं क्षेत्र के राज्यों की आशंकाएं

गुवाहाटी, 9 सितंबर (भाषा)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नागरिकता (संशोधन) विधेयक को भुला नहीं दिया गया है और इसे फिर से लाया जाएगा। हालांकि, पूर्वोत्तर के राज्यों की चिंताओं का दूर करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र से जुड़े विशेष कानून को नहीं छुआ जाएगा। शाह ने कहा कि केंद्र की मंशा सिर्फ असम से ही नहीं बल्कि पूरे देश से सभी घुसपैठियों को बाहर निकालने की है।

राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के 31 अगस्त को प्रकाशन के बाद पहली बार असम की राजधानी आए भाजपा प्रमुख ने संविधान के अनुच्छेद 371 को खत्म किए जाने से जुड़ी शंकाओं का भी निराकरण किया। अनुच्छेद 371 पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्यों के लिए लागू होता है और इसके जरिए धार्मिक और सामाजिक प्रथा के संबंध में उन्हें विशेष अधिकार प्रदान किए गए हैं।

शाह ने भाजपा नीत पूर्वोत्तर लोकतांत्रिक गठबंधन (नेडा) के घटक दलों की बैठक को संबोधित किया। शाह ने कहा, 'नागरिकता संशोधन विधेयक के बावजूद हम सुनिश्चित करेंगे कि क्षेत्र के सभी राज्यों के मौजूदा कानून जस के तस बने रहें। क्षेत्र के विभिन्न राज्यों में लागू होने वाले इन कानूनों को छूने का हमारा कोई इरादा नहीं है।' वह नेडा की चौथी बैठक को संबोधित कर रहे थे। केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की तर्ज पर पूर्वोत्तर में यह गठबंधन है।

शाह, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरामथंगा बाकी पेज 8 पर

इसरो ने कहा, संपर्क करने का प्रयास जारी

सतह से टकराने से झुका 'विक्रम', लेकिन साबुत अवस्था में

बंगलुरु, 9 सितंबर (भाषा)।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि 'चंद्रयान-2' का लैंडर 'विक्रम' चांद की सतह पर साबुत अवस्था में है और यह टूटा नहीं है। हालांकि, 'हार्ड लैंडिंग' की वजह से यह झुक गया है और इससे पुनः संपर्क स्थापित करने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। 'विक्रम' का शनिवार को 'सॉफ्ट लैंडिंग' के प्रयास के अंतिम क्षणों में उस समय इसरो के नियंत्रण कक्ष से संपर्क टूट गया था जब यह चांद की सतह से 2.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर था। लैंडर के भीतर 'प्रज्ञान' नाम का रोवर भी है।

मिशन से जुड़े इसरो के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि ऑर्बिटर के कैमरे से भेजी गईं तस्वीरों के मुताबिक यह तय जगह के बेहद नजदीक एक 'हार्ड लैंडिंग' थी। लैंडर वहां साबुत है, उसके टुकड़े नहीं हुए हैं। वह झुकी हुई स्थिति में है। यहां इसरो के टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आइएसटीआरएसी) में एक टीम इस काम में जुटी है। 'चंद्रयान-2' में एक ऑर्बिटर, लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) शामिल हैं।

इसरो के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि लैंडर के फिर सक्रिय होने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन कुछ सीमाएं हैं।

संभावनाएं कम हैं

अंतरिक्ष एजंसी के एक अधिकारी ने कहा, 'जब तक (लैंडर में) सबकुछ सही नहीं होगा, यह (दोबारा संपर्क स्थापित करना) बहुत मुश्किल है। संभावनाएं कम हैं। अगर 'सॉफ्ट लैंडिंग' हुई हो और सभी प्रणालियां काम कर रही हों, तभी संपर्क स्थापित किया जा सकता है। फिलहाल उम्मीद कम है।

लैंडर और रोवर की मिशन अवधि एक चंद्र दिवस यानी कि धरती के 14 दिनों के बराबर है। इसरो अध्यक्ष के सिवन ने शनिवार को कहा था कि भारतीय अंतरिक्ष एजंसी लैंडर से संपर्क साधने की 14 दिन तक कोशिश करेगी। उन्होंने रविवार को लैंडर की तस्वीर मिलने के बाद यह बात एक बार फिर दोहराई।

उन्होंने भूस्थिर कक्षा में संपर्क से बाहर हुए एक अंतरिक्ष यान से फिर संपर्क बहाल कर लेने के इसरो के अनुभव को याद करते हुए कहा कि 'विक्रम' के मामले में स्थिति भिन्न है। वह पहले ही चंद्रमा की सतह पर पड़ा है और उसकी दिशा फिर से नहीं बदली जा सकती। अधिकारी ने कहा कि एक महत्त्वपूर्ण पहलू एंटीना की स्थिति का है। इसकी दिशा या तो जमीनी स्टेशन की तरफ होनी चाहिए या फिर ऑर्बिटर की तरफ। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान बहुत कठिन होते हैं। साथ ही संभावनाएं भी हैं। अधिकारी ने कहा कि हालांकि, लैंडर का ऊर्जा उत्पन्न करना कोई मुद्दा नहीं है क्योंकि इसमें चारों तरफ सौर पैनल लगे हैं। इसके भीतर बैटरियां भी लगी हैं जो बहुत ज्यादा इस्तेमाल नहीं हुई हैं। 'विक्रम' में अलग-अलग प्रयोगों के लिए तीन उपकरण लगे हुए हैं।

पाकिस्तानी सैन्य चौकियां और आतंकी शिविर तबाह

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से लगातार जारी संघर्षविराम उल्लंघन के बाद भारतीय सेना के विशेष दस्ते ने रविवार देर रात जबरदस्त जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी सेना की पोस्ट और आतंकियों के कई लांचपैड तबाह कर दिए।

सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के आखिरी शहर चकोटी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। चकोटी की आबादी लगभग 50 हजार के आस-पास है। सैन्य अधिकारियों का कहना है कि भारतीय सेना की कार्रवाई में पाकिस्तान के कई बंकर तबाह हो गए और कई जवान मारे गए हैं। हालांकि, आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

नियंत्रण रेखा के पार पीओके के चकोटी में भारतीय सेना की बड़ी कार्रवाई
भारतीय सेना के विशेष दस्ते ने भारी तोपों का किया इस्तेमाल, दागे मोर्टार व रॉकेट

इसे लक्षित हमले जैसी कार्रवाई कहा जा रहा है। हालांकि, सैन्य अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि भारतीय जवानों ने नियंत्रण रेखा पार की था या इधर से ही गोला-बारूद दागे गए? भारत की ओर से चकोटी में की गई कार्रवाई के दौरान भारतीय सेना के विशेष दस्ते ने भारी तोपों, रॉकेट और मिसाइल लांचरों और अन्य हथियारों बाकी पेज 8 पर

सर क्रीक इलाके में मिलीं पाक नौकाएं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

सर क्रीक इलाके में लावारिस हालत में कुछ पाकिस्तानी नौकाएं मिलने के बाद देश के दक्षिणी और प्रायद्वीपीय इलाकों में सेना एवं अन्य सुरक्षाबलों को सतर्क कर दिया गया है। सेना की दक्षिणी कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल एसके सैनी ने सोमवार को कहा कि खुफिया सूचनाएं मिली हैं कि पाकिस्तान पोषित आतंकी देश के दक्षिणी हिस्से के कुछ शहरों में हमले कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'हमें कई खुफिया सूचनाएं मिली हैं कि भारत के दक्षिणी और प्रायद्वीपीय इलाके में आतंकी हमला हो सकता है।' आशंका को देखते हुए सर क्रीक इलाके में सेना सतर्क है।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक, सेना की दक्षिणी कमान के सबसे उत्तरी छोर में गुजरात का भी कुछ हिस्सा आता है। दक्षिणी बाकी पेज 8 पर

पाकिस्तानी बैट के कमांडो को मार गिराने का वीडियो जारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

भारतीय सेना ने सोमवार को अपने उस अभियान का वीडियो जारी किया, जिसमें उसने जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में पाकिस्तानी सेना के बैट कमांडो और घुसपैठियों के एक समूह द्वारा घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था। इस कार्रवाई में सेना ने पाकिस्तानी बैट के पांच कमांडो मार गिराए थे, जिनके शव कई दिनों तक नियंत्रण रेखा पर पड़े रहे। भारत ने पाकिस्तान से वे शव ले जाने को कहा था, लेकिन उन्होंने मारे गए कमांडो को अपना नागरिक मानने से इनकार कर दिया था।

सेना ने सबूत के तौर पर 31 जुलाई और एक अगस्त की मध्यरात्रि की उस कार्रवाई का वीडियो बाकी पेज 8 पर

वाहन बिक्री में अगस्त में दो दशक की सबसे तेज गिरावट

नई दिल्ली, 9 सितंबर (भाषा)।

देश में वाहन बिक्री के आंकड़े अगस्त में भी खराब रहे। वाहन निर्माताओं के संगठन सियाम के अनुसार 1997-98 के बाद इस बार अगस्त में यात्री वाहनों की बिक्री में सबसे तेज गिरावट दर्ज की गई है। सियाम की सोमवार को जारी रपट के मुताबिक इसका असर सभी श्रेणियों के वाहन की बिक्री में दिखा है और यह लगातार दसवें महीने घटी है।

अगस्त में यात्री, दोपहिया और वाणिज्यिक वाहनों समेत सभी श्रेणियों की कुल थोक बिक्री 18,21,490 वाहन रही। यह अगस्त 2018 की 23,82,436 वाहनों की बिक्री के मुकाबले 23.55 फीसद कम है। यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री अगस्त में सबसे अधिक बुरी रही है। यह 31.57 फीसद घटकर 1,96,524 वाहन रही है जो अगस्त 2018 में 2,87,198 वाहन थी। यात्री वाहन श्रेणी में मारुति के वाहनों की बिक्री अगस्त में 36.14 फीसद, हुंदै की 16.58 फीसद और महिंद्रा एंड महिंद्रा की बिक्री 31.58 फीसद घटी है। सियाम के आंकड़ों के मुताबिक अगस्त 2019 में घरेलू बाजार में कारों की बिक्री 41.09 फीसद घटकर बाकी पेज 8 पर

एनआरसी ने मानवीय संकट पैदा किया : जन न्यायाधिकरण

नई दिल्ली, 9 सितंबर (भाषा)।

न्यायालय द्वारा असम में एनआरसी की प्रक्रिया के लिए समयसीमा तय करने पर जोर देने के चलते इससे संबंधित लोगों पर दबाव बढ़ा है। एक जन न्यायाधिकरण ने यह बात कही। न्यायाधिकरण ने आलोचना करते हुए कहा कि इस कवायद से 'मानवीय संकट पैदा' हो गया है।

इस न्यायाधिकरण में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एमबी लोकुर और कुरियन जोसफ, और दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एपी शाह शामिल हैं। न्यायाधिकरण ने कहा कि हालात चिंताजनक हैं 'क्योंकि इस संकट के खत्म होने के कोई बाकी पेज 8 पर

जस्टिस लोकुर

जस्टिस जोसफ

किसी अधिकारी की गिरफ्तारी नहीं हो : चिदंबरम

नई दिल्ली, 9 सितंबर (भाषा)।

आइएनएक्स मीडिया समूह को विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआइपीबी) की मंजूरी में अनियमितता के आरोप में गिरफ्तार पूर्व वित्त मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने सोमवार को कहा कि उनसे जुड़े इस मामले में किसी भी अधिकारी की गिरफ्तारी नहीं बाकी पेज 8 पर

बाबरी मामले में सीबीआइ ने दी कल्याण की पेशी के लिए अर्जी

लखनऊ, 9 सितंबर (भाषा)।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह को बाबरी ढांचा ढहाए जाने के मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए तलब करने के मकसद से लखनऊ की विशेष सीबीआइ अदालत में सोमवार को अर्जी दी। बाकी पेज 8 पर

आरक्षण की जरूरत, इसे जारी रखना चाहिए : संघ

पुष्कर (राजस्थान), 9 सितंबर (भाषा)।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सोमवार को यहां कहा कि समाज में सामाजिक और आर्थिक विषमता रहने के कारण आरक्षण की जरूरत है और जब तक इसके लाभार्थियों को इसकी जरूरत महसूस होती है, इसे जारी रखना चाहिए।

आरएसएस के संयुक्त महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि संघ संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण का पूरा समर्थन करता है। संघ की तीन दिवसीय समन्वय बैठक के अंतिम दिन संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, 'हमारे समाज में सामाजिक और आर्थिक विषमता है, इसलिए आरक्षण की जरूरत है...हम संविधान प्रदत्त आरक्षण बाकी पेज 8 पर

हमारे समाज में सामाजिक और आर्थिक विषमता है, इसलिए आरक्षण की जरूरत है...हम संविधान प्रदत्त आरक्षण का पूरा समर्थन करते हैं। *-दत्तात्रेय होसबोले, सह सरकार्यवाह* आरएसएस

एसआइटी ने सिख विरोधी दंगों के सात मामले फिर खोले

नई दिल्ली, 9 सितंबर (भाषा)।

केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा गठित विशेष जांच दल ने सिख विरोधी दंगों से जुड़े सात मामलों को फिर से खोलने का फैसला किया है। इस बारे में एक आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक इन मामलों में आरोपियों को या तो बरी कर दिया गया या मुकदमा बंद हो चुका है।

अधिसूचना के सार्वजनिक होने के बाद दिल्ली के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कथित तौर पर इन सात मामलों में से एक में आरोपी पांच लोगों को कथित तौर पर शरण दी थी। सिरसा ने बताया कि नई दिल्ली के संसद बाकी पेज 8 पर

बढ़ सकती हैं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ की मुश्किलें

दरअसल

परवाज

इंजीनियरिंग की पढ़ाई बीच में छोड़ी थी | निजी विमानन कंपनी में सह पायलट बनीं

...उसने आसमान में उड़ने के सपने को हकीकत बना दिया

मलकानगिरि/भुवनेश्वर, 9 सितंबर (भाषा)।

ओड़ीशा के माओवाद प्रभावित मलकानगिरि जिले की एक आदिवासी लड़की ने सालों पहले आकाश में उड़ने का सपना देखा। सपना पूरा करने के लिए उसने इंजीनियरिंग की पढ़ाई तक बीच में छोड़ दी थी। आखिरकार उसने अपने इस सपने को हासिल करके ही दम लिया।

यह प्रेरणादायक कहानी है 23 वर्षीय अनुप्रिया लकड़ा की। पायलट बनने की चाह में अनुप्रिया ने सात साल पहले इंजीनियरिंग की पढ़ाई बीच में छोड़ दी और 2012 में उसने यहां उड्डयन अकादमी में दाखिला ले लिया। अपनी काबिलीयत और लगन के बल पर जल्दी ही वह एक निजी विमानन कंपनी में को-पायलट के तौर पर सेवाएं देने वाली है। ओड़ीशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने लकड़ा को बधाई दी और कहा कि यह दूसरों के लिए एक उदाहरण पेश करेगा। पटनायक ने ट्वीट किया, 'मैं अनुप्रिया लकड़ा की सफलता के बारे में जान कर प्रसन्न हूं। उसके द्वारा सतत प्रयासों और दृढ़ता से हासिल की गई सफलता कई के लिए उदाहरण हैं। एक काबिल पायलट के रूप में अनुप्रिया को बाकी पेज 8 पर

मैं अनुप्रिया लकड़ा की सफलता के बारे में जान कर प्रसन्न हूं। उसके द्वारा सतत प्रयासों और दृढ़ता से हासिल की गई सफलता कई के लिए उदाहरण हैं। एक काबिल पायलट के रूप में अनुप्रिया को और सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं।
-नवीन पटनायक, मुख्यमंत्री ओड़ीशा

अनुप्रिया लकड़ा

पायलट बनने की चाह में उसने इंजीनियरिंग की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी और पायलट प्रवेश परीक्षा की तैयारी भुवनेश्वर से की। पायलट बनने का उसका सपना हकीकत में बदलने से हम बहुत खुश हैं। वह एक निजी विमानन कंपनी में को-पायलट के तौर पर सेवाएं देने वाली है।
-मारिनियास लकड़ा, अनुप्रिया के पिता

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

My Son BHAVIT minor, age 13 S/O KAMAL KISHOR R/O C-134, Gokul Puri, Delhi- 110094 have changed name to BHAVIT KISHOR. 0020392715-1

It is for general information that I,Komal Malhotra W/o Sunil Malhotra R/o-25-A Gali No.8, Indira Park Ext., Chander Nagar,Krishna Nagar Delhi-110051, informs that name of mine has been wrongly written as Suman Malhotra in my minor daughter Tanya (14-Years) Birth Certificate, School Record. The actual name of mine is Komal Malhotra which may be amended accordingly. 0040511709-2

It is for general information that I, K.R.Balaji S/O Late R.Kasturirangan R/O-Qtr-77 Tuype-2 Sec-8 R.K.Puram New Delhi inform that name of my minor daughter has been wrongly wrriten as B.Rupal aged 17years in her School Record.The actual name of My minor daughter is Rupal which may be amended accordingly. 0040511786-3

It is For General Information That I, Naresh Kumar S/O Sukh Ram, R/O-16/202e, Tank-Road, Bapa-Nagar, KarolBagh, New-Delhi-110005.,Inform That Name Of My Father Has Been Wrongly-Written As Sukh Ram Kumar In My Passport. The Actual Name Of My Father Name Is Sukh Ram Which May Be Amended Accordingly. 0040511740-9

I,Sakshi Suresh Pandey w/o Suresh Chandra Pandey and d/o Surander Mohan AGGARWAL r/o H.No. C-2/173,Phase-4,Aya Nagar South delhi, Delhi-110047 have changed my name shall hereafter be known as Sakshi Aggarwal for all future purpose. 0040511745-5

I,Mrs.Aneeet Kassal W/o-Mr.Sanjeev Kassal,Aged 47Yrs,R/o-C-222,Defence Colony,New Delhi-24,Do hereby solemnly affirm and state as under:I am the law abiding citizen of India.I spell my name as Mrs.Aneet Kassal and not Aneeet Kassal.I am not deposing falsely. 0040511678-6

I, hitherto known as V Parameswari, W/o Duraisamy Viswanathan, R/o S-126/588, Kanak Durga-Colony, Sector-12, R.K.Puram, New Delhi-110022,have changed my name and shall hereafter be known as Parameswari Vellaiyan. 0040511706-5

I, hitherto known as D Viswanathan, S/o Mr.P Duraisamy, R/o-S-126/588, Kanak Durga-Colony, Sector-12, R.K.Puram, New Delhi-110022,have changed my name and shall hereafter be known as Duraisamy Viswanathan. 0040511706-6

I, Yogesh S/o Sh.Sahab Singh R/o-165D Z,Block,New Roshan Pura,Najafgarh,New Delhi, have changed my name to Yogesh Choudhary for all future purposes. 0040511678-7

I, Virendar Kumar S/O Lichhman Singh R/o H.No. 853 Huda, Sec-3, Rewari(HR)-123401, have changed my name to Virendar Kumar Yadav. 0040511715-3

I, Usha Rani W/o Suresh Aggarwal R/o.164, Pocket B-10, Sec-3, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Usha Aggarwal permanently. 0040511706-2

I, Uma Anurag W/o Dr. T.S. Anurag R/o S-2/107, Shree Dwarkadhish CHS Ltd., Bangur Nagar, Goregaon (W), Mumbai- 400 090, do hereby informs that I have changed my name from Uma Ramaswamy to Uma Anurag after my marriage w.e.f. 20th April, 2009, for all future purposes. 0040511682-1

I, Tanya Sagar D/o Sandeep Sagar R/o Flat No.92 C2C Pocket-2, Janak Puri, New Delhi-110058, have changed my name to Taanya Sagar. 0040511744-2

I, TANVIR JAHAN W/o IQBAL AHMED, R/o H. No.1411, Haveli Kallu Khawas Bazar Chitli Qabar, Jama Masjid, Delhi-110006 have changed my name to TANVEER JAHAN. 0040511663-1

I, Sukrita Kaul W/O-Anshuman Gupta R/O-Flat No-20, (Samaj-Kalyan-Apartment), Plot No-10, Bodella Phase-2, F-Block, Vikaspuri, N.Delhi-110018, CHANGED MY NAME AFTER-MARRIAGE TO Sukrita Kaul Gupta. 0040511740-7

I, Sonia Kumar D/O Late Mahinder Kumar R/o 6133/34, Gali Ravi Dass, Nabi Karim, Pahar Ganj, ND-55, have changed my name to Soniya Kumar. 0040511666-1

I Rajni Kant S/o Chuni Lal R/o Village Bhour, Post Office Karkot, Teh- Bhoranj, Distt-Hamirpur, HP-176048, have changed my name to Razy Angaria 0070673584-1

I Manju Rani D/o Mahabir Singh R/o House No-306/22, Arya Nagar Sonipat, Haryana-131001, have changed my name to Yashika 0070673583-1

व्यक्तिगत

I, Somveer S/o Late Sh.Ranbir R/o:137, Village-Ujwa, New Delhi-110073, Intimate That My Name Shyambeer Wrongly Mention In My Daughter's Name As Tannu School-Document Instead Of Somveer. 0040511702-7

I, Sidhharrth A Sehrawat S/o Amitabh Verma R/o-210 Vaishali-Pitampura Delhi-110034, have changed my name to Siddharth Sehrawat. 0040511702-2

I, Sanjeev Narula S/o Sita Ram R/o F-350 Old Seemapuri, Delhi-110095, have changed my name to Sanjeev Kumar Narula. 0040511662-1

I, Sanjeev Kumar S/o-Sh. Jagdish Kumar R/o-House No.170, Gali No.2, Part-2, Jharoda Mazra, Burari, Delhi-110084, have changed my name to Sanjeev Verma for all purposes. 0040511703-1

I, Sanjeev Kumar S/o Ashok sachdeva R/O-E-78, Top-Floor, Mansa-Ram Park, Uttm-Nagar, Delhi-110059. have changed my name from Sanjeev Kumar to Sanjeev Sachdeva. 0040511786-4

I, Sanjay Chauhan S/o Jai Prakash Chauhan R/o-65, Sansad-Vihar, West-Enclave Pitampura, Delhi-110034.changed the name of my minor son, Kavy Chauhan to Kartik Chauhan. 0040511706-4

I, Sana d/o Shamim Ahmed H.no-155, Urban estate, sector-14, Gurgaon have changed my name to sana Parveen. 0040511744-3

I, Ravi Kumar Wadhwa/ Ravinder Wadhwa S/o-Ayodhaya Prasad R/o-39/B, GaliNo-2, East-Azad-Nagar Krishna Nagar Delhi-110051.Have Changed My Name To Ravindra Kumar Wadhwa. 0040511740-2

I, Ram Prasad S/O, Harihar Prasad R/o RC 944, Gali No. 4, Prakash Nagar, Khora Colony, Ghaziabad (UP)-201001, have changed my name to Sriram Prasad. 0040511655-1

I, Rajiv Shrivastava F/o Raghav Shrivastava R/o 2523/24, Nai Wara Chawari Bazar Delhi-110006 inform that me and my son name wrongly written in my son school record Admission No.15323 as Raghav Srivastava S/o Rajiv Srivastava instead of Raghav Shrivastava S/o Rajiv Shrivastava. 0040511708-1

I, Rajesh Goel S/o Hira Lal Goel R/o-3845/9 Kanhaiya-Nagar TriNagar Delhi-35 changed my name to Rajesh Kumar Goel. 0040511740-1

I, Radha D/o Bhagwan Sahay Dhawan R/o H.No.48, Satya-Niketan, Moti Bagh-II, New Delhi-21. have changed my name to Radha Dhawan, for all future purposes. 0040511702-5

I, Pushpinder Singh Banga, S/O Tejinder Singh , R/O M27, Road No 4, New Mahabir Nagar Delhi-18, changed My Name To Pushpinder Singh. 0040511744-5

I, Pratik Jain S/o Naval Jain R/o A-22, Surya Nagar, Ghaziabad, U.P.-201011 have changed my name to Prateek Jain. 0040511744-8

I, Neelu Banga ,W/O Pushpinder Singh R/O-M27, Road.No 4, New-Mahabir Nagar Delhi-18, changed My Name To Dipleen Kaur. 0040511744-6

I, Prabhat Kumar bhartiya S/o-Shishupal Rustagi R/o-904, Emrald-2 Gardenia-Glamour, Sector-3-Vasundhara, Ghaziabad-201012.Have Changed My name,from Prabhat Kumar Bhartiya to Prabhat Kumar. 0040511740-6

I, Pooja Sharma D/o Shiv Kumar Sharma R/o H.No.62, Sham Nagar, Parwana Road, Delhi-110051 have changed my name to Pankhuri Sharma for all future purposes. 0040511649-1

I, Partap Kumar Singh S/o-Jagar Nath Singh R/o-Telephone-Exchange, RZ-66, Gali.No.3, main Dabri-Extn., Palam-Road, Dabari-Extn. Delhi-110045.,have changed my minor Daughter name,from Shitel Singh to Sheetal Singh, for all purposes. 0040511740-5

I, Paramjit Singh Chandhoke S/o Bir Bhadhur Singh Chandhoke R/o House No.-658, Sector-28, Noida(U.P.) have changed my name from Parmjit Singh Chandhoke to Paramjit Singh Chandhoke for all future purposes. 0040511671-1

I, Pappu Yadav S/o Pataru R/o-KH.No.156, Old Bank Wali Gali, Rithala-Village, North West Delhi-110085. have changed my name to Pintoo. 0040511702-6

I, Pankaj Gupta S/o Shyam Behari Gupta R/o H. No. 780/6, Mehrauli, New Delhi - 110030, have changed my minor daughter's name Niyati to Niyati Gupta for all purposes. 0040511715-1

I, Harish Kumar Tiwari S/o Narayan Dutt Tiwari, R/o Quarter Number-144, Second Floor, Type-1, Block-A, Minto Road, Darya Ganj, Delhi-110002, declare that name of mine has been wrongly written as Harish Tiwari in my minor son Sarthak Tiwari aged 14 years in his School Records. The actual name of mine is Harish Kumar Tiwari 0070673585-1

I, Mukhvinder Kaur Saini W/o Vikram Chawla R/o-House No-80,Ground floor, Bhera Enclave, Paschim-Vihar,West Delhi, have change my name Mona Chawla for all purposes. 0040511744-4

I, Mohd Asad S/o Shahabuddin R/o A-123 Gali No-2, Phase-1, Brijpuri Delhi-110094, have changed my name to Mohammad Asad Saifi. 0040511662-2

I, Mohd Arif S/o Mohd Hanif, R/o F-87 West Jawahar Park, Laxmi Nagar, Delhi-110092, have changed my name to Mohd Arif Saifi. 0040511662-4

I, Mohammed Haseen S/o Abdul Aziz R/o-D-5, New Seelampur, Delhi-110053, have changed my name to Mohammed Hasin for all purposes. 0040511709-1

I, Mehar Jahan W/o Zakir Hussain R/O C-1/39 Sharma Colony Phase-2, Budh Vihar, Sultanpuri C-Block Delhi-86, informs that the name of mine has wrongly written as Parveen in my minor daughter Fiza in her school records. The actual name of mine is Mehar Jahan. 0040511705-1

I, Meena Singh W/o Late Ganga Prasad Singh R/o-H.No.D-4 Palika-Niwas Lodhi-Colony, New Delhi-110003 my Date-of-Birth-01/11/1967, for all purposes and my four Children namely Vishal Singh, Annpurna Singh, Lavlesh Singh and Neha Singh. 0040511799-3

I, Manjit Kaur Sabharwal W/o Baljeet Singh Sabharwal R/o D-46, Pandav Nagar, Delhi-92, have changed my name to MANJEET KAUR SABHARWAL for all purposes. 0040511660-1

I, MOHAMMAD IQBAL QURESHI S/o Mohammad Ibrahim R/o Plot No.438, Phase-I, Shahzada Bagh Inderlok Delhi-35 have changed my name to MOHAMMAD IQBAL for all purposes 0040511697-1

I, Kunwar Singh S/o Shri Inder Baksh Singh R/o 8/456, Khichripur, Patparganj, Delhi-110091, have changed my name from Pappu Singh to Kunwar Singh for all future purposes. Also informs that Pappu Singh and Kunwar Singh is one and same person. 0040511674-1

I, Krishan Kumar Vohra S/o Surinder Kumar Vohra R/o 2/450 (T.F.) Subhash Nagar New Delhi-110027, have changed my name to Krishan Vohra. 0040511744-1

I, Kevin S Jose S/o Sam Jose, R/o B1/252, Arawalli Apartments, Opp Satya Hospital, Sector 34, Noida-201301, have changed my name from Kevin S Jose to Kevin Sam Jose for all future purposes. 0040511760-1

I, Jyoti Gera W/o Bharat Bhushan R/o 21/21A, D.S.Moti-Nagar, New Delhi-110015 have changed my name to Jyoti permanently. 0040511744-7

I, Jitendra Kumar S/o Raju Singh R/o Flat No.1404, ACE City, Plot No.1, Sector-1, Noida Extension, Distt. Gautam Budh Nagar, UP-201306 have changed my minor son's name from Tijil to Tijil Vardhan. 0040511683-1

I, Inderpal Singh s/o Shri Gyan Singh Narula r/o A-4/68, Priyadarshani Apartment, Near Balaji Hospital, Paschim Vihar, New Delhi-110063, have changed my name to Inderpal Singh Narula. 0040511704-2

I, Harbhajan Kaur W/o Harjinder Singh R/o-D-5 Type-2nd New Police Line Kingsway Camp Delhi-110009 changed my name to Gurmeet Kaur. 0040511702-1

I, Diwan Chand Arya S/o Bachhi Ram R/o H.No-196, Gali No-1, Opposite-Suresh Park, Krishna Nagar, Modinagar Ghaziabad, U.P-201204, have changed my name to Diwan Chand. 0040511652-1

I, Dilip Kumar Batra S/O Shyam Lal Batra R/O-3276-B, AryaPura, Old-Subzi-Mandi, Delhi-110007,that Dilip Jeswani & Dilip Kumar Batra are one & same Person. 0040511786-5

I, Chandan Kumar R/o Flat No 5, Second Floor, Nala Market, West Patel Nagar, ND-08, have changed my minor son's name from Aayush Raj to Ayush Kumar. 0040511656-1

I, Beerendra Kumar Parashar R/o RZ-240 Rajnagar Part 2 Palam Colony New Delhi-77 would like to correct my name from B. K. Parashar to Beerendra Kumar Parashar in School Record of my son namely Shrey Parashar of KV Sec-8 RK Puram New Delhi-22 0040511687-1

I, Aysha Begum D/o Jai Ram R/o 337/A, Gali No.12, West Guru Angad Nagar, Laxmi Nagar Delhi-92 have Changed My Name From Aysha Begum to Treeza for all future purposes. 0040511673-1

I Anil Kumar S/o Late Sh.Shri Nath R/o A-331, Mangol Puri, Delhi-110083 have changed the name of my minor son from Pasi Bhavesh Kumar Anil Mridula to Bhavesh for all purposes. 0040511646-2

Ajay Kumar, S/o Sh.Kameshwar Singh R/o-H.No.30, Gali No-7, Vikrant-Vihar, Mohan-Garden, Uttam-Nagar, Delhi-110059. Have Changed My Name to DHANANJAY KUMAR, For all Future Proposes. 0040511740-4

व्यक्तिगत

I, Asif Ali R/o Servant Quarter, 5-A Kuwait Embassy, Shanti Path Chankyapuri, Delhi-110021, have changed my minor son name Abdullah to Abdullah Asif Ali. 0040511662-3

I, Ashpreet D/o Sardaar Pardeep Singh R/o-19A, Pandit-Park Extn., Street No.3, Krishna-Nagar, Delhi-110051. have changed my name to Ashpreet Kaur. 0040511706-3

I, Ashish S/o Chetan Prakash R/O-B S-105, Shalimar Bagh, Delhi-88 Have Changed My Name To Ashish. 0040511702-4

I, Ankush Jain R/o D-1, Sector-61, Noida 201301, UP, have changed my minor daughter's name from Pari Jain to Prapti Jain for all purposes. 0040511657-1

I, Anil Kumar Nandkishore Agrawal S/o-Nandkishore R/o-Flat No.48, Gulab Vihar Apartments, Sector-9, Rohini, Delhi-110085 informs to all my & my son's name wrongly-written in my minor son (Ayush) School-Record as Anil Kumar & Ayush Anil Kumar instead of Anil Kumar Nandkishore Agrawal & Ayush. 0040511701-1

I, Anil Kumar Marwaha,S/O Late Shri.Lahori Lal R/O-flat no.102, Pocket-14, Moon-Light-Apartment, Sec-20, Rohini, Delhi-110086,have changed my name to Anil Kumar, for all purposes. 0040511799-2

I, Amida Devi D/O Brijnandan Singh Yadav, R/O-42, Kalyani-Appt, Sec-4, Plot No-31, Dwarka, N.Delhi , CHANGED My Name To Amida Devi. 0040511799-4

I, Naveen S/o Neeraj R/o H.N. 25 Gali No.1, Rajeev Colony Narela, Delhi-40, have changed my name to Naveen Kumar for all purposes. 0040511650-1

I, Alpana spouse of No.15585193P NK Nichit Shrikant Gorakhnath,Resident of Village-Vadner Khurd,Tehsil- Shirur,Distt.-Pune, Maharashtra-412218 have changed my name from Alpana to Alpana Shrikant Nichit vide affidavit dated 09/09/2019 before Notary Public Delhi. 0040511745-1

I, Adbul Wahid Qureshi S/o Addul Salam Address-313/44 B-22, Inder-lok Delhi-110035. changed my Minor daughter name IQRA TO IQRA QURESHI. 0040511706-1

I, Abhishek Kumar Tripathi S/o Kamlapati Tripathi R/o 208/21A, Top Floor, Savitri Nagar, New Delhi-110017 have changed my name to Abhishek Tripathi for all purposes. 0040511676-1

I, Abdul Wajid Ali S/o Nanney Miyan R/o B-6/9, B-6, Kabir Nagar, Delhi-110094 have changed my name to Wajid Ali for all future purposes. 0040511653-1

I Rajesh Kumar Gulia S/o Khazan Singh R/o H.No.152, Baparola Village, Baparola West Delhi, Delhi-110043 have changed my name to Rajesh Kumar 0040511740-3

I Muneshvari Motilal Prasad W/o Late Motilal Prasad R/o Danda New Hanuman Nagar, Near Municipal School, Khar West, Mumbai, Maharashtra-400052 presently at F-904, Mangol Puri, Delhi-110083 is also known as Munneseshwari Devi. Both names are of one and the same person. 0040511646-1

I Monika Pradeepsingh Reen W/O Jagpreet Singh R/O-396 First-Floor Sant-Nagar East-of-kailash new Delhi-110065.,have changed my name to Monika Kaur, permanently. 0040511799-1

I Kulwinder Singh S/o Amrik Singh R/o CA/49B Janta Flat Hari Nagar New Delhi-110064 have changed my name to Kulvinder Singh. 0040511786-1

I Gurpreet Singh Bakshi S/o Jasbir Singh Bakshi R/o-J-99 Rajouri-Garden New Delhi-110027. have changed the name of my minor daughter Gurmehak Bakshi aged 14years and she shall hereafter be known as Gurmehak Kaur Bakshi. 0040511786-2

I Ashmeet Kaur Bakshi D/o Manjit Singh R/o D-161, first-floor, Fateh-Nagar, Tilak-Nagar, New Delhi-110018.,have changed my name to Ashmeet Kaur.,for all purposes. 0040511702-3

I, Manpreet Singh S/o Daljeet Singh R/o Ward No-12, Canal Colony, Mallanwala, Ferozepur, Punjab-152021, that name of mine has been wrongly written as Manpreet Singh Khinda in my Passport : H7332706. The actual name of mine is Manpreet Singh 0070673579-1

I, Divya D/o Preet Singh and W/o Inder Sain Gupta R/o 15-B, Gali No-5, Gupta Enclave, Vikas Nagar, Uttam Nagar, Delhi-110059, that name of my father has been wrongly written as Pritam Bansal in my Pan Card number FMBPD0239L. The actual name of my father is Preet Singh. 0070673582-1

I,sakshi Suresh Pandey w/o Suresh Chandra Pandey r/o H.No.C-2/173,Phase-4,Aya Nagar South delhi, Delhi - 110047 have changed the name of my minor son from Keyvan Chandra Pandey to Keyvan and shall hereafter be known Keyvan for all future purpose. 0040511745-3

I,K.M.Mahesh (Kunnamkumarath Muralidharan Mahesh)S/o Kunnamkumarath Muralidharan R/o House No. 3143A, Housing Board Colony, Sector-3,Ballabgarh Dist. Faridabad-121004, (Haryana) have changed my name to Mahesh Nair for all future purposes 0070673586-1

I Sunil Kumar alias Sunil Kumar Aggarwal S/o Darshan Lal Aggarwal R/o G-4/137, Sector-11, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Sunil Kumar Aggarwal 0070673581-1

I, Saral Kumari D/o Devi Charan and W/o Mohammad Irfan Ilahi, residing at House No-26, Pinjore, Panchkula, Haryana-134102, have embraced MUSLIM and renounced HINDU with effect from 12-04-2014 and also have changed my name from Saral Kumari to Salika. 0070673577-1

I, Aakash Deep, S/O Ramesh Chander Patpatia R/O H.NO.A-71, First Floor Front Side, Ashoka Enclave Part 2, Sector-37, Faridabad-121003, Haryana, have changed my name from Aakash Deep to Aakash Deep Patpatia for all Future Purposes. 0040511651-1

खोया+पाया

मैं मोनिका यादव पुत्री श्री भगवान सिंह निवासी लखनऊ ने कुमारी मायावती राजकीय महिला पॉलिटेक्निक से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में डिप्लोमा पाठयक्रम में उत्तीर्ण किया है उसकी प्रथम वर्ष (2005) अनुक्रमांक 102355114 एवं द्वितीय वर्ष 2006 अनुक्रमांक 102355213 की अंकतालिकाएं वास्तव में गुम हो गयी हैं जो काफी प्रयास करने पर भी नहीं मिली है।

I, Pritiman Mukhia S/O Nanda Kumar Mukhia R/O-Chirag-Delhi malviya-Nagar South-Delhi-17 have lost my original certificate class-10th(2009) Rollno-6397190 class-12th(2011) Rollno-9691000 CBSE-Delhi. 0040511740-10

It Is To Notified For The Information That My Original Qualifying Examination Mark Sheet & Certificate Of Secondary Examination In The Year-2017 And Roll No.8226457 Issue By Central Board Of Secondary Education (C.B.S.E. Delhi) Has Been Actually Lost.Kuldeep Singh S/O-Avtar Singh, Address:-B-136, T-Huts, Indira-Camp Road No-3, Andrews-Ganj, Delhi-110049. Mob:-9873829414. 0040511786-10

My Original Examination Certificate of Secondary & Senior Secondary Examination of Year 1990 and Roll No. issued by CBSE has been lost. Name ARCHANA SHARMA D/o Shri Nath Sharma Address: A- 51 Sector 27, Noida, Mob.: 9717001824. 0040511694-1

I Prabhakar Singh S/o K K Singh R/o-10/114 khichripur delhi-91.have lost my mark-sheet/certificate class-10 (2013) rollno -8605694 class-12 (2015) Rollno-9607175 CBSE-Delhi. 0040511786-7

I, KAPIL S/O Krishan lal R/O WZ-1079H 1st floor Nangal-Raya, New Delhi-10.Have lost my original certificate class-12th year-2014 Roll No-9171939 CBSE, Delhi. 0040511786-9

I, MANSI Singh D/o Ramvir Singh R/o-B-309 St No-2 karawal-nagar prem nagar Delhi-94.have lost my original certificate class-10th year-2019 Rollno-8267293 CBSE Delhi. 0040511786-8

I, Mansi Kumari D/o Dilip Kumar R/o-B-Block, Gali No.20, Kamal-Vihar, Kamal-Pur, Burari, Delhi-110084.has lost my Original CBSE 10th-Class Certificate Roll No.8179540 Year-2017. 0040511702-9

I, JYOTI D/o Sampat Ram R/o-c-41 sec-16A pocket -3 Dwarka Delhi-78 have lost my original certificate class-10th year-2014 Rollno-8734401 CBSE-Delhi. 0040511786-6

नोटिस

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, अमजद अली, निवासी, केलानगर, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश अपने पुत्र मोहम्मद अमान अमजद को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ और मैं तथा मेरा परिवार उसके किसी भी कार्य के लिये जिमेदार नही होगा।

PUBLIC NOTICE

Know you all and one that we hereby intimate one and all that Ms. Shainali walia who was employed with Mother's Pride, Sonipat, Haryana and looking after the work of its subsidiary Presidum has no concern with either of it w.e.f. from 20th July, 19.
However it has come to notice that she is posing herself to be the zonal business head of Presidium School, Delhi on her facebook account and at other social media platforms.
We at Mother's pride and Presidium disowner all her nasty claims, acts and deeds as circulated by her in public media.

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I SUNITA w/o SUDHIR residing at Flat No. 102, Plot No. 200, Pana Udyan, Narela, North West Delhi, Delhi-110040 declare that name of mine, my husband and my minor son NIKHIL aged 13 years has been wrongly written as SUNITA SHARMA, SUDHIR SHARMA and NIKHIL SHARMA in their school records. The actual name of mine, my husband and my minor son are SUNITA, SUDHIR and NIKHIL respectively, which may be amended accordingly.

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री बशीर खान पुत्र नूर खान निवासी एफ-505 [illegible] कालोनी, जैतपुर एक्सटेंशन, पार्ट-2, नई दिल्ली ने अपने पुत्र [illegible] व उसकी पत्नी श्रीमती [illegible] से हमेशा के लिए विच्छेद कर लिया है। यदि कोई व्यक्ति मेरे मुवक्किल के पुत्र, पुत्रवधू व इनके बच्चों से भविष्य में किसी प्रकार का कोई लेन-देन या किसी प्रकार का कोई कारोबार करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा और मेरे मुवक्किल व उनके परिवार वाले किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे।

महमूद हुसैन (अधिवक्ता)
चै.न. 230, साकेत कोर्ट, दिल्ली-17

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री [illegible] पुत्र श्री [illegible] [illegible] निवासी-123 [illegible] [illegible] कोर्ट [illegible] निजामुद्दीन नई दिल्ली ने अपने पुत्र किशन [illegible] व उसकी पत्नी श्रीमती [illegible] से हमेशा के लिए अपनी जायदाद [illegible] अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा [illegible] रिश्ते – नाते विच्छेद कर लिये हैं। [illegible] पत्नी उसकी पत्नी श्रीमती [illegible] अलावा व तीनों बच्चों से मेरे मुवक्किल से अलग [illegible] के हैं। यदि कोई व्यक्ति मेरे मुवक्किल के पुत्र, पुत्रवधू व इनके बच्चों से भविष्य में किसी प्रकार का कोई लेन-देन या किसी प्रकार का कोई कारोबार करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा और मेरे मुवक्किल व उनके परिवार वाले किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे।

महमूद हुसैन (अधिवक्ता)
चै.न. 230, साकेत कोर्ट, दिल्ली-17

PUBLIC NOTICE

This is to inform to public at large that my clients Sh. Raj Kumar S/o Late Sh. Om Parkash and his wife Smt. Lata Gupta both R/o A-67, Priyadarshni Vihar, Delhi-110092, have severed all their relation and connection from their daughter Smt. Nisha Gupta W/o Sh. Subham Jain, who has married against their wishes, and my clients have also disowned and debarred her from inheriting all their movable and immovable properties. If any person deals with her then he will be doing so at her/his own risk, cost and consequences.

R.K. GUPTA (Advocate)
Ch. No. 379, Western Wing,
Tis Hazari Courts, Delhi

PUBLIC NOTICE

General public and all concerned are hereby inform that my client, Smt. Baby Rani W/o Shri Neena, R/o E-29, Shastri Nagar, Delhi-110052, has severed all her relations with her son namely Ravi, his wife Smt. Babli and their children, as they are disobedient and out of control of my client, therefore my client disown/debar them from all her movable and immovable properties acquire or to be acquired once for all due to her threats and illegal activities, being disobedient towards my client. My client also severe all her relations with them and my client will have no concern with them in any manner whatsoever nor will my client be responsible for their acts of omission and commission. Any person dealing with them shall be doing so entirely at their risks and costs.

Sd/-
TARUNA ARNEJA Advocate
Ch. No.96, Civil Wing,
Tis Hazari Courts, Delhi

PUBLIC NOTICE

My client Jag Rohni W/o Late Sh. Vijay Kumar, R/o H. No. D/157, Near Seelampur Police Station, Delhi-110053 severed all relation with her son Sagar has debarred him from all movable-immovable properties due to their misconduct. Anybody deals with him shall do at his own risk.

Sd/-
YOGESH SHARMA
(Advocate)
Ch. No. E-603, Karkardooma Courts, Delhi-110032

PUBLIC NOTICE

My client Rajesh Maggo S/o Sh. Jagen Nath R/o 41 A/2, Ashok Nagar, Tilak Nagar, New Delhi-110018, has severed all his relations and disowned both of his sons Vaibhav Maggon and his wife Kavita Maggon & Piyush Maggon and his wife Kanika, from all his moveable & immoveable properties & assets with immediate effect due to their misbehaviour and misconduct and will have no concern with them henceforth. Anybody dealing with them in any manner whatsoever shall be doing so at his/her own risk & costs & my client will not be responsible for the same.

VINAY KUMAR (Advocate)
4/178, T.F., Subhash Nagar, Delhi

Public Notice

It is for general information that I Deepti Agarwal D/o-Late Shri Aditya Prakash Gupta R/o-J-901, Pan Oasis,Sec-70,Noida,Gautam Budh Nagar-201301,U.P.hereby declare that before marriage I was known as Deepti Gupta as in my 10th and 12th Educational record. That after marriage I was known as Deepti Agarwal as mentioned in all other educational record,aadhaar card,pancard etc. That after Divorce I continue with Deepti Agarwal.
That both are one and same person. Now my Actual name is Deepti Agarwal.

PUBLIC NOTICE

This is to inform to the general public that my clients Sh. Gaya Ram S/o late Sh. Maiku Ram and clientess Smt. Kamla W/o Sh. Gaya Ram both R/o 5/36, Friends Enclave Sector-5, Sultanpuri Q Block, Delhi- 110086 had already severed all their relations & links with their sons namely Sh. Neeraj, his wife Smt. Priyanka, and their offspring baby Tanishka, baby Sanvi & master Tanush, and further with another son namely Sh. Amit Kumar, his wife Javitri, and their offspring baby Yashika & master Yash, and further with another son namely Sh. Sudhir Kumar, his wife Smt. Monika and had disowned and debarred all of them from all their movable and immovable properties. Anybody dealing with them will be doing so at his/her own risks and consequences and my clients shall not be liable for their acts and deeds.

SAIFUDDIN (Advocate)
Ch. No. C-78, C.L. Joseph Block,
Tis Hazari Courts, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, RAMESH KUMAR KATARYA S/O SH. T.R. KATARYA R/O FLAT NO.124-A, DDA SFS FLATS, GROUND FLOOR, PKT-A, SUKHDEV VIHAR, NEW DELHI the allottee in physical possession of Property bearing 124-A, DDA SFS FLATS, GROUND FLOOR, PKT-A, SUKHDEV VIHAR, NEW DELHI which is allotted by DDA vide File No. F 78 (367) 82/SV/LAB and has applied for conversion from lease hold into free hold of said flat from D.D.A. The original FINAL DEMAND LATTER, SITE POSSESSION SLIP, of said flat has been lost. An F.I.R. (LR no. 1487321/2019) to this effect has been lodged. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address/Phone No. 9910604620 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections said flat can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-I, D Block 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PUBLIC NOTICE

I, RATTAN LAL S/O LATE SH. JANKI DASS, MY WIFE NAVAL KANTA, R/O H. NO.A-247/F DEVLI EXTENSION NEW DELHI 80, WILL HAVE NO CONCERNED WITH MY ELDER SON NAMELY AMIT KUMAR AND HIS SECOND WIFE SUDHA AND THEIR SON NAMELY LAKSHAY (AGED ABOUT 2 MONTHS), IN FUTURE IN ANY MANNER. DUE TO THEIR HOSTILE BEHAVIOUR AND IMMORAL ACTIVITIES, WE HAVE DECIDED TO DISCONNECT ALL RELATIONS WITH THEM, HENCE NOW IN FUTURE WE WOULD NOT HAVE ANY RELATION/CONCERNED WITH ANY AFFAIRS AND DEALING OF AMIT AND HIS WIFE AND SON. THEY WOULD NOT HAVE ANY LEGAL RIGTHS OVER OUR PROPERTY (OUR HOUSE) IN PRESENT OR IN FUTURE AND PUBLIC PERSONS ARE INFORMED BY VIRTUE OF THIS PUBLIC NOTICE TO DO THEIR BUSINESS AT THEIR OWN RISK AND CONSEQUENCES. THIS PUBLIC NOTICE HAS BEEN ISSUED BY ME (LK VERMA ADVOCATE) ON BEHALF OF MY CLIENT RATTAN LAL AND HIS WIFE NAVAL KANTA AND FAMILY IN THE INTEREST OF PUBLIC AT LARGE. AMIT KUMAR AND HIS FAMILY IS THE SOLE RESSPONSIBLE FOR HIR ALL DOINGS AND HE IS NOT PERMITTED TO ENTER IN OUR HOUSE AND BUILDING STATED ABOVE. WE HAVE ALREADY HANDED OVER ALL THEIR BELONGINS TO THEM AND NOTHING IS LYING WITH US.
COPY OF THIS NOTICE ALSO SENT TO SHO. SANGAM VIHAR.

Sd/-
L.K. VERMA
ADVOCATE

सेना के आधुनिकीकरण के लिए 130 अरब डॉलर की योजना

नई दिल्ली, 9 सितंबर (भाषा)।

जटिल सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहे देश में सरकार ने सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमताओं को मजबूती देने के लिए अगले पांच-सात सालों में 130 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करने की व्यापक योजना तैयार की है। एक आधिकारिक दस्तावेज में यह जानकारी दी गई।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सरकार ने थल सेना, नौसेना और वायुसेना के आधुनिकीकरण को तेजी देने के लिए व्यापक योजना पर फैसला किया है जिसके तहत अगले कुछ सालों में जरूरी हथियारों, मिसाइलों, युद्धक विमानों, पनडुब्बियों और युद्धपोतों को अगले कुछ सालों में हासिल किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सेना की तात्कालिक प्राथमिकता में पैदल सेना का आधुनिकीकरण है, जिसके तहत भारतीय सेना में पैदल सेना के लिए 2600 युद्धक वाहनों के साथ ही भविष्य में 1700 तैयार युद्धक वाहनों की खरीद शामिल है। एक अन्य प्रमुख प्राथमिकता वायुसेना के लिए 110 बहुउद्देशीय युद्धक विमानों की खरीद है।

आधिकारिक दस्तावेज में कहा गया, 'सरकार अगले 5-7 सालों में सभी सशस्त्र बलों में बेड़े के आधुनिकीकरण पर 130 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करेगी।' सशस्त्र बल पर्याप्त कोष मुहैया कराने के लिए दबाव बना रहे हैं जिससे उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर 'दो मोर्चों' पर युद्ध की स्थिति में वे इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।

हमारे आंतरिक मामले में पाकिस्तान को बोलने का कोई हक नहीं : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

कांग्रेस ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को कहा कि पड़ोसी देश को हमारे आंतरिक मामलों में बोलने का कोई हक नहीं है। पार्टी ने दो टूक कहा कि भारत में जो कुछ होता है, वह हमारा आंतरिक मामला है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के मुख्य प्रावधान खत्म किए जाने को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में मुद्दा बनाने के पाकिस्तान के प्रयास को लेकर इस्लामाबाद पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने कहा कि गिलगित-बल्तिस्तान का दर्जा बदलने और आतंकी मसूद अजहर को छोड़ने वाले देश को जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भारत पर अंगुली उठाने का कोई अधिकार नहीं है।

पार्टी के वर

मौसम

तापमान **नई दिल्ली**

अधिकतम–38.2 डि.से. सूर्योदय– 6:03

न्यूनतम– 27.5 डि.से. सूर्यास्त– 18:34

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव

छात्र संगठनों ने प्रचार में झोंकी ताकत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए सोमवार को सभी छात्र संगठनों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। दक्षिण और उत्तरी परिसर के कॉलेजों की कैंटीन और कक्षाओं में सभी उम्मीदवारों ने प्रचार किया और अपने व संगठन के लिए वोट मांगे।

एबीवीपी की ओर से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अक्षित दहिया और सह सचिव पद की उम्मीदवार शिवांगी खरवाल ने डीयू दक्षिण परिसर के अंतर्गत आने वाले कॉलेजों में तथा उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रदीप तंवर तथा सचिव पद के उम्मीदवार योगित राठी ने उत्तरी परिसर के कॉलेजों में जोरदार चुनाव प्रचार किया। वहीं, एनएसयूआइ की ओर से भी अध्यक्ष पद की उम्मीदवार चेतना त्यागी ने देशबंधु कॉलेज, दयाल सिंह कॉलेज और पीजीडीएवी कॉलेज में विद्यार्थियों के बीच प्रचार किया। वहीं, उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार ने सीवीएस में प्रचार किया।

डूसू के केंद्रीय पैनल में कुल 16 उम्मीदवार मैदान में हैं। अध्यक्ष पद के लिए कुल चार उम्मीदवार हैं, जिनमें से एक छात्र और तीन छात्राएं हैं। अध्यक्ष पद के लिए एबीवीपी के अक्षित दहिया, एनएसयूआइ की चेतना त्यागी, आइसा की दामिनी कैन और ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट यूनियन (एआइडीएसओ) की रोशनी चुनाव लड़ रही हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए कुल पांच उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें उपाध्यक्ष पद पर एबीवीपी के प्रदीप तंवर, एनएसयूआइ के अंकित भारती, आइसा के आफताब आलम, इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन (इनसो) के दीपीन और निर्दलीय उम्मीदवार एलेन पॉल वर्गीज चुनाव लड़ रहे हैं।

अध्यक्ष पद के लिए एनएसयूआइ उम्मीदवार चेतना त्यागी अपनी बात रखती हुई।

उपाध्यक्ष पद के लिए एबीपीवी उम्मीदवार प्रदीप तंवर प्रचार करते हुए

सचिव पद पर एबीवीपी के योगित राठी, एनएसयूआइ के आशीष लांबा और आइसा के विकास कुमार चुनाव मैदान में हैं। सह सचिव पद पर एबीवीपी की शिवांगी खरवाल, एनएसयूआइ के अभिषेक चपराणा, आइसा की चेतना और निर्दलीय प्रत्याशी हरिष मलिक चुनाव लड़ रहे हैं।

इन सभी प्रत्याशियों ने सोमवार को जमकर कॉलेजों में प्रचार किया और अपने समर्थकों एवं कार्यकताओं के साथ ताकत झोंकी।

आज छात्रावासों में होगा प्रचार

मुहर्रम की छुट्टी के चलते मंगलवार को कॉलेज बंद रहेंगे। इस वजह से मंगलवार को उम्मीदवार कॉलेजों में प्रचार नहीं कर पाएंगे। इसको देखते हुए सभी छात्र संगठनों ने छात्रावासों में जाकर चुनाव प्रचार करने की रणनीति बनाई है। मंगलवार को डूसू चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है। 11 सितंबर के दिन सुबह 11 बजे तक ही शांतिपूर्वक ढंग से प्रचार कर सकते हैं। 11 सितंबर को 11 बजे के बाद प्रत्याशी प्रचार नहीं कर सकते हैं। 12 सितंबर को मतदान होगा। सुबह के कॉलेजों में सुबह के कॉलेजों में सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर एक बजे और शाम के कॉलेजों में दोपहर तीन बजे से रात साढ़े सात बजे तक छात्र मतदान कर सकते हैं। वहीं 13 सितंबर के दिन किंग्सवे कैंप पुलिस लाइन के सामुदायिक हॉल में सुबह साढ़े 8 बजे से मतगणना शुरू हो होगी।

एनएसयूआइ उम्मीदवार अंकित को पीटने का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

एनएसयूआइ ने सोमवार को आरोप लगाया कि डूसू चुनाव में उतरे उसके उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार अंकित भारती पर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जानलेवा हमला किया। दक्षिण दिल्ली स्थित कॉलेज ऑफ वोकेशन स्टडीज (सीवीएस) में हुए हमले में अंकित को चोट भी लगी हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस संबंध में एनएसयूआइ की ओर से मालवीय नगर पुलिस थाने में शिकायत दी गई है। हालांकि एबीवीपी की ओर से इन आरोपों का खंडन किया गया है।

एनएसयूआइ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नीरज मिश्रा के मुताबिक अंकित भारती सोमवार को सीवीएस में प्रचार के लिए गए थे, जहां एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और उन्हें डंडों से पीटा। इससे उनके सिर में चोट आई है। उनको उपचार के लिए आरएमएल अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उनका उपचार चल रहा है।

एनएसयूआइ राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन का कहना है कि अंकित भारती पर हुआ हमला बेहद ही घटिया मानसिकता का प्रदर्शन है। यह एबीवीपी की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। अंकित दलित समुदाय से संबंध रखते हैं, इसलिए एबीवीपी वाले नहीं चाहते की कोई दलित छात्र डूसू चुनाव लड़े।

इस हमले से एबीवीपी का कुछ लेना देना नहीं : चौधरी

एबीवीपी की राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मोनिका चौधरी ने बताया कि सीवीएस में एनएसयूआइ की ओर से सचिव पद के उम्मीदवार आशीष लांबा और उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी अंकित भारती के समर्थकों के बीच आपस में झड़प हुई, जिसमें उनके समर्थकों को चोट लगी है। इस घटना से विद्यार्थी परिषद का कोई लेना देना नहीं है। यह एबीवीपी की लोकप्रियता से घबराकर एनएसयूआइ की ओर बदनाम करने की कोशिश है। एनएसयूआइ में आपसी फूट एक बार फिर से बाहर निकल कर आ गई है। एनएसयूआइ की ओर से एबीवीपी पर लगाए गए झूठे आरोप के खिलाफ मानहानि का मामला दायर करेगी।

वहीं, एबीवीपी के दिल्ली प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव की ओर से मालवीय नगर थाने में एनएसयूआइ के उम्मीदवारों के बीच हुए झगड़े की शिकायत दर्ज कराई गई है। सिद्धार्थ का कहना है कि इस मामले में एनएसयूआइ की ओर से हमारे उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रदीप तंवर को झूठे आरोपों में फंसाने की कोशिश की जा रही है। प्रदीप तंवर ने बताया कि सोमवार को वह उत्तरी परिसर में प्रचार कर रहे थे। वह सीवीएस में गए ही नहीं हैं। इस बात की पुष्टि सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग से की जा सकती है।

विधानसभा अनुसंधान केंद्र का गठन राजनीतिक हित के लिए : गुप्ता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने विधानसभा के चुनावों से पहले अपने राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सरकारी पैसे का दुरुपयोग करते हुए दिल्ली विधानसभा अनुसंधान केंद्र को गठित किया है। पार्टी का उद्देश्य किसी भी कीमत पर और किसी भी तरीके से पुनः सत्ता में आना है। उन्होंने कहा कि इस अनुसंधान केन्द्र में फैलो तथा एसोसिएट फैलों की मिलाकर 125 नियुक्तियां की गई हैं। दिखाने के लिए कहा गया है कि केंद्र का स्टाफ अनुसंधान तथा विकास के मुद्दों पर काम करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का असली उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनावों में इनको अपने राजनीतिक एजंडा आगे बढ़ाने में प्रयोग करना है।

उन्होंने कहा कि सरकार के पास अपने कई प्रमुख विभाग हैं, जो सरकार को अनुसंधान विकास में मदद करते हैं। इनमें प्रमुख हैं योजना विभाग, आर्थिक तथा सांख्यिकी निदेशालय तथा प्रशासनिक सुधार विभाग। इनके पास अपना पूरा स्टाफ है। ये विभाग वे ही काम करते हैं, जो काम अनुसंधान केंद्रों से अपेक्षित है। अतः अनुसंधान केंद्रों पर किया जाने वाला व्यय व्यर्थ होगा।

गुप्ता ने पूछा कि जब सरकार का कार्यकाल पूरा होने में मात्र चार महीने बचे हैं, तब सरकार ने विधानसभा अनुसंधान केंद्र क्यों बनाया। इससे स्पष्ट है कि सरकार की नीयत साफ नहीं है।

गांधी आश्रम मार्ग का नाम बदलने पर कांग्रेस की आपत्ति

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

दिल्ली कांग्रेस ने उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर–एक नरेला में गांधी आश्रम मार्ग का नाम बदलने पर कड़ा एतराज जताया है। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने दिल्ली के उपराज्यपाल और उत्तरी दिल्ली नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर नरेला के वार्ड नंबर एक में गांधी आश्रम मार्ग को भाजपा समर्थक के पिता के नाम पर रखे गए मार्ग को वापस गांधी आश्रम मार्ग करने की मांग की।

लिलोठिया ने आलोचना की कि गांधी आश्रम मार्ग का नाम बदलकर भाजपा समर्थक के पिता के नाम पर रखने के कार्य में आरएसएस का एजंडा छिपा है, जो कि बेहद आपत्तिजनक है।

जेएनयू प्रशासन ने चुनाव समिति की बैठक बुलाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

जेएनयू ने हालिया छात्र संघ के चुनाव में लिंगदाहे समिति के दिशानिर्देशों के कथित उल्लंघन के मामले पर चर्चा करने के लिए चुनाव समिति को पत्र लिखा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोमवार को चुनाव समिति के सदस्यों को ईमेल किया और बैठक के लिए 11 सितंबर को अपने कार्यालय में बुलाया। हालांकि मेल में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह बैठक क्यों बुलाई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि प्रशासन का कहना है कि मत पत्रों की गिनती के दौरान रुझान जारी करके चुनाव समिति ने दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा अंतिम परिणाम नहीं बताए जाने के आदेश का उल्लंघन किया है।

चुनाव समिति ने मतगणना पूरी होने के बाद नतीजे बंद लिफाफे में विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंप दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शशांक पटेल के अनुसार, रविवार देर रात केंद्रीय पैनल के सभी उम्मीदवारों और काउंसलर उम्मीदवारों को मिले मतों की गणना से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई। हाई कोर्ट के 6 सितंबर के फैसले के तहत मतगणना के अंतिम नतीजों की घोषणा नहीं की गई है।

नारे लगाने वालों का समर्थन तो नहीं कर रही दिल्ली सरकार : लेखी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी ने सोमवार को मांग की कि दिल्ली सरकार को जेएनयू राजद्रोह मामले में अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए कि क्या उनकी सरकार 'भारत के टुकड़े करने वाले लोगों का समर्थन' करती है। कुछ दिन पहले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि 2016 के जेएनयू राजद्रोह मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर उनकी सरकार ने अब तक फैसला नहीं किया है। उनके मुताबिक 'विवादित नारा लगाने वालों के साथ' केजरीवाल सरकार का तालमेल है।

श्री अरविंदो कॉलेज ने शुरू किया ऑडिट पर पाठ्यक्रम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के श्री अरविंदो कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने थिंकिंग ब्रिज नामक संस्थान के सहयोग से विद्यार्थियों को बाजार में ऑडिट के संबंध में व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए 'एक्सपीरियंसल ऑडिट लर्निंग' पाठ्यक्रम शुरू किया है।

इसके पहले भी कॉलेज इस तरह के ऐड ऑन पाठ्यक्रम चलाता रहा है, लेकिन इस विशेष पाठ्यक्रम के तहत बाजार से जुड़े विषय विशेषज्ञों ने स्वयं कक्षाएं लेकर विद्यार्थियों को बाजार के अनुभवों से अवगत कराया जाएगा। यही नहीं, इसके तहत बाजार की चार बड़ी ऑडिट कंपनियों के साथ जुड़कर विद्यार्थी अपना करिअर बना सकते हैं।

'दिल्ली के सरकारी स्कूलों के परिवार में आज हमने एक नई संपत्ति जोड़ी'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

दिल्ली सरकार की ओर से एक नए सरकारी स्कूल का सोमवार को द्वारका सेक्टर–3 में उद्घाटन किया गया। दिल्ली के उप–मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने इस मौके पर कहा कि 'दिल्ली के सरकारी स्कूलों के परिवार में आज हमने एक नई संपत्ति जोड़ी है। द्वारका सेक्टर–3 में नया सरकारी स्कूल शुरू किया। एक और अत्याधुनिक सुविधाओं वाले परिसर का उद्घाटन किया जो हजारों छात्रों को प्रोफेशनल बनाएगा ताकि वे अपने सपने जी सकें और देश के लिए कुछ कर सकें। बच्चों को खासतौर पर बधाई क्योंकि उनको नया स्कूल भवन मिल गया है'। इस मौके पर उन्होंने बच्चों से बातचीत भी की।

उप मुख्यमंत्री ने बच्चों से पूछा कि इस शानदार नए स्कूल भवन में क्या खास है, आप लोगों को कैसा लग रहा है। यहां के छात्रों ने शिक्षा मंत्री को धन्यवाद दिया। इस पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि 'केवल धन्यवाद से काम नहीं चलेगा। मुझे आपके स्कूल से अच्छे डॉक्टर, अच्छे इंजीनियर, अच्छे वैज्ञानिक, अच्छे पत्रकार, अच्छे वकील चाहिए। अब आप लोग बताइये कि ये मुझे मिलेगा या नहीं'। इस पर बच्चों ने कहा कि हम सब आपकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। मनीष सिसोदिया ने यह भी कहा कि आपको अच्छा भवन मिल गया। अच्छा माहौल मिल गया। अच्छी सुविधाएं मिल गईं। अब आप देश को वो दीजिए जो देश को जरूरत है। देश को अच्छे नागरिक की जरूरत है। मुझे पूरा भरोसा है कि यहां से देश के लिए अच्छे नागरिक निकलेंगे।

आम आदमी पार्टी महिला विरोधी है : सहरावत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

भाजपा दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में नेता सदन कमलजीत सहरावत ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की जनसंवाद यात्रा के दौरान श्रम मंत्री गोपाल राय की उपस्थिति में 'आप' विधायक ऋतुराज ने पूनम पाराशर झा पर अभद्र टिप्पणी की, लेकिन इस मामले पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी तक चुप हैं, इससे साफ जाहिर होता है कि उनकी पूरी पार्टी महिला विरोधी है। इस मौके पर दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम पाराशर झा और भाजपा नेता रिचा पांडेय मिश्रा भी मौजूद थीं। कमलजीत सहरावत ने कहा कि 'आप' विधायक ने जिस तरह से अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष के लिए किए हैं, उसको दोहराया नहीं जा सकता।

कांग्रेस और 'आप' के अल्पसंख्यक नेता भाजपा में शामिल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में सोमवार को बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। इन सभी को दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सांसद मनोज तिवारी ने सदस्यता दिलवाई। इस दौरान बाबरपुर विधानसभा के कांग्रेसी नेता मोहम्मद परवेज आलम, मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद सुशील, मोहम्मद कयूम, मोहम्मद मुशीर आलम, मोहम्मद अकील और आम आदमी पार्टी के बाबरपुर से मुस्लिम नेता मोहम्मद इस्लाम ठेकेदार, मोहम्मद फुरकान कुरैशी सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने खुद स्वीकार कर लिया है कि उनका कार्यकाल अब मात्र 10 हफ्ते शेष है, जिसके कारण वे जनता को अधिक से अधिक प्रताड़ित करने का प्रयास कर रहे हैं। बीते 55 महीनों तक केजरीवाल केंद्र सरकार के ऊपर काम न करने देने का लगातार आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन दो महीने में ऐसा क्या हो गया है कि अब काम करने की सभी वाधायें दूर हो गई है। सच्चाई यह है कि अरविंद केजरीवाल ने साढ़े चार साल तक दिल्ली के विकास के लिए कोई काम नहीं किया।

तिवारी ने कहा कि दो दिन पूर्व ही ईसाई धर्म से पादरियों का समूह भाजपा परिवार में सम्मिलित हुआ जो इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार सभी का विश्वास लगातार जीत रही है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग हमसें कहते है कि हम से केजरीवाल सरकार ने कहा था कि जहां झुग्गी वहां पक्का मकान हम सभी को मिलेगा, लेकिन साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल बीत जाने के बाद भी केजरीवाल ने अपना किया कोई भी चुनावी वादा पूरा नहीं किया।

'सभी को एक समान इलाज और शिक्षा देना मकसद'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार का मकसद राजधानी में प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य व शिक्षा सेवाएं उपलब्ध कराना है। दिल्ली की जनता ने एक ईमानदार सरकार चुनी और उसी का यह परिणाम है कि शिक्षा व चिकित्सा सहित तमाम क्षेत्रों में बेहतरीन काम हुआ है।

राजधानी के मोती नगर में सोमवार को दिल्ली सरकार के आचार्य भिक्षु अस्पताल में नए अस्पताल ब्लॉक की आधारशिला रखने के अवसर पर मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि अस्पताल का विस्तार होने से 270 बिस्तरों वाला नया ब्लॉक यहां तैयार किया जाएगा जिससे इस अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 150 से 420 हो जाएगी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मोती नगर में आचार्य भिक्षु हॉस्पिटल में नए ब्लॉक की आधारशिला रखी।

लोक निर्माण विभाग और अस्पताल कर्मचारियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग अगले 15 महीने में इस ब्लॉक का निर्माण कार्य पूरा कर लेगा। नए ब्लॉक में वह सारी सुविधाएं होंगी जो बड़े–बड़े प्राइवेट अस्पतालों के अंदर मिलती हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद है कि दिल्ली के हर व्यक्ति को समान शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधा मिले चाहे वह अमीर हो या गरीब हो। इसके लिए दिल्ली सरकार लगातार काम कर रही है।

केजरीवाल ने कहा कि पहले कोई भी व्यक्ति सरकारी स्कूल में अपने बच्चों को नहीं पढ़ाना चाहता था और सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए जाने में लोग घबराते थे। इसी इलाके के कई लोगों ने मुझे बताया कि पांच साल पहले इस आचार्य भिक्षु अस्पताल की स्थिति भी बेहद खराब थी। अब दिल्ली सरकार ने अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य स्टाफ के सहयोग से यहां की कायापलट कर दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वही लोग हैं, वही डॉक्टर हैं, वही नर्सें हैं, वही अध्यापक हैं, वही प्रधानाचार्य हैं। अगर कुछ बदला है तो सिर्फ राजनीति बदली है। इस बार दिल्ली की जनता ने एक ईमानदार सरकार चुनी और हमने अध्यापकों और डॉक्टरों को काम करने की आजादी दी। समय पर सभी की तनख्वाह और सहयोग दिया। इस मौके पर सत्येंद्र जैन ने कहा कि इस जब यह आचार्य भिक्षु अस्पताल भी बड़ा अस्पताल बन जाएगा तो मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

ई–नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8 व 9 के अधिनियम, 2002 के तहत ई–नीलामी विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल/अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों का तथा विशेष रूप से ऋणी(ओं)/गारन्टर(ओं) उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल/अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **सांकेतिक/भौतिक (विवरण नीचे उल्लिखित) कब्जा** प्रतिभूति लेनदार के **प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक** द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **पंजाब नैशनल बैंक नीचे उल्लिखित ऋणी** ऋणी(ओं)/गारन्टर(ओं) की बकाया राशि की वसूली हेतु **दिनांक 18/10/2019** को बेची जायेगी।

प्रत्येक संपत्ति का रिजर्व मूल्य एवं अर्नेस्ट मनी विवरण नीचे उल्लिखित है, तथा संपत्तियों का ज्ञात प्रभार का संक्षिप्त विवरण, यदि को हो, के रूप में नीचे उल्लेख किया गया है।
नीलामी प्रक्रिया को किसी भी स्थिति में बिना कारण बताये निरस्त/निलम्बित करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा। उपयुक्त मामलों में बैंक खुद सम्पत्ति खरीदने हेतु बोली लगाने को स्वतंत्र हैं।

क्रं. सं.	ऋणी एवं शाखा का नाम	मांग नोटिस की तिथि एवं बकाया राशि का विवरण	बंधक सम्पत्तियों का विवरण	कब्जे का प्रकार (भौतिक/सांकेतिक)	रिजर्व मूल्य / अर्नेस्ट मनी (EMD) / न्यूनतम बोली की वृद्धि	ईएमडी जमा के अंतिम तिथि	खाते का विवरण जिसमें ईएमडी आरटीजीएस/एनईएफटी जमा की जायेगी एवं आईएफएससी कोड	ई–नीलामी की तिथि एवं समय
1.	**शाखा : पीपीसीएल, राजपुर रोड, देहरादून** **ऋणी/बंधककर्ता:** मैसर्स सत्य कम्प्यूटर, प्रोपराइटर श्री अनिल सिंह पुंडीर पुत्र श्री रणवीर सिंह पुंडीर निवासी: एलजीएफ, 28, राज प्लाजा राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखण्ड एवं सुधा पुंडीर पत्नि श्री अनिल सिंह पुंडीर (गारन्टर/ऋणी) निवासी 202, दुग्गल हाउसिंग काम्प्लेक्स खानपुर साकेत नई दिल्ली	15.06.2019 रु0 **53,52,119/-** + ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 01.04.2019 से	**सम्पत्ति नं0 1:** व्यावसायिक दुकान का भाग नगर निगम नं0 414 (पुराना नं0 75ए), स्थित बेसमेंट राज प्लाजा काम्प्लेक्स, राजपुर रोड, माप क्षेत्रफल 22.30 वर्ग मीटर। सीमायें: उत्तर: डेड वॉल साइड माप 10 फीट, दक्षिण: सामान्य रास्ता साइड माप 10 फीट, पूर्व: खरीदार की दुकान साइड माप 24 फीट, पश्चिम: विक्रेता की सम्पत्ति, साइड माप 24 फीट।	सांकेतिक	रू0 32.00/– लाख रू0 3.20/– लाख रू0 0.50 लाख	**16.10.2019** सायं 05:00 बजे तक	**पंजाब नैशनल बैंक खाता सख्या** 6018003171160 **(आईएफएससी कोड:** PUNB0601800)	**18.10.2019** प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक
			सम्पत्ति नं0 2: बंधक सम्पत्ति के सभी भाग व सम्पत्ति, गोडाउन नं0 28 ए, स्थित नगर निगम नं0 75 ए, राजपुर रोड देहरादून लोकप्रिय रूप से राज काम्प्लेक्स के रूप में जाना जाता है कुल क्षेत्रफल 240 वर्ग फीट एवं 22.30 वर्ग मीटर, पूरी तरह से कवर किया हुआ। सीमायें: उत्तर: डेड वॉल, साइड माप 10 फीट, दक्षिण: सामान्य रास्ता, साइड माप 10 फीट, पूर्व: अन्य व्यक्ति की सम्पत्ति, साइड माप 24 फीट, पश्चिम: अन्य व्यक्ति की सम्पत्ति, साइड माप 24 फीट		रू0 32.00/– लाख रू0 3.20/– लाख रू0 0.50 लाख	**16.10.2019** सायं 05:00 बजे तक	**पंजाब नैशनल बैंक खाता सख्या** 6018003171160 **(आईएफएससी कोड:** PUNB0601800)	**18.10.2019** दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक
2.	**शाखा : न्यू टिहरी** **ऋणी/बंधककर्ता:** श्री विनय भूषण पुत्र श्री देवी लाल शाह एवं श्रीमती संगीता भूषण शाह पत्नी श्री विनय भूषण शाह, निवासीगण 5/8, किशनपुर कैनल रोड, जखान देहरादून। **गारन्टर:** 1. श्री शिव लाल शाह पुत्र श्री श्याम लाल, निवासी: मकान नं0 6/1 J-ब्लॉक, टाईप-III, न्यू टिहरी 2. श्री मिठ्ठन लाल शाह पुत्र श्री गुवरू शाह (गारन्टर), मकान नं0 142, सेक्टर-7ए, बौराड़ी, न्यू टिहरी एवं श्रीमती हेमा देवी पत्नी श्री बृजेश कुमार शाह, निवासी सेक्टर-8-ए/बी 257, बौराड़ी, न्यू टिहरी, उत्तराखंड	29.05.2019 रु0 **25,66,355.50/-** + ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 01.04.2019 से	बंधक सम्पत्ति नं0 5/8, कैनल रोड जखान, क्षेत्रफल माप 95.31 वर्ग मीटर कवर्ड क्षेत्रफल भूतल पर 530.02 वर्ग मीटर एवं कवर्ड क्षेत्रफल प्रथम तल 44.72 वर्ग मीटर, कुल कवर्ड क्षेत्रफल 97.74 वर्ग मीटर, स्थित खसरा नं0 657, मौजा जखान परगना सेन्ट्रल दून, देहरादून। सीमायें:-उत्तर: 20 फीट चौड़ा रोड, साइड माप 27 फीट, दक्षिण: रेजदा की भूमि, साइड माप 27 फीट, पूर्व: अन्य की भूमि, साइड माप 39 फीट, पश्चिम: अन्य की भूमि, साइड माप 37 फीट	सांकेतिक	रू0 36.50/– लाख रू0 3.65/– लाख रू0 1.00 लाख	**16.10.2019** सायं 05:00 बजे तक	**पंजाब नैशनल बैंक खाता सख्या** 3302003171160 **(आईएफएससी कोड:** PUNB0330200)	**18.10.2019** दोपहर 01:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक

ऋणी(ओं) एवं गारंटर(ओं) प्रत्याभूति–दाता को सूचित किया जाता है कि सरफेसी एक्ट 2002 के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8(6) के अन्तर्गत 30 दिन का वैधानिक बिक्री नोटिस माना जायें।

ई–नीलामी के लिये नियम व शर्तें : विस्तृत नियम व शर्तों की जानकारी के लिये आप वेब साईट **www.pnbindia.biz, www.pnbindia.in, www.tenders.gov.in** पर लॉगिन कर सकते है या नियम व शर्तों की प्रतिलिपि हमारे कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस पर प्राप्त कर सकते हैं।

ऋणियों/गारंटी दाताओं को सूचना दी जाती है कि डिमांड नोटिस के अनुसार समस्त राशि (ब्याज एवं अन्य खर्चा सहित) नीलामी की तारीख से पहले जमा कर दें। ऐसा न करने पर सम्पत्ति की नीलामी कर दी जायेगी और बची हुई राशि, यदि कोई है, ब्याज एवं खर्चो सहित वसूल की जायेगी।

दिनांक–09.09.2019 स्थान – देहरादून प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	36.4 डि.से.	36.4 डि.से.	35.4 डि.से.	36.0 डि.से.
न्यूनतम	28.3 डि.से.	28.3 डि.से.	26.1 डि.से.	28.6 डि.से.

लर्निंग लाइसेंस लेकर अकेले वाहन चलाया तो 500 का जुर्माना

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 9 सितंबर।

- ऐसे चालकों के साथ पूर्व प्रशिक्षित चालक की मौजूदगी है जरूरी

नए नियम के मुताबिक, लर्निंग लाइसेंस पाकर बेधड़क वाहन दौड़ाने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग और पुलिस की तरफ से कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक लर्निंग लाइसेंस पर वाहन अकेले नहीं चला सकते। लर्निंग लाइसेंस के साथ अकेले वाहन चलाने वालों का चालान काटा जाएगा। जरूरत पड़ने पर लाइसेंस का आवेदन भी रद्द कर दिया जाएगा।

एआरटीओ प्रवर्तन हिमेश तिवारी के मुताबिक लर्निंग लाइसेंस धारक अकेले वाहन चला नहीं सकता है। नए नियम के तहत ऐसे चालकों के साथ एक पूर्व प्रशिक्षित चालक मौजूद रहना चाहिए। प्रशिक्षु चालक को यातायात नियमों के अलावा सड़क पर वाहन चलाने का ज्ञान नहीं होता है। उसके साथ मौजूद रहने वाले प्रशिक्षित चालक उसे तौर-तरीके बताकर सावधान करता रहता है। चार पहिया वाहनों पर आगे और पीछे लाल रंग से अंग्रेजी का 'एल' शब्द एक मीटर की लंबाई में लिखा जाना चाहिए। वहीं दोपहिया वाहनों पर आगे- पीछे की लिखावट कम से कम छह इंच होनी चाहिए। इस नियम का पालन न करने पर 100 से 500 रुपए तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। गलती सामने आने पर लर्निंग लाइसेंस को रद्द भी किया जा सकता है।

कुली यूनियन ने गृह मंत्री को लिखा पत्र

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

कश्मीरी गेट अंतरराज्जीय बस अड्डा पर कार्यरत कुलियों ने केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखकर मांग कि है कि अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों को बिना स्कैनिंग के बस अड्डा के अंदर आने की अनुमति न दी जाए। सुरक्षा के लिहाज से यह बड़ी चूक हो सकती है।

आइएसबीटी पोरटर यूनियन दिल्ली से जुड़े छाजू राम ने पत्र के माध्यम से कहा कि बस अड्डा प्रशासन की मिलीभगत से कई वाहनों की स्कैनिंग नहीं होती। उन्होंने पत्र में लिखा है कि इस संबंध में दिल्ली परिवहन विभाग और बस अड्डा प्रशासन को सचेत कर चुके हैं, लेकिन इस दिशा की ओर कोई पहल नहीं की जा रही है।

नोएडा क्रिकेट स्टेडियम घोटाला

सेवानिवृत्त नौ अधिकारियों की फाइल सीबीआइ ने मांगी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 9 सितंबर।

- सीबीआइ प्राधिकरण के इन अधिकारियों व कर्मचारियों की गिरफ्तारी भी कर सकती है
- क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण में मंजूर बजट से तीन गुना अधिक रकम खर्च करने का मामला

सेक्टर- 21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण में अनियमितता बरतने वाले नौ अधिकारियों की फाइल प्राधिकरण ने भी खोल दी है। प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की अलग-अलग फाइल तैयार की जा रही है, जिसमें उनका पूरा ब्योरा है। बताया गया है कि सीबीआइ की तरफ से यह ब्योरा मांगा गया है। फाइल तैयार होने के बाद सीबीआइ को सौंपी जाएगी।

माना जा रहा है कि सीबीआइ प्राधिकरण के इन अधिकारियों व कर्मचारियों की गिरफ्तारी भी कर सकती है। नोएडा क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण में मंजूर बजट से तीन गुना अधिक रकम खर्च कर दी गई है। करीब 100 करोड़ रुपए का काम अभी भी होना बाकी है। मामले में संलिप्त पाए गए सभी नौ अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

2010-11 में सेक्टर- 21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में क्रिकेट स्टेडियम पवेलियन आदि बनाने के लिए प्राधिकरण ने 58 करोड़ रुपए की निविदा जारी की थी। जबकि इसके निर्माण में 200 करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए। 2015 में जब सीबीआइ ने यादव सिंह के खिलाफ भूमिगत केबल घोटाले की जांच शुरू की, तभी नोएडा स्टेडियम मामले की एफआइआर को इसके साथ जोड़ दिया गया। क्रिकेट स्टेडियम की प्रारंभिक जांच में निविदा जारी करने में भारी अनियमितताएं मिलीं। बताया गया है कि सीबीआइ ने अपने पत्र में सभी के पदनाम स्पष्ट किए हैं। इन अधिकारियों से जुड़े कार्यों की जानकारी सीबीआइ ने मांगी है। सेवानिवृत्त हो चुके इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की फाइल अफसर तैयार कर रहे हैं। जिसमें प्राधिकरण में तैनाती के दौरान दिए गए दस्तावेज, कार्यकाल में हुए विकासीय कार्य, आबंटित निविदाएं आदि का पूरा लेखा-जोखा तैयार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सीबीआइ की जांच में 80 लाख रुपए का हेरफेर पाया गया।

खबरों में शहर

'विश्व की 30 फीसद नेत्रहीन आबादी भारत में'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक विश्व की लगभग 30 फीसद नेत्रहीन आबादी भारत में है। इन आंकड़ों के अनुसार भारत में कुल 1 करोड़ 20 लाख लोग नेत्रहीन हैं। हर साल 20 लाख नए मामलों के साथ यह समस्या न केवल लोगों के जीवन को खराब कर रही है बल्कि देश के विकास को भी प्रभावित कर रही है। केवल नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने से ही इस समस्या में कमी लाई जा सकती है। यह बातें इंट्राऑक्यूलर इंप्लांट एंड रिफ्रैक्टिव सोसाइटी (आइआइआरएसआइ)के वैज्ञानिक समिति अध्यक्ष डॉ महिपाल सचदेव ने दो दिवसीय सालाना सम्मेलन में कहीं।

हिमाचल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

उत्तरांचल उत्थान परिषद और प्रवासी पंचायत दिल्ली प्रदेश की ओर से हिमालय दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी श्रीकृष्ण सेवा संस्थान के सभागार में सम्पन्न हुई। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ नवदीप जोशी ने कहा कि हिमालय के दोहन से भारत के साथ विश्व में जलवायु परिवर्तन के कारण अनेक आपदाएं आ रही हैं। बताया गया कि उत्तरांचल उत्थान परिषद उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा के लिए ग्रामोत्सव, सुरक्षा के लिए गांव बसाना, पर्यावरण के लिए हरेला पर्व एवं जल संरक्षण के कार्यक्रम चला रहा है। डॉ अर्चना सुयाल उत्तराखंड की परंपरा के लिए 'एक शाम गांव के नाम' कार्यक्रम के द्वारा जनजागरण कर रही हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष देवेन्द्र जोशी ने उत्तरांचल उत्थान परिषद के संस्थापक डॉ नित्यानंद के उत्तराखंड प्रेम और विद्यार्थियों की शिक्षा कार्यों का उल्लेख किया। श्वेता रावत का फलोरिडा अमेरिका में शिक्षिका के रूप चयन होने पर उनका सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि निगम पार्षद कोस्तुबानंद बलौदी रहे ।

'दिल्ली का विकास नहीं चाहते केजरीवाल'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

दक्षिणी दिल्ली के बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता ने महापंचायत का आयोजन किया। इसमें बदरपुर क्षेत्र के हजारों लोगों ने शिरकत की। इस महापंचायत में शामिल लोगों ने अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा केंद्र की आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा शौचालयों के निर्माण की योजना को दिल्ली में न लागू किए जाने पर भारी नाराजगी जताई। महापंचायत को संबोधित करते हुए रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल की अगुआई वाली दिल्ली की सरकार ने यहां के लोगों से किया गया अपना एक भी वादा नहीं पूरा किया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले आम आदमी पार्टी ने अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने, सीवर लाइन डालने, कॉलेज खोलने, जैतपुर तक मेट्रो चलवाने, ओ-जोन को हटवाने, अस्पताल बनवाने, डीटीसी की बसें चलवाने, कॉलोनियों में गंगा जल उपलब्ध कराने सहित तमाम वायदे किए थे लेकिन इनमें से कोई भी वादा नहीं पूरा किया गया।

आज के कार्यक्रम

सभा/परिचर्चा

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत का आयोजन, रिया बजर्नी के सानिध्य में, सीडी देशमुख सभागार, शाम सात बजे।

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : 'अवर फ्यूचर फूड निड्स' परिचर्चा, कांफ्रेंस रूम, शाम साढ़े छह बजे

साजिश रच सेल चेयरमैन पर करवाया था हमला

कोयला माफिया समेत सात लोग गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

अगस्त क्रांति मार्ग पर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के चेयरमैन अनिल कुमार चौधरी पर जानलेवा हमला उनकी हत्या के इरादे से किया गया था। यह कोई रोडरेज का मामला नहीं था। आरोप है कि उनकी हत्या का षड्यंत्र वसंत कुंज निवासी कोयला माफिया ने रचा था। आरोपी ने भाड़े के हत्यारों को कुमार की सुपारी दी थी, लेकिन असफल होने पर इस घटना को रोडरेज का मामला बनाने की कोशिश की गई।

दिल्ली पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी कोयला माफिया अशोक कुमार सिंह सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की पहचान सुनील बलारा, सतेंद्र उर्फ कत्यान, ओम प्रकाश, अमरजीत, ललित और प्रवेश के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा के उपायुक्त जी राम गोपाल नाइक ने बताया कि अशोक को शुक्रवार को वसंत कुंज में उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। चौधरी पर हमले के बाद अपराध शाखा ने यह दूसरी गिरफ्तारी की है। स्थानीय पुलिस ने पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार किया। हौज खास थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या की कोशिश) और 34 (समान आशय) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि अशोक ने सुनील बलारा नामक एक संपत्ति कारोबारी को सेल चेयरमैन की हत्या की सुपारी छह लाख रुपए में दी थी। बलारा ने दो लाख रुपए आगे देकर हत्या के लिए भाड़े के चार अपराधियों को तैयार कर लिया था। सुपारी की रकम का बाकी हिस्सा बाद में हत्यारों को मिलना था। आरोपियों ने आठ अगस्त की रात सेल चेयरमैन के दक्षिणी दिल्ली स्थित हुडको पैलेस वाले दफ्तर से घर जाते वक्त हमला बोल दिया था।

इसलिए रची साजिश

पुलिस को पता चला है कि 2018 में सेल और अशोक के बेटे की अमेरिकी कंपनी के बीच कोयला आपूर्ति को लेकर 100 करोड़ रुपए का समझौता हुआ था। हालांकि खराब गुणवत्ता के कारण सेल ने दो बार कोयला के सैंपल को खारिज कर दिया था। सैंपल खारिज होने से नाराज अशोक ने चौधरी से बदला लेने का फैसला किया। जांच में पता चला है कि चौधरी को हनी ट्रैप में भी फंसाने की कोशिश की गई थी, लेकिन बात नहीं बनी तो अशोक सेल चेयरमैन हमले की साजिश रची।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस की कार्रवाई

बेटी की हत्या में पिता समेत दो लोग गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

आदर्श नगर थाना क्षेत्र में एक पिता पर अपनी बेटी की हत्या करने का आरोप है। मामले में पुलिस ने आरोपी पिता और उसके एक साथी को सोमवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, पिता पर आरोप है कि अपनी मर्जी से शादी करने की जिद की वजह से उसने अपनी 19 साल की बेटी की 23 जुलाई को गला घोंट कर हत्या की थी।

आरोपी बेटी का अंतिम संस्कार करने के लिए भी पहुंच गया था। पर इसी दौरान किसी ने फोन कर वारदात की जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस ने शक होने पर पिता लखन (50) और उसके दोस्त राजू (30) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, सात सितंबर को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पिता व उसके दोस्त से पूछताछ की गई और उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। सात सितंबर को जब शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो पता चला कि युवती की हत्या की गई थी। वारदात 24 जुलाई को अंजाम दिया गया था। उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विजयंता आर्य ने बताया कि आरोपी पिता लखन और उसके साथी के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक लखन परिवार के साथ बी-ब्लॉक, लालबाग, आजादपुर में रहता है। इसके परिवार में पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां थीं। मृतका शीतल (19) परिवार में सबसे छोटी बेटी थी। कक्षा नौंवी के बाद से उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। 23 जुलाई को शीतल की मौत हो गई। सभी रिश्तेदारों को उसकी मौत बीमारी के चलते बताई गई थी। पूछताछ के दौरान आरोपी लखन ने बताया कि शीतल की दोस्ती उनके यहां किराएदार से हुई थी वह उससे शादी करना चाहती थी। परिवारवालों ने शीतल की शादी दूसरी जगह तय की थी और अक्तूबर में शादी थी लेकिन शीतल तैयार नहीं थी।

बुजुर्ग का वेश बनाकर अमेरिका जा रहे व्यक्ति को पकड़ा गया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआइ) एयरपोर्ट पर एक 32 साल के शख्स को गिरफ्तार किया गया है, जो बुजुर्ग की वेशभूषा में विदेश जाने की फिराक में था। शख्स की पहचान अमदाबाद निवासी जयेश पटेल (32) के रूप में हुई है। आरोपी ने बुजुर्ग दिखने के लिए अपनी दाढ़ी के बाल और सिर के बाल को सफेद रंग से रंग लिया था। दूसरी ओर, एयरपोर्ट में तैनात सीआइएसएफ के जवानों ने एक विदेशी को पकड़ा है। विदेशी की पहचान नूरजई के तौर पर हुई है। छानबीन करने पर पता चला कि आरोपी पिछले कुछ समय में कई बार पाकिस्तान आता-जाता रहा है। फिलहाल दोनों को एयरपोर्ट थाना पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

सीआइएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजकर 45 मिनट पर शक के घेरे में एक शख्स को इंस्पेक्टर राजवीर सिंह ने हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम अमरिक सिंह बताया, जो कि न्यू यार्क जा रहा था। पासपोर्ट पर उसकी उम्र 81 लिखी हुई थी, लेकिन देखकर लग रहा था कि उसकी उतनी उम्र नहीं है। सख्ती से पूछताछ पर कबूल किया। हुलिया बदलकर देश छोड़कर क्यों जा रहा था इसकी पूछताछ की जा रही है।

स्वर्ण ऋण दफ्तर में सेंधमारी की साजिश में चार गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

- किराए पर गोदाम लेकर दफ्तर की दीवार में कर चुके थे छेद

शालीमार बाग थाना पुलिस ने मणप्पुरम स्वर्ण ऋण (गोल्ड लोन) फाइनेंस दफ्तर में सेंधमारी कर लाखों के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ करने से पहले ही चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इन्होंने पूरी योजना के साथ गोल्ड लोन दफ्तर के बगल वाले गोदाम को कुछ दिनों पहले ही किराए पर लिया था। बाद में बदमाश वे सभी हथियार और औजार लेकर आए, जिसकी मदद से वह दीवार में छेद कर सकें और लाखों के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर सकें।

गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान झारखंड के साहबगंज निवासी पंचु राम मंडल, फेकु बसक, मोहिजुर और नेपाल निवासी निरंजन जोशी के तौर पर हुई है। इसकी निशानदेही पर गैस कटर सिलेंडर, गैस कटर, दो हथौड़े, लोहे के छड़ और अन्य औजार जब्त किए हैं।

पूछताछ में पता चला है कि आरोपियों का एक जानकार कमरुद्दीन उर्फ कमरू को इस बात की जानकारी थी कि दफ्तर में करीब 18 किलो आभूषण और करीब पांच लाख रुपए की नकदी है, जिसके बाद आरोपियों ने मकान मालिक के साथ मिल कर सेंधमारी कर आभूषण और नकदी पर हाथ साफ करने की योजना बनाई थी। फिलहाल पुलिस फरार चल रहे आरोपियों की तलाश कर रही है। उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि गश्त करने के दौरान शालीमार बाग थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम गठित की गई। इसी बीच टीम ने रविवार रात करीब 2 बजकर 30 मिनट पर एक शख्स को गोल्ड लोन दफ्तर के बाहर संदिग्ध ओवस्था में पाया। पुलिस टीम ने उसे बुलाया तो वह अंदर चला गया। टीम ने उसे वहां जाकर दबोच लिया। उसकी पहचान निरंजन जोशी के तौर पर हुई। बाद में पुलिस गोदाम में पहुंची तो पाया कि दीवार को काट कर छेद बनाया जा चुका है। पुलिस ने बाद में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में पता चला कि कमरुद्दीन को इस बात की जानकारी दी थी कि गोल्ड लोन के दफ्तार में बड़ी मात्रा में सोने के आभूषण और नकदी है।

कहासुनी में महिला दुकानदार पर चाकू से हमला, आरोपी फरार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

कल्याणपुरी थाना क्षेत्र में मामूली कहासुनी के बाद हुए झगड़े में एक महिला को चाकू मारने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घायल महिला की पहचान नीलोफर (49) के तौर पर हुई है। वहीं, नीलोफर के परिजनों का आरोप है कि एसआइ राजवीर उन पर आपस में ही फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। जिला पुलिस के एक अधिकारी का कहना है कि फिलहाल महिला की शिकायत ले ली गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक नीलोफर ब्लॉक-छह, खिचड़ीपुर में रहती हैं।

बहू की संदिग्ध हालात में मौत के बाद अंतिम संस्कार कर मायके को दी सूचना, एसडीएम को जांच

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

कंझावला थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। महिला के ससुराल पक्ष ने उसका अंतिम संस्कार कर सूचना उसके मायके वालो को दी। सूचना मिलते ही महिला के मायके वाले उसके सुसराल आ गए और उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। उन्होंने ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव जलाने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान मीना (26) के तौर पर हुई है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त एसडी मिश्रा ने बताया कि मामले की छानबीन जारी है।

जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच क्षेत्रीय एसडीएम को सौंप दी गई। पुलिस के मुताबिक, मीना मूलरूप से भोंडरी गांव, कैथल, हरियाणा की रहने वाली थी। उसकी शादी 2014 में कंझावाला-कुतुबगढ़ निवासी अजय से हुई थी। मीना के छोटे भाई राजीव ने बताया कि शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले दहेज के लिए मारपीट करते थे। शुक्रवार को मीना के ससुराल वालों ने उसके मायके फोन कर उसके पति का काम खुलवाने के लिए दो लाख रुपए की मांग की थी। रविवार को मीना के ससुराल वालों ने उसके मायके वालों को बताया कि उसकी तबीयत खराब है। बेटी की तबीयत के बारे में सुनते ही परिवार तुरंत दिल्ली के लिए रवाना हो गया। इसी बीच रास्ते में मीना के परिजनों को बताया कि उसकी मौत हो गई है और उसे अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले आए हैं।

सिर कुचलकर युवक की हत्या, शिनाख्त नहीं

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 9 सितंबर।

थाना एक्सप्रेस-वे इलाके के वाजिदपुर गांव में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिला है। युवक का सिर कुचलकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, युवक की हत्या करने से पहले जमकर पिटाई भी की गई। करीब 27 साल की उम्र वाले मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की जेब से दिल्ली के एक व्यक्ति का आधार कार्ड मिला है। जिस पर दिल्ली के जोरबाग इलाके का पता लिखा है। उस व्यक्ति ने मृतक युवक की जानकारी होने से इनकार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना एक्सप्रेस-वे के एसएचओ भुवनेश कुमार के मुताबिक वाजिदपुर गांव में रहने वाले भंवर सिंह ने सोमवार सुबह यमुना डूब इलाके स्थित खेत में युवक का शव पड़ा होने की सूचना दी। जांच करने पर पता चला कि युवक के सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला करने के निशान थे। पुलिस का मानना है कि मृत युवक के शरीर पर जगह-जगह चोट के निशान मिले लेकिन घटनास्थल पर खून के निशान नहीं थे। घटनास्थल के पास में एक गाड़ी के टायरों के निशान मिले हैं, जो गाड़ी के आने और बैक होकर जाने के हैं। इस वजह से युवक की पिटाई और हत्या कर शव को वाहन से यमुना डूब इलाके में फेंकने की आशंका है। मृतक के गुप्तांग पर भी चोट के निशान हैं, जिससे संबंधित किसी गतिविधि में भी हत्या करने के आधार पर भी पुलिस जांच कर रही है। मृतक की पहचान काफी प्रयास के बाद भी नहीं हो पाई।

लोहिया अस्पताल में हो रहा है शोध

आत्महत्याओं को रोकने के लिए हेल्पलाइन बनाने की कोशिश

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

देश में आत्महत्या की घटनाओं से जुड़े आंकड़ों में लगातार हो रही वृद्धि ने चिंता बढ़ा दी है। लेकिन फिर भी इस क्षेत्र में आत्महत्या की प्रवृत्ति वाले मरीजों की मदद के लिए सरकारी स्तर पर न तो कोई हेल्पलाइन है और न ही कोई राष्ट्रीय नीति। दिल्ली के केंद्रीय राम मनोहर लोहिया अस्पताल के मानसिक चिकित्सा विभाग में इन दिनों एक शोध पर काम किया जा रहा है जिसके नतीजों से राष्ट्रीय स्तर पर आत्महत्याओं को रोकने के लिए एक हेल्पलाइन बनाने में मदद मिल सकती है।

इस शोध को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) द्वारा केंद्र सरकार के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (नेशनल मेन्टल हेल्थ प्रोग्राम) की मदद से किया जा रहा है। आरएमएल अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग में वरिष्ठ मनोचिकित्सक और प्रमुख शोधकर्ता डॉ आरपी बेनीवाल ने यह जानकारी दी। मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने 2014 में एक रिपोर्ट तैयार की थी जिसमें नीति निर्माताओं के लिए दिशानिर्देश दिए गए थे और राष्ट्रीय स्तर पर आत्महत्याओं को रोकने के लिए एक नीति बनाने की बात कही गई थी। डॉ बेनीवाल कहते हैं कि विश्व स्तर पर देखा जाए तो भारत मे आत्महत्या का आंकड़ा सबसे ज्यादा है लेकिन देश में अभी तक कोई राष्ट्रीय नीति नही बनी है। डॉ बेनीवाल कहते हैं कि इसमें गंभीरता से बात होनी चाहिए तभी कुछ असर होगा।

तेजी से बढ़ रही समस्या, इलाज नहीं

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की 2015 की रिपोर्ट के अनुसार देश में करीब 10 करोड़ लोग मानसिक रूप से बीमार हैं। इनके इलाज के लिए केवल 3800 मनोचिकित्सक, 898 क्लीनिकल मनोचिकित्सक, 850 सामाजिक कार्यकर्ता, 1500 मनोचिकित्सक नर्सें और 43 मानसिक अस्पताल हैं। इन अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या 20 हजार है। कुछ अध्ययनों में कहा गया है कि साल 2020 तक भारत में 20 फीसद आबादी किसी न किसी प्रकार की मानसिक बीमारी से प्रभावित होगी।

आत्महत्या से जुड़े कुछ तथ्य

- दुनिया में हर 40 सेकंड में एक आत्महत्या
- 28 देशों ने ही बनाई आत्महत्या रोकथाम नीति
- उच्च आय वर्ग में आत्महत्या करने वाले अधिक
- इसमें 50 फीसद लोग अवसाद से पीड़ित थे
- किशोर उम्र के बच्चे डिप्रेशन की चपेट में ज्यादा
- एक व्यक्ति के आत्महत्या से 135 लोग प्रभावित
- 15 से 29 आयु के बीच मौत का दूसरा बड़ा कारण

पेयजल के लिए वैकल्पिक पैकेजिंग की तलाश करने को कहा खाद्य मंत्रालय ने

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 सितंबर ।

खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने बोतलबंद पानी बेचने वाली पेप्सी और कोका कोला जैसी कंपनियों को तीन दिनों में पैकेजिंग की वैकल्पिक सामग्री का सुझाव देने को कहा है। पासवान स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्लास्टिक के प्रभाव के कारण पैकेजिंग में इसके उपयोग पर पाबंदी के पक्षधर हैं। उन्होंने सोमवार को बताया कि मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया गया है। इस समिति को एक ही बार में या चरणबद्ध तरीके से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के मुद्दे पर गौर करने के लिए कहा गया है।

पासवान ने सोमवार को बोतलबंद पानी उद्योग और विभिन्न सरकारी विभागों के साथ बैठक की, जिसमें पीने के पानी को पैकबंद करने के लिए एकल उपयोग वाली प्लास्टिक की बोतलों का विकल्प खोजने के बारे में विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपभोक्ता मामलों के सचिव एके श्रीवास्तव, पर्यावरण और रासायनिक मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस), खाद्य नियामक एफएसएसएआइ, आइआरसीटीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

पासवान ने संवाददाताओं से कहा कि मानव और पशुओं के स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में प्लास्टिक की बड़ी भूमिका है। हमने गायों के पेट में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक पाए जाने की खबरें सुनी हैं। पासवान ने कहा कि 'रीसाइक्लिग' (पुनर्चक्रीकरण) भी कोई स्थायी समाधान नहीं है, इसलिए एक विकल्प खोजने की जरूरत है, जो समान रूप से सस्ती और विश्वसनीय हो। उन्होंने कहा कि शुद्ध कागज की बोतल भी कोई विकल्प नहीं हो सकता क्योंकि उससे बनने वाले पैक में कुछ प्लास्टिक मिला होता है।

मंत्री ने कहा कि हमें इस बैठक के दौरान पैकबंद पेयजल का कोई ठोस विकल्प नहीं मिला है। इसलिए, मैंने सभी निर्माताओं से अपने सुझाव 11 सितंबर तक भेजने को कहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सिफारिशों को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और अंतर-मंत्रालयी समिति को भेजा जाएगा। पासवान ने कहा कि इस बारे में सरकार द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

हालांकि, उन्होंने कहा कि प्लास्टिक को हटाया जाना चाहिए और इस पर प्रतिबंध होना चाहिए। मंत्री से जब इस प्रतिबंध के कारण उद्योग और अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभावों के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि इस प्रतिबंध से रोजगार प्रभावित नहीं होगा क्योंकि वैकल्पिक सामग्री के कारण रोजगार पैदा होगा। मंत्री ने कहा कि रेल मंत्रालय, जो 'रेल नीर' ब्रांड के तहत पैकबंद पेयजल बनाता और बेचता है, भी इस मुद्दे पर विचार कर रहा है। 'ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ नेचुरल मिनरल वाटर इंडस्ट्री' के सचिव बेहराम मेहता ने कहा कि पैकेज्ड पानी उद्योग, पीईटी (पॉलीइथिलीन टेरेफ्थेलेट) का इस्तेमाल करती है, जिसका 100 फीसद पुनचक्रीकरण किया जा सकता है । इसका वैश्विक स्तर पर इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि पैकबंद पानी उद्योग ने 92 फीसद रीसाइक्लिंग का स्तर हासिल किया है और जल्द ही इस मामले में 100 फीसद हासिल कर लेगा।

हरियाणा में बसपा से कोई गठबंधन नहीं करेंगे : आजाद

हुड्डा और सैलजा ने भी गठबंधन की बात को किया खारिज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा के आगामी चुनाव में बसपा से किसी किस्म के गठबंधन से इनकार किया है। पार्टी ने दावा किया है कि उसकी चुनावी गठजोड़ को लेकर बसपा से कोई बातचीत नहीं चल रही है और वह सूबे की सभी 90 सीटों पर अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि सियासी गलियारों में चर्चा तेज है कि दोनों दलों के बीच गठबंधन की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं लेकिन सीटों को लेकर पेच फंस रहा है।

कांग्रेस महासचिव व हरियाणा मामलों के प्रभारी गुलाम नबी आजाद ने सोमवार को कहा कि सूबे में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस व बसपा के बीच गठबंधन की कोई बातचीत नहीं चल रही है। कांग्रेस सूबे की सभी विधानसभा सीटों पर अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा व विधायक दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती से दिल्ली में मुलाकात को भी आजाद ने खारिज कर दिया। बाद में इन दोनों नेताओं ने भी कहा कि बसपा से किसी चुनावी गठबंधन की कोई बातचीत नहीं चल रही है। हुड्डा ने कहा कि अभी गठबंधन जैसी कोई बात नहीं है।

कांग्रेस-बसपा के बीच हरियाणा में चुनावी गठबंधन के कयास इसलिए भी जोरशोर से लगाए गए क्योंकि सैलजा और हुड्डा की जोड़ी को सूबे की कांग्रेस का नया चेहरा बनाए जाने की घोषणा के तुरंत बाद मायावती ने ट्वीट कर हरियाणा की जननायक जनता पार्टी (जजपा) से हुए अपने चुनावी गठबंधन को यह कह कर समाप्त करने का एलान कर दिया कि बसपा को सम्मानजनक सीटें नहीं मिलीं। जजपा ने चुनावी गठबंधन के तहत हरियाणा की कुल 90 विधानसभा सीटों में से 40 सीटें बसपा की झोली में डाली थीं और 50 पर खुद लड़ने का फैसला किया था। पार्टी के एक नेता ने कहा कि हरियाणा में बसपा का कोई लंबा चौड़ा आधार नहीं है इसके बावजूद उसे 40 सीटें देना तय किया गया। यदि अब भी उसको को लगता है कि उसे कम सीटें मिली हैं तो इसमें उनको कुछ नहीं कहना है।

कांग्रेस के नेता उन खबरों को सिरे से खारिज कर रहे हैं कि हुड्डा व सैलजा की मायावती से दिल्ली में कोई मुलाकात हुई है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर अंदरखाने बातचीत जरूर हुई है लेकिन सीटों को लेकर पेच फंस रहा है।

बसपा किसी भी सूरत में 10 से कम सीटें नहीं चाहती जबकि कांग्रेस उसे पांच सीटें देने को तैयार है। माना जा रहा है कि कांग्रेस-बसपा गठजोड़ होने की सूरत में सूबे में 75 सीटें जीतने का दावा कर रही सत्तारुढ़ भाजपा को कड़ी चुनौती मिल सकती है।

कश्मीर में लोगों की हिफाजत के लिए उठाए जा रहे सभी कदम : खान

जम्मू, 9 सितंबर (भाषा)।

जम्मू कश्मीर के राज्यपाल के सलाहकार फारूक खान ने सोमवार को कहा कि प्रशासन ने अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों के खत्म होने के बाद कश्मीर में कानून व्यवस्था की स्थिति को सफलतापूर्वक संभाला है। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने से अधिक समय में सुरक्षा बलों ने एक भी गोली नहीं चलाई है। उन्होंने पाकिस्तान पर झूठा प्रचार करने का भी आरोप लगाया।

खान ने कहा कि कश्मीर में उठाए गए सभी कदमों का उद्देश्य लोगों के जीवन की सुरक्षा करना है और घाटी में हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम (लोगों की सुरक्षा में) सफल रहे हैं। एक महीने से अधिक समय गुजर गया, लेकिन कानून व्यवस्था के हालात से निपटने के लिए सुरक्षा बलों और पुलिस की ओर से एक भी गोली नहीं चलाई गई। यह बड़ी बात है। यह हकीकत है। उनका बयान ऐसे दिन आया है जब संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख मिशेल बैचलेट ने कश्मीर में पाबंदियों पर चिंता जताते हुए भारत से इसमें ढील देने को कहा है।

मानवाधिकार परिषद के 42वें सत्र में अपने शुरुआती वक्तव्य में बैचलेट ने भारत और पाकिस्तान दोनों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि कश्मीरी जनता के मानवाधिकारों का सम्मान और संरक्षण किया जाए। खान ने संवाददाताओं से कहा कि भारत सरकार पाकिस्तान के दुष्प्रचार को उजागर कर रही है जो झूठ बोलकर कश्मीर के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने में बुरी तरह विफल रहा है।

उन्होंने कहा कि चीन भी नाकाम हो गया है। दुनिया में सब भलीभांति जानते हैं कि पाकिस्तान दुष्प्रचार कर रहा है और वह झूठ का आका रहा है। खान ने संवाददाताओं से कहा कि जल्द ही व्यापार और कारोबारी गतिविधियां फिर से शुरू होंगी। उन्होंने कहा कि घाटी में हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। आप जल्द बच्चों को स्कूल जाते हुए और फिर से सामान्य तरीके से कारोबार शुरू होते हुए देखेंगे।

बेटे पर पिता की हत्या का आरोप, पबजी खेलने के कारण डांटा था पिता ने

बेलगावी, 9 सितंबर (भाषा)।

कर्नाटक में पिता के जरिए 21 साल के बेरोज़गार बेटे को मोबाइल पर हर वक्त गेम खेलते रहने के लिए डांट देना युवक को इतना नागवार गुजरा कि उसने अपने पिता की कथित रूप से हत्या कर दी और उनका सिर धड़ से अलग कर दिया।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना यहां 15 किलोमीटर दूर ककती गांव में सोमवार तड़के करीब साढ़े चार बजे घटी। पुलिस ने बताया कि युवक के खिलाफ अपने 61 वर्षीय पिता की हत्या करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

युवक को 'प्लेयर अननोन्स बेटलग्राउंड्स' (पबजी) गेम खेलने की लत लगी हुई है और वह पिता की बार-बार की चेतावनियों से गुस्सा हो गया था। पुलिस ने बताया कि उसने अपनी मां को एक कमरे में बंद कर दिया और पिता पर सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर दिया।

कश्मीर के ज्यादातर इलाकों से पाबंदियां हटाई गईं

श्रीनगर, 9 सितंबर (भाषा)।

कश्मीर में श्रीनगर के कुछ हिस्सों को छोड़कर सोमवार को यहां के अधिकतर इलाकों से पाबंदियां हटा ली गईं, जबकि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाए जाने के बाद से घाटी में मौजूद गतिरोध 36वें दिन भी जारी रहा क्योंकि स्कूल बंद रहे और सार्वजनिक परिवहन भी सड़कों पर नहीं आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि घाटी के अधिकतर इलाकों से पाबंदियां हटा ली गयीं, लेकिन श्रीनगर के अंदरूनी इलाकों और शहर के मैसुमा थाना अंतर्गत क्षेत्रों समेत कुछ हिस्सों में यह अब भी जारी है। उन्होंने बताया कि लाल चौक और आस-पास के इलाकों के व्यावसायिक केंद्र से अवरोधकों को हटा लिया गया है। एक दिन पहले ही वहां के सभी प्रवेश स्थानों पर कंटीले तार लगाए गए थे। अधिकारियों ने बताया हालांकि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। मुहर्रम के आठवें दिन शहर में कहीं भी किसी भी तरह के जुलूस के आयोजन को रोकने के लिए रविवार को घाटी के अधिकतर हिस्सों में कई पाबंदियां फिर से लगा दी गईं थीं।

घने जंगल में चलती जीप से गिरी बच्ची, सकुशल बची

इडुक्की (केरल), 9 सितंबर (भाषा)।

केरल में घने जंगल के अंदर सड़क पर चलती जीप से दुर्घटनावश गिरी एक साल की बच्ची चमत्कारिक ढंग से घुटनों के बल चलकर पास में राजमाला चौकी पर पहुंच गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात को बच्ची के माता पिता जीप से कहीं जा रहे थे। बच्ची अपनी मां के गोद में बैठी थी। रात होने की वजह से दोनों को झपकी आ गई तभी झटका लगने से बच्ची मां की गोद से नीचे सड़क पर गिर गई। कई किलोमीटर आगे जाने पर उन्हें एहसास हुआ कि बच्ची गायब है।

उन्होंने बताया कि चौकी पर मौजूद वन्यजीव अधिकारियों ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी और उसे जंगल के उस रास्ते पर पाया जिससे होकर अक्सर हाथी और जंगली जानवर गुजरते हैं। अधिकारियों ने बताया कि जीप से गिरने की वजह से बच्ची के चेहरे और माथे पर मामूली चोट आई थी। उसे पास के अस्पताल ले जाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार कराया गया और पुलिस को सूचित किया गया।

चौकी के सीसीटीवी फुटेज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है जिसमें जीप से गिरी बच्ची सुरक्षित घुटनों के बल चलती नजर आ रही है। मुन्नार के सब इंस्पेक्टर संतोष के एस ने बताया कि बच्ची और उसके माता पिता पास के कमबलिक्कंउम के रहने वाले हैं और वे तमिलनाडु में पलानी मंदिर में दर्शन के बाद अपने घर लौट रहे थे।

उन्होंने बताया, 'कई किलोमीटर दूर जाने के बाद उसके माता पिता को बच्ची के गिरने का पता चला, जिसके बाद वे वेल्लाथुवल पुलिस थाना पहुंचे और घटना की सूचना दी। तब तक हमने पास के पुलिस थानों को बच्ची के बारे में सूचना दे दी थी।' उन्होंने बताया कि आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्ची को देर रात करीब डेढ़ बजे उसके माता पिता को सौंप दिया गया।

आर्थिक मंदी के दौर में सरकार मना रही सौ दिन का जश्न : भाकपा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल के शुरुआती सौ दिन पूरे होने का जश्न मनाने पर कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मंदी से गुजर रही है और सरकार ऐसे समय जश्न मना रही है। भाकपा ने सोमवार को एक बयान जारी कर सरकार से पूछा कि सत्तापक्ष अपनी सफलताओं की बात कैसे कर सकता है जबकि जम्मू कश्मीर के लोग अप्रत्याशित संकट का सामना कर रहे हैं।

मैक्सप्लस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड

(पूर्व में एमसी-स्टिच लिमिटेड विदित)
CIN: L65999DL1985PLC022321
पंजी. कार्यालयः 1, कम्युनिटी सेन्टर, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065
टेलीः 011-49057869, ईमेलः mcstitch.excom@gmail.com;
वेबसाईटः www.maxpluslogisticslimited.com

34वीं वार्षिक साधारण सभा, पुस्तक बंद होने तथा ई-वोटिंग जानकारी के लिये सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों की 34वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) सोमवार, 30 सितम्बर, 2019 को 11.00 बजे पूर्वा. में 1, कम्युनिटी सेन्टर, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065 में आयोजित की जायेगी जिसमें सभा के आयोजन की सूचना में वर्णित व्यवसायों को निष्पादित किया जायेगा।

34वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट ऐसे सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक पद्धत्ति से भेज दी गई है जिनके ईमेल आईडी कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी पार्टिसिपैन्ट्स के पास दर्ज हैं, बशर्ते सदस्यों ने उसकी हार्ड कॉपी के लिये अपने अनुरोध दर्ज नहीं कराये हों। 34 वीं एजीएम सूचना की तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति अन्य सभी सदस्यों को स्वीकृत पद्धत्ति में उनके पंजीकृत पते पर भेजी गई है। 34वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाईट www.maxpluslogisticslimited.com पर उपलब्ध है।

रिमोट ई-वोटिंग जानकारीः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कम्पनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 44 के अनुपालन में कम्पनी वार्षिक साधारण सभा की सूचना तिथि 14 अगस्त, 2019 में निर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर मतदान करने में सक्षम बनाने के लिये अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करा रही है। 34वीं एजीएम की सूचना सदस्यों को 6 सितम्बर, 2019 तक भेज दी गई है। कम्पनी ने नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई ई-वोटिंग सेवाऐं प्राप्त की है। स्वच्छ तथा पारदर्शी तरीके से ई-वोटिंग प्रक्रिया के संचालन के लिये मै. आरएंडडी कम्पनी सेक्रेट्रीज, दिल्ली के पूर्ण-कालिक कार्यरत कम्पनी सचिव श्री देवव्रत देवनाथ को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। ई-वोटिंग अवधि शुक्रवार, 27 सितम्बर, 2019 को 9.00 बजे पूर्वा. में शुरू होगी तथा रविवार, 29 सितम्बर, 2019 को 5.00 बजे अप. में बंद होगी। उसके बाद मतदान के लिये ई-वोटिंग पद्धत्ति निष्क्रिय कर दी जायेगी। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार मतदान कर देने के बाद उन्हें उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जायेगी। सदस्यों के मतदान का अधिकार कट-ऑफ तिथि जो 23 सितम्बर, 2019 है, को उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयरों की संख्या के अनुसार होगा। यदि कोई व्यक्ति एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद शेयर अर्जित करते हैं तथा कम्पनी का सदस्य बनते हैं तथा कट-ऑफ तिथि 23 सितम्बर, 2019 को शेयर धारित करते हैं, वे कम्पनी के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेन्ट (आरटीए) अथवा एनएसडीएल से रिमोट ई-वोटिंग के लिये यूजर आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

एजीएम स्थल पर मत पत्र ("मत पत्र") द्वारा मतदान किया जायेगा तथा एजीएम में उपस्थित होने वाले ऐसे सदस्यों जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं किये हों वे मत पत्र द्वारा अपना मतदान करने में सक्षम होंगे।

रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर देने के बाद भी सदस्य एजीएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन एजीएम स्थल पर उन्हें फिर से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग साथ ही एजीएम में मतदान कर देते हैं तो रिमोट ई-वोटिंग द्वारा किया गया मतदान लागू रहेगा तथा एजीएम में किया गया मतदान अवैध माना जायेगा।

यह सूचना उन सभी सदस्यों को भेजी गई है जिनके नाम 30 अगस्त, 2019 को सदस्यों के रजिस्टर तथा डिपॉजिटरीज के अभिलेखों में शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रक्रिया तथा तरीकों के लिये सदस्य 34वीं एजीएम की सूचना में दिये गये निर्देशों को देखें अथवा एनएसडीएल की वेबसाईट www.evoting.nsdl.com देखें तथा किसी प्रकार की पूछताछ के लिये सदस्यगण श्री नितिन एम्बुरे, उपाध्यक्ष, नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड-ए विंग, कमला मिल्स कम्पाउण्ड, लोअर परेल, मुम्बई-400013, टेली. नं. 022-24994587 से सम्पर्क करें, www.evoting.nsdl.com पर ईमेल करें।

पुस्तक बंद होनाः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 तथा उसके अंतर्गत नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 42 के अनुपालन में सदस्यों के रजिस्टर तथा कम्पनी की शेयर अंतरण पुस्तकें सोमवार, 23 सितम्बर, 2019 से सोमवार, 30 सितम्बर, 2019 (दोनों दिवस सहित) तक बंद रहेंगे तथा 34वीं वार्षिक साधारण सभा सोमवार, 30 सितम्बर, 2019 को आयोजित की जायेगी।

सभा स्थल पर प्रवेश उपस्थिति पर्ची द्वारा विनियमित होगी जो सदस्यों को वार्षिक रिपोर्ट के साथ भेजी गई है। सदस्यों से अनुरोध है कि एजीएम में भाग लेने के लिये पंजीकरण काउण्टर पर विधिवत भरी गई उपस्थिति पर्ची जमा करें।

34वीं एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाईट www.maxpluslogisticslimited.com पर उपलब्ध है।

बोर्ड के लिये तथा उसकी ओर से
मैक्सप्लस लॉजिस्टिम्स लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
संजीव चन्द्रा
निदेशक एवं सीईओ
DIN: 00095561

तिथिः 9.9.2019
स्थानः नई दिल्ली

ऐक्सिस बैंक — आधिपत्य नोटिस

रिटेल एसेट्स सेंटर : प्रथम तल, जी-4/5, बी, सेक्टर-4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ-226010
कारपोरेट आफिस : तृतीय तल, ब्लाक-बी, बान्द्रे डाइंग मिल्स कम्पाउण्ड, पाण्डुरंग बुधाकर मार्ग, वर्ली मुम्बई-400 025
रजिस्टर्ड आफिस : 'त्रिशूल', तृतीय तल, समराधेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380 006

जबकि अधोहस्ताक्षरी, ऐक्सिस बैंक लि0 के प्राधिकारी, ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रीकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इर्फोर्समेन्ट) रूल 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग नोटिस जारी किये गये। उक्त वर्णित उधारकर्ता राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं, अतः एवं उक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से एवं सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उन्हें उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **सांकेतिक कब्जा** ले लिया है। उपरोक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के साथ कोई सौदा न करें तथा उक्त सम्पत्ति के साथ किया जाने वाला कोई सौदा **ऐक्सिस बैंक लि0** के साथ उक्त नोटिस में वर्णित वार्षिक ब्याज, अनुषंगी व्यय, लागत, प्रभार इत्यादि समेत से प्रभावी, मॉर्टगेज के विषयाधीन होगा। ऋणी / सह-ऋणी / बन्धकर्ता एवं जमानतकर्ता का ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13(8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि तय समय सीमा में बन्धक सम्पत्ति को रीडीम (मोचन) कर सकते हैं।

क्र. स.	ऋणी / सह-ऋणी / जमानतकर्ता(ओं) का नाम एवं पता	सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण (अचल सम्पत्ति)	कुल बकाया धनराशि
1.	**श्रीमती कुसुम सेठी (ऋणी)** पत्नी श्री कुशल सेठी **श्री कुशल सेठी (सह-ऋणी)** पुत्र श्री मदन लाल सेठी निवासी फ्लैट नं0 1 ब्लाक ए, भीमा रेजीडेन्सी, निकट अमर होटल, फतेहाबाद रोड, मौजा समसेली, आगरा उ0प्र0 भारत-282001 एवं : निवासी फ्लैट नं0 403 चतुर्थ तल, गुरू कृपा अपार्टमेन्ट, पूजा नगर मौजा, रामलली, आगरा-282001	स्थित फ्लैट नं0 403 चतुर्थ तल, गुरू कृपा अपार्टमेन्ट, पूजा नगर मौजा रामलली, आगरा-282001 जोकि **श्रीमती कुसुम सेठी** के नाम **क्षेत्रफल-99.40 वर्ग मी0** **चौहद्दी पूर्वः** खुला आरामगाह **पश्चिमः** निकास एवं सरता 3 फुट **उत्तरः** फ्लाट नं0 402, **दक्षिणः** खुला आरामगाह	रू. 8,95,829.00 दिनांक 12.06.2019 + देय ब्याज व अन्य खर्चे **देय सूचना की तिथि 12.06.2019** **कब्जा दिनांक 05.09.2019**
2.	**श्री सुशील यादव (ऋणी)** पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह **श्रीमती कमला देवी (सह-ऋणी)** पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह निवासी मकान 224 हिमायूंपुर, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत-283203 एवं : निवासी मकान 76, मौजा हिमायूंपुर फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत-283203	स्थित मकान 76, मौजा हिमायूंपुर फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत-283203 जोकि **श्रीमती कमला देवी** के नाम **क्षेत्रफल-69.64 वर्ग मी0** **चौहद्दी पूर्वः** सुरेश चन्द का प्लाट **पश्चिमः** रास्ता सरकार का प्लाट **उत्तरः** सड़क **दक्षिणः** मुकेश चन्द का प्लाट	रू. 11,55,888.00 दिनांक 11.06.2019 + देय ब्याज व अन्य खर्चे **देय सूचना की तिथि 12.06.2019** **कब्जा दिनांक 05.09.2019**
3.	**श्री अशीष शर्मा (ऋणी)** पुत्र श्री नरेन्द्र नाथ शर्मा निवासी मकान 977, सेक्टर-8, आवास विकास कालोनी, सिकन्दरा योजना, आगरा उत्तर प्रदेश, भारत-282007 एवं : द्वारा मैसर्स अशीष इन्टरप्राइसेस, जी-1 ब्लाक नं0 42/2, हरिवल्लभ टॉवर, राजय फ्लाट आगरा, उत्तर प्रदेश, भारत-282002 **श्रीमती प्रियंका शर्मा (सह-ऋणी)**, पत्नी श्री अशीष शर्मा निवासी मकान 977, सेक्टर-8, आवास विकास कालोनी, सिकन्दरा योजना, आगरा, उत्तर प्रदेश, भारत-282007	स्थित निवासी मकान 167 सेक्टर-8, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पुरम, सिकन्दरा योजना, आगरा, उत्तर प्रदेश, भारत-282007 जोकि **आशीष शर्मा** के नाम **क्षेत्रफल-57.67 वर्ग मी0** **चौहद्दी पूर्वः** रास्ता 6 फुट **पश्चिमः** भूमि नं0 186/8 **उत्तरः** सड़क 8 फुट **दक्षिणः** भूमि नं0 168/8	रू. 14,10,442.00 दिनांक 14.06.2019 + देय ब्याज व अन्य खर्चे **देय सूचना की तिथि 14.06.2019** **कब्जा दिनांक 05.09.2019**

दिनांक : 10.09.2019, स्थान : लखनऊ
(प्रा0 अधिकारी), एक्सिस बैंक लि0

प्रपत्र सं. आईएनसी-26

[कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]
केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के क्लॉज (ए) के मामले में
तथा
हुवेई हॉंगचेंग वाल्व प्राईवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय, कार्यालय नं. 510, पाँचवां तल, वेब सिल्वर टावर, सेक्टर-18, नोएडा, गौतम बुध नगर, उ.प्र.-201301 में है, आवेदक के मामले में

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "उत्तर प्रदेश राज्य" से "चंडीगढ़ संघ क्षेत्र" में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 26 जुलाई, 2019 को आयोजित वार्षिक साधारण सभा असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केंद्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करें अथवा उसके नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक के पतेः बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें:

कृते एवं के लिये, आवेदक
हुबेई हॉंगचेंग वाल्व प्राईवेट लिमिटेड
दीपांशु
निदेशक

तिथिः 5.9.2019
स्थानः नोएडा

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फाइनांस लिमिटेड विदित)
CIN: L65110TH2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वॉ तल, हैरिंग्टन रोड, चेतपेट, चेन्नई-600031
टेली.: +91 44 4564 4000, फैक्सः +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारीः श्री रोहित दुदेजा/ सम्पर्क नं. +91-7838324723

परिशिष्ट-IV-ए (देखें नियम 8 (6) का प्रावधान]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक (कों) तथा गारन्टर (रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी/ चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, तत्कालिक कैपिटल फर्स्ट होम फाइनांस लि. अब, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** में समामेलित के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** किया गया है, की मै. केशव इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रॉप. महेन्द्र सिंह (ऋणधारक) तथा महिन्दर सिंह तथा सविता महिन्दर सिंह (सह-ऋणधारक (कों) से आईडीएफसी फर्स्ट होम बैंक लिमिटेड (तात्कालिक कैपिटल फर्स्ट होम फाइनांस लिमिटेड) के बकाये 5.11.2018 को आईएनआर 3726797/- की वसूली के लिये 26.9.2019 को "जैसा है जहां है", "जैसा है जो भी है" तथा "जो कुछ भी वहां है" आधार पर बिक्री की जायेगी।

आरक्षित मूल्य आईएनआर 30,00,000/- (रुपये तीस लाख मात्र) तथा धरोहर राशि भुगतान आईएनआर 3,00,000/- (रुपये तीन लाख मात्र) होगी।

अचल सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति सं. बी-84, खसरा नं. 26, 169, सत्या गली की आबादी, उत्तरी घोण्डा, ग्राम घोण्डा, ईलाका शाहदरा, दिल्ली-110053 का सभी भाग तथा हिस्सा।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाईट अर्थात www.idfc-firstbank.com में दी गई लिंक देखें।

डिस्क्लेमरः कृपया ध्यान रहे कि उक्त सूचना केवल अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये ही जारी की गई है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल सम्पत्ति में विद्यमान, यदि कोई हो, चल परिसम्पत्तियों की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
(पूर्

जनसत्ता

10 सितंबर, 2019

जमीन का जीवन

पिछले कुछ दशकों के दौरान हमारे देश में खेती के लगातार घाटे का सौदा होने की समस्या पहले ही गंभीर होती गई है। इससे इतर एक बड़ी मुश्किल यह खड़ी हो गई है कि तेजी से शहरीकरण और ग्रामीण इलाकों में भी रिहाइशी इलाकों के विस्तार की वजह से जिस तरह खेती-योग्य जमीन का रकबा सिकुड़ रहा है, उसमें यह चिंता स्वाभाविक है कि आने वाले वक्त में अनाज उत्पादन की स्थिति क्या होगी! हालांकि देश में खेती के लायक जमीन की कमी नहीं है, लेकिन सच यह है कि इसमें एक बड़ा भूभाग बंजर है और उसकी कोई उपयोगिता नहीं है, बल्कि जमीन के बंजर होने का एक गंभीर असर पानी की उपलब्धता और उसके संरक्षण की कोशिशों पर भी पड़ता है। आमतौर पर आर्थिक गतिविधियों की चर्चा और उनके आंकड़ों से विकास की रफ्तार का अंदाजा परोसने के क्रम में भूमि के बंजर होने और उससे पैदा होने वाली समस्याओं का आकलन पीछे छूट जाता है। जबकि अनाज उत्पादन से लेकर पानी और पेड़-पौधों तक का संरक्षण आर्थिक चक्र के साथ अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री ने बंजर जमीन की समस्याओं को लेकर चिंता जाहिर की है।

गौरतलब है कि सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र के ताजा सम्मेलन (यूएनसीसीडी) की एक सभा में कहा कि 2015 और 2017 के दौरान भारत में पेड़ और जंगल के दायरे में करीब आठ लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है और इससे बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने में बड़ी मदद मिलेगी। इसके अलावा, उन्होंने यह घोषणा भी की कि अब से लेकर सन 2030 तक भारत अपनी जमीन को उपजाऊ बनाने के मकसद से खेती के कुल रकबे का भी विस्तार करेगा और उसे 2.1 करोड़ हेक्टेयर से बढ़ा कर 2.6 करोड़ हेक्टेयर करेगा। जाहिर है, यह न केवल देश में भूमि की उपयोगिता के मद्देनजर बेहद अहम घोषणा है, बल्कि इससे जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मामलों में भी चुनौतियों का सामना करने के लिए एक ठोस भूमिका बनेगी। एक अहम चिंता यह भी है कि पिछले कुछ दशकों में प्लास्टिक के बेतहाशा उपयोग ने सही-सलामत जमीन को भी लगभग बंजर बना दिया है। इसी के मद्देनजर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने इस पर भी चिंता जताई कि अगर प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल को नहीं रोका गया तो भूक्षरण का एक अन्य स्वरूप सामने आएगा और नतीजे में जमीन की उत्पादकता को फिर से हासिल करना संभव नहीं रह पाएगा।

करीब दो साल पहले आए एक अध्ययन के मुताबिक भारत की लगभग तीस फीसद जमीन खराब या बंजर होने की कगार पर है। यानी इस दिशा में जताई जाने वाली चिंता से आगे अगर ठोस पहल नहीं की जाती है तो आने वाले वक्त में समूचे देश को एक बड़े संकट से दो-चार होना पड़ सकता है। तकनीक के विकास और विस्तार से बंजर जमीन को खेती योग्य या पेड़-पौधे लगाने के लायक बनाया जा सकता है। मगर दूसरी ओर विकास का हवाला देकर अगर वन क्षेत्र की संरक्षित भूमि की अहमियत को नजरअंदाज किया जाता है और खनन या दूसरी वजहों से पेड़ों को काटने को मंजूरी दी जाती है तो उसके असर का आकलन भी कर लिया जाना चाहिए। यों भी, जब बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने की दिशा में कारगर पहलकदमी होती है तो वह जल संकट को दूर करने में भी मददगार साबित होगी। यह किसी से छिपा नहीं है कि हाल के वर्षों में भारत सहित दुनिया के कई देश जिस तरह पानी की कमी की चपेट में आए हैं, वह भविष्य को लेकर एक गंभीर चेतावनी है।

अशांति का रास्ता

तालिबान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता का टूटना अफगानिस्तान के लिए फिर एक बुरे दौर की वापसी का संकेत है। अब तक यह उम्मीद बनी हुई थी कि आने वाला वक्त अफगान लोगों के लिए जल्द ही कोई अच्छी खबर लेकर आने वाला होगा। लेकिन अब इन उम्मीदों पर पानी फिर गया लगता है। तालिबान हिंसा के जिस रास्ते पर बढ़ चुका है, उसमें अब शांति की उम्मीद करना व्यर्थ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैंप डेविड में होनी वाली अफगान शांति वार्ता के अंतिम दौर से अचानक हट जाने का जो कड़ा फैसला कर डाला, वह तालिबान के लिए कड़ा संदेश है। इससे यह भी साफ हो गया है कि अमेरिका तालिबान की हिंसा के आगे झुकेगा नहीं और उसे सबक सिखाने की रणनीति पर ही चलेगा। ट्रंप के शांति वार्ता तोड़ने के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों पर और ज्यादा हमले की धमकी दी है। अगर तालिबान के हमले में एक अमेरिकी सैनिक के मारे जाने पर ट्रंप शांति वार्ता तोड़ने जैसा कड़ा रुख अपनाते हैं तो और ज्यादा हमले होने पर वे तालिबान के प्रति क्या रुख अपनाएंगे, यह देखने की बात होगी।

अफगानिस्तान पिछले कई दशकों से युद्ध का अखाड़ा बना हुआ है। अमेरिका और रूस दोनों ने यहां जिस तरह की अशांति को जन्म दिया था, उसी का नतीजा है कि अब तालिबान का सफाया किसी के भी वश में नहीं रह गया है। इसीलिए आधे अफगानिस्तान में तालिबान का राज है। युद्ध से लेकर कूटनीति तक तालिबान को परास्त करने में नाकाम रही है। तालिबान का आतंक पहले अफगानिस्तान तक सीमित था, लेकिन पाकिस्तान जैसे मुल्क ने तालिबान का भी अलग नेटवर्क खड़ा करवा दिया। इसलिए अब अमेरिका, भारत, अफगानिस्तान और आसपास के मुल्कों के समक्ष बड़ी चुनौती यह है कि कैसे तालिबान का सफाया हो। यह किसी से छिपा नहीं है कि तालिबान की असली ताकत के पीछे मुख्य रूप से पाकिस्तान है। अमेरिका ने पिछले चार दशकों में अफगानिस्तान में अपने सैकड़ों सैनिक खोए हैं और अरबों डॉलर का नुकसान किया है। इसलिए ट्रंप आगामी राष्ट्रपति चुनाव से पहले किसी भी कीमत पर अमेरिकी सैनिकों की वापसी करा लेना चाहते हैं। इसका वे वादा भी कर चुके हैं। इसलिए वे पाकिस्तान की मदद से तालिबान को वार्ता की मेज पर लाकर उसे काबुल की सत्ता में भागीदार बनाने की रणनीति पर चल रहे थे। लेकिन तालिबान ने अपने पैरों कुल्हाड़ी मार ली है।

अफगानिस्तान के लिए आने वाला वक्त संकटों से भरा है। वहां इस महीने के आखिर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। अगर शांति समझौता हो जाता तो तालिबान के लिए अफगानिस्तान की सत्ता का रास्ता आसान हो जाता। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान की पकड़ मजबूत होने का मतलब है वहां पाकिस्तान की ताकत भी बढ़ेगी। यह स्थिति भारत के हितों के प्रतिकूल है। पिछले दो दशकों में भारत ने अफगानिस्तान के विकास में हर तरह से बड़ा योगदान दिया है, अरबों रुपए की परियोजनाएं वहां चल रही हैं। ऐसे में तालिबान का सत्ता में आना भारत के लिए किसी अशुभ से कम नहीं होता। और भारत के लिए सबसे ज्यादा मुश्किल तो यह होगी कि कश्मीर में अशांति के लिए पाकिस्तान तालिबान का जमकर इस्तेमाल करेगा। तालिबान पहले भी कश्मीर में आतंक फैलाता रहा है। ट्रंप बखूबी समझते हैं कि तालिबान हिंसा का रास्ता नहीं छोड़ेगा। हालांकि झटका तो उन्हें भी लगा है, लेकिन वार्ता तोड़ कर उन्होंने एक तरह से तालिबान को सबक ही सिखाया है।

कल्पमेधा

शब्द खतरनाक वस्तु हैं। सर्वाधिक खतरे की बात तो यह है कि वे हमसे यह कल्पना करा लेते हैं कि हम बातों को समझते हैं जबकि वास्तव में हम नहीं समझते।

–चक्रवर्ती राजगोपालाचारी

गरीबों की बिगड़ती सेहत

पंकज चतुर्वेदी

चिकित्सा सेवा के मामले में भारत के हालात श्रीलंका, भूटान और बांग्लादेश से भी बदतर हैं। अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य पत्रिका 'लांसेट' की ताजा रिपोर्ट 'ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज' में बताया गया है कि स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में भारत दुनिया के एक सौ पनच्यानवे देशों की सूची में एक सौ पैंतालीसवें स्थान पर है। रिपोर्ट कहती है कि भारत ने सन 1990 के बाद अस्पतालों की सेहत में सुधार तो किया है, लेकिन मरीजों की सेहत नहीं सुधर रही है।

हमारे देश की जनसंख्या सवा सौ करोड़ से ज्यादा है। इसमें करीब सत्ताईस करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करते हैं। इनमें से अनुसूचित जनजाति (एसटी) के 45.3 फीसद और अनुसूचित जाति (एससी) 31.5 फीसद लोग इस रेखा के नीचे आते हैं। इसकी जानकारी केंद्र सरकार ने कुछ महीनों पहले लोकसभा में दी थी। सरकार ने लोगों की जिंदगी में सुधार और गरीबी खत्म करने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन फिर भी न तो गरीबी मिट रही है और न ही भूख से मौत की घटनाएं थम रही हैं। बल्कि दोनों में इजाफा ही हो रहा है। असलियत यह है कि हर दिन हजारों लोग अपनी जमीन, गहने या जरूरी सामान बेच कर अपने प्रियजन का इलाज करवाते हैं और अच्छा खाता-पीता परिवार देखते ही देखते गरीब हो जाता है।

अभी बरसात विदा होने वाली है और यह मच्छरों के प्रकोप का काल है। दूरदराज के गांव-कस्बों से लेकर महानगरों तक के अस्पताल डेंगू और मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों के मरीजों से अटे पड़े हैं। प्लेटलेट्स कम होने, तेज बुखार या जोड़ों के दर्द का ऐसा खौफ है कि लोग अपने घर के बर्तन बेच कर भी पचास हजार रुपए तक खर्च कर रहे हैं। कुछ सौ रुपए खर्च कर मच्छर नियंत्रण से जिन बीमारियों को रोका जा सकता था, औसतन सालाना बीस लाख लोग इनकी चपेट में आकर इलाज पर अपनी गाढ़ी मेहनत की कमाई लुटाने को मजबूर हैं।

स्वास्थ्य के मामले में भारत की स्थिति दुनिया में शर्मनाक है। चिकित्सा सेवा के मामले में भारत के हालात श्रीलंका, भूटान और बांग्लादेश से भी बदतर हैं। अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य पत्रिका 'लांसेट' की ताजा रिपोर्ट 'ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज' में बताया गया है कि स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में भारत दुनिया के एक सौ पनच्यानवे देशों की सूची में एक सौ पैंतालीसवें स्थान पर है। रिपोर्ट कहती है कि भारत ने सन 1990 के बाद अस्पतालों की सेहत में सुधार तो किया है, लेकिन मरीजों की सेहत नहीं सुधर रही है। उस साल भारत को 24.7 अंक मिले थे, जबकि 2016 में ये बढ़ कर 41.2 हो गए हैं। देश के आंचलिक कस्बों की बात तो दूर, राजधानी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) या सफदरजंग जैसे अस्पतालों की भीड़ और आम मरीजों की दुर्गति किसी से छिपी नहीं है।

एक तो हम जरूरत के मुताबिक डाक्टर तैयार नहीं कर पा रहे, दूसरा देश की बड़ी आबादी न तो स्वास्थ्य के बारे में पर्याप्त रूप से जागरूक है और न ही उसके पास आकस्मिक चिकित्सा के हालात में बीमा जैसी कोई सुविधा या धन की व्यवस्था रहती है। हालांकि सरकार गरीबों के लिए मुफ्त इलाज की कई योजनाएं चलाती है, लेकिन व्यापक अशिक्षा और जानकारी के अभाव में ऐसी योजनाएं लाभकारी साबित नहीं हो पातीं। पिछले सत्र में ही सरकार ने संसद में स्वीकार किया कि देश में आठ लाख से ज्यादा डॉक्टर काम कर रहे हैं। एक अरब तैंतीस करोड़ की आबादी के हिसाब से तो औसतन प्रति हजार व्यक्ति पर एक डॉक्टर का आंकड़ा भी बहुत दूर लगता है। फिर, मेडिकल की पढ़ाई इतनी महंगी कर दी है कि जो भी बच्चा डॉक्टर बनेगा, उसकी मजबूरी होगी कि वह दोनों हाथों से केवल नोट कमाए।

पब्लिक हैल्थ फाउंडेशन आफ इंडिया (पीएचएफआइ) की एक रिपोर्ट बताती है कि सन 2017 में देश के साढ़े पांच करोड़ लोगों के लिए स्वास्थ्य पर किया गया व्यय आउट आफ पाकेट (ओओपी) यानी क्षमता से अधिक व्यय की सीमा से पार रहा। यह संख्या दक्षिण कोरिया, स्पेन या केन्या की आबादी से अधिक है। इनमें से साठ फीसद यानी तीन करोड़ अस्सी लाख लोग अस्पताल के खर्चों के चलते बीपीएल यानी गरीबी रेखा से नीचे आ गए। बानगी के तौर पर 'इंडिया स्पेंड' संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के पंद्रह जिलों के सौ सरकारी अस्पतालों से केवल एक दिन में लिए गए एक हजार दो सौ नब्बे परचों को लें तो उनमें से अट्ठावन फीसद दवाएं सरकारी अस्पताल में उपलब्ध नहीं थीं। जाहिर है, ये मरीजों को बाजार से अपनी जेब से खरीदनी पड़ीं।

भारत में लोगों की जान और जेब पर सबसे भारी पड़ने वाली बीमारियों में 'दिल और दिमागी दौरे' सबसे आगे हैं। भारत के पंजीयक और जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि सन 2015 में दर्ज तिरपन लाख चौहत्तर हजार आठ सौ चौबीस मौतों में से 32.8 फीसद इस तरह के दौरों के कारण हुईं। एक अध्ययन के मुताबिक भारत में उच्च रक्तचाप से ग्रस्त लोगों की संख्या सन 2025 तक इक्कीस करोड़ के पार हो जाएगी, जबकि सन 2002 में यह आंकड़ा 11.82 करोड़ था। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के सर्वेक्षण के अनुसार यह वृद्धि ग्रामीण इलाकों में होगी। भारत में हर साल करीब दो लाख लोग उच्च रक्तचाप की वजह से मर रहे हैं। चिंताजनक तथ्य यह है कि अब उन्नीस-बीस साल के नौजवान भी इसका शिकार तेजी से हो रहे हैं। इलाज में सबसे अधिक खर्च दवा पर होता है। भारत में इस बीमारी के इलाज में एक व्यक्ति को दवा पर अच्छा खासा खर्च करना पड़ता है और यह एक आम आदमी के लिए तनाव का विषय है। इस तरह के रोग पर करीब डेढ़ हजार रुपए हर महीने दवा पर खर्च करने पड़ते हैं। इलाज पर ज्यादा खर्च की चिंता इंसान को मधुमेह और हाइपर थायरायड जैसी बीमारियों की ओर धकेलती है। गरीबी, विषमता और आर्थिक बोझ से दबे लोग उच्च रक्तचाप जैसी बीमारी की चपेट में आकर लुट-पिट रहे हैं।

मधुमेह भी देश में महामारी की तरह फैल रहा है। इस समय भारत में कोई सात करोड़ लोग मधुमेह के शिकार हैं। इनमें बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी हैं। सरकार का अनुमान है कि हर साल इसके मरीज सवा दो लाख करोड़ की दवाएं खा रहे हैं जो देश के कुल स्वास्थ्य बजट का दस फीसद से ज्यादा है। बीते पच्चीस सालों में भारत में मधुमेह के मरीजों की संख्या में पैंसठ फीसद का इजाफा हुआ है। औसतन प्रति व्यक्ति दस हजार रुपए सालाना इसकी जांच और दवा पर खर्च होता है। समस्या ज्यादा गंभीर तब हो जाती है जब मधुमेह की वजह से किडनी, त्वचा, उच्च रक्तचाप और दिल की बीमारियां भी होने लगती हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं की जर्जरता की बानगी सरकार की सबसे प्रीमियम स्वास्थ्य योजना सीजीएचएस यानी केंद्रीय कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा योजना है। इसके तहत पंजीकृत लोगों में चालीस फीसद मरीज मधुमेह के हैं और वे हर महीने केवल नियमित दवा लेने जाते हैं। एक मरीज की औसतन हर दिन की पचास रुपए की दवा। वहीं, स्टेम सेल से मधुमेह के स्थायी इलाज का खर्च महज सवा से दो लाख है, लेकिन सीजीएचएस में यह इलाज शामिल नहीं है। ऐसे ही कई अन्य रोग हैं जिनकी आधुनिक चिकित्सा उपलब्ध है लेकिन सीजीएचएस में उसे शामिल नहीं किया गया। विभिन्न राज्यों में गरीबों को कार्ड देकर निजी अस्पताल में मुफ्त इलाज की अधिकांश योजनाएं निजी अस्पतालों का खजाना भरने का जरिया बनी हैं, इसके विपरीत गरीब कंगाल हो रहा है। महज पान मसाला-गुटखे या शराब के कारण देश में लाखों परिवार फटेहाल होते हैं। लेकिन सरकार राजस्व के लालच में इन पर पाबंदी लगाने से डरती है। गंभीरता से देखें तो इन व्यसनों से उपजी बीमारियों के इलाज में लगा धन व संसाधन राजस्व से हुई कमाई से ज्यादा ही होते हैं।

मुक्ति का सफर

कविता भाटिया

दुनिया मेरे आगे

पिछले दिनों पारिवारिक आयोजन के दौरान मेरा एक रेस्तरां में जाने का संयोग बना। उस दौरान मैंने बदलती हुई एक नई सामाजिक प्रवृत्ति को देखा। लगभग आठ-दस महिलाएं जिनकी उम्र पचास से सत्तर वर्ष के बीच रही होगी, वे रेस्तरां के कोने में बड़ी टेबल पर आपस में मिल-जुल कर खा-पी रही थीं, बतिया रही थीं और बीच-बीच में उन्मुक्त ठहाके भी लगा रही थीं। उनकी स्वच्छंद हंसी, शरारतें और चंचल निगाहें मुझे लगातार उधर ही देखने को विवश कर रही थीं। भरवां गोलगप्पे, पावभाजी और पिज्जा के स्वाद को मैं उनकी आंखों की चमक से महसूस कर रही थी। बच्चों, पति और घर-गृहस्थी के दायित्वों से मुक्त दिख रही वे स्त्रियां मुझे स्त्री-मुक्ति का जश्न मनाती लगीं। आयु की वजह से शारीरिक रूप से भले ही वे अपेक्षाकृत कुछ कमजोर हो गई थीं, पर 'अभी तो मैं जवान हूं' की तर्ज पर वे इठला रही थीं। शायद पितृसत्तात्मक समाज से अब तक मिली अवमानना और उससे उपजी निराशा, अवसाद और घुटन को कम से कम उस समय दरकिनार कर ये आत्मविश्वासी स्त्रियां बेखौफ और बेबाक दिख रही थीं। अपनी सोच और आकांक्षाओं के अनुरूप जीने की कोशिश करतीं इसी सामाजिक व्यवस्था में अपने लिए छोटे-छोटे सुख तलाशने की यात्रा करतीं इन स्त्रियों को देखना मेरे लिए थोड़ा खास अनुभव था, लेकिन मुझे यह सब देख बहुत भला लग रहा था। इसके बाद अलग-अलग दो अन्य अवसरों पर फिर ऐसे ही दृश्य देखने को मिले और फिर मेरे मनोमस्तिष्क में कुछ पुरानी-नई तस्वीरों से जुड़ी बातें दस्तक देने लगीं।

याद आने लगा कि पहले मोहल्ले में स्त्रियां घर के कामकाज से निवृत्त होकर दोपहर से पहले या शाम को पति के आने से पूर्व अपने समूह में स्वेटर बुनतीं, पापड़-बड़ियां बनातीं, अपनी-अपनी बालकनी में सूखे कपड़े उतारतीं या फिर अन्य कामों के साथ-साथ आत्मसंतोष के लिए परस्पर अपने निजी सुख-दुख को साझा किया करती थीं। इस क्रम में केवल सुख-दुख का साझापन ही नहीं, बल्कि एक-दूसरे को दी जाने वाली सीख और नसीहतें भी शामिल रहती थीं। समय बदलने के साथ-साथ बालकनियां सिमटने और मिटने लगीं। सोसाइटी फ्लैटों के चलन ने स्त्रियों को घर के भीतर समेट दिया। टेलीविजन की दुनिया उनकी दुनिया बनने लगी। सास-बहू के धारावाहिकों ने उनकी दुनिया में अपनी जगह बनाई। आज के अति आधुनिक कहे जाने वाले समय में स्मार्टफोन के चलन ने अन्य समूहों की तरह स्त्रियों को भी चारदिवारी से मुक्त कर एक तरह की उन्मुक्तता दी है। वे सोशल मीडिया का हिस्सा बन कर आज वहां अपने सुख-दुख, परेशानियों और दिक्कतों को बिना झिझक और दुराव-छिपाव के साझा कर रही हैं। इसके अलावा, मर्दवादी सोच को चुनौती देते हुए सामाजिक-राजनीतिक विषयों पर भी बेबाकी से अपनी राय रख रही हैं।

इस सबसे जहां उनमें निजता का भाव प्रबल हुआ है, वहीं आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। माना जा रहा है कि इस तरह एक नई किस्म का 'साइबर स्त्रीवाद' तैयार हो रहा है। यह मुक्ति वैयक्तिक ऊर्जा और संघर्ष के सहारे अपने 'स्पेस' की खोज है। सन 1792 में मेरी वोल्सटन क्राफ्ट ने अपनी पुस्तक 'विंडिकेशन ऑफ द राइट्स ऑफ वीमेन' में स्त्री समाज के अधिकारों और जीवन निर्वाह के क्षेत्र में उनके अपने स्वतंत्र निर्णय लेने के विषय के बारे में विचार प्रतिपादित किए थे। स्त्री मुक्ति का अर्थ पुरुष हो जाना कतई नहीं है। पुरुषों की तरह सिगरेट, शराब के कश लगाना, क्लब और पब संस्कृति को अपनाना और अपनी देह का कामुक प्रदर्शन कर केवल यौन उच्छृंखलता का परिचय देना भी स्त्री मुक्ति नहीं। बल्कि समाज द्वारा बनाए गए स्त्रीत्व के बंधनों से मुक्ति के साथ मनुष्यत्व की दिशा में कदम बढ़ाना ही सही अर्थों में 'स्त्री स्वतंत्रता' है।

यह मुक्ति की लड़ाई समानता की है, अपने अधिकारों की प्राप्ति की है। जिस समाज में अपने घरेलू जीवन और दायित्वों को निभातीं, अपने परिश्रम को ही पारिश्रमिक मानते हुए स्त्रियां जीवन जीती हैं, वहीं थेरी गाथाओं में पूर्णिमा और सुमंगला की स्त्री स्वतंत्रता की कविताओं में स्त्री का शुरुआती क्रांतिकारी रूप देखा जा सकता है, जहां कष्टमय घरेलू जीवन और पति की अवहेलना झेलती स्त्री मुक्त होकर अपने आनंद को 'अहो! मैं मुक्त नारी! मेरी मुक्ति कितनी धन्य है...' कह कर व्यक्त करती हैं। महादेवी वर्मा के 'कीर का प्रिय! आज पिंजर खोल दो...' के स्त्रीवादी विद्रोह से आगे बढ़ते हुए आधुनिक कवयित्री स्नेहमयी चौधरी की कविता- 'उन्मुक्त हूं देखो/ और यह आसमान...' से मृदुला गर्ग की 'हरी बिंदी' कहानी की नायिका आधुनिक नारी का प्रतिनिधित्व करती अपने विद्रोह को ही दर्शाती है। पुरातन सामाजिक परंपराओं और रूढ़ हो चुकी मान्यताओं को ठेंगा दिखातीं ये महिलाएं दरअसल स्त्री मुक्ति की राही हैं। यह मुक्ति की मशाल महानगरों के ऊंचे भवनों से आगे निकल कर सुदूर प्रांतों के गांवों के छोटे घरों में रहने वाली स्त्रियों तक ले जाने की आवश्यकता है, तभी 'मुक्ति' की यह अवधारणा सार्थक होगी।

हार की जीत

भारत बीते शनिवार की सुबह इतिहास रचने से दो कदम दूर रह गया। अगर सब कुछ ठीक रहता तो वह दुनिया का पहला देश बन जाता जिसका अंतरिक्ष यान चंद्रमा की सतह के दक्षिण ध्रुव के करीब उतरता। लेकिन आखिरी पल में चंद्रयान-2 का 47 दिन का सफर अधूरा रह गया। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन ने चंद्रमा की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' कराई थी लेकिन दक्षिण ध्रुव पर नहीं। चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर जाना बहुत जटिल था इसलिए भारत का मून मिशन चंद्रमा की सतह से 2.1 किलोमीटर दूर रह गया। क्या इसरो की यह हार है या इस हार में भी जीत छुपी है? आखिर चंद्रयान-2 की 47 दिनों की यात्रा अंतिम पलों में क्यों रह गई? क्या कोई तकनीकी खामी थी?

दरअसल, विक्रम लैंडर से भले ही निराशा मिली लेकिन यह मिशन नाकाम नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर चांद की कक्षा में अपना काम कर रहा है और इसने विक्रम लैंडर को ढूंढ़ भी लिया है। इस ऑर्बिटर में कई उपकरण हैं जो अच्छे से काम कर रहे हैं। लिहाजा, इस हार में जीत भी है। ऑर्बिटर भारत ने पहले भी पहुंचाया था लेकिन चंद्रयान-1 के ऑर्बिटर से चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर ज्यादा आधुनिक और वैज्ञानिक उपकरणों से लैस है।

इस विफलता से इसरो पीछे नहीं जाएगा और प्रधानमंत्री ने भी यही बात दोहराई है। अमेरिका, रूस और चीन को चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग में सफलता मिली है। सॉफ्ट लैंडिंग का मतलब होता है कि आप सैटेलाइट को किसी लैंडर से सुरक्षित उतारें और वह अपना काम सुचारु रूप से कर सके। चंद्रयान-2 को भी इसी तरह चंद्रमा की सतह पर उतारना था लेकिन आखिरी क्षणों में यह सभव नहीं हो पाया। दुनिया भर के पचास फीसद से भी कम मिशन हैं जो सॉफ्ट लैंडिंग में कामयाब रहे हैं। जो भी अंतरिक्ष विज्ञान को समझते हैं वे जरूर भारत के इस प्रयास को प्रोत्साहन देंगे।

● *विपिन डागर, सीसीएस यूनिवर्सिटी, मेरठ*

विसर्जन के समय

हर साल की तरह इस वर्ष भी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का समय आ गया है। देश के कोने-कोने में बड़ी मात्रा में श्रद्धालु तालाबों, नदियों व अन्य जलाशयों में विसर्जन के लिए जाते हैं। विसर्जन के दौरान कई बार लापरवाही बरतने, सेल्फी लेने या अति उत्साह में गहरे पानी में चले जाने से श्रद्धालुओं की डूबने से मृत्यु हो जाती है। जिन परिवारों की आंखों के तारों ऐसे हादसों के शिकार होते हैं वहां उत्साह व आनंद की जगह मातम पसर जाता है। इन पर्वों को आनंद के साथ मनाएं, अति उत्साह और श्रद्धा के जोश में होश न खोएं। इसलिए श्रद्धालुओं को अतिरिक्त सावधानी व सजगता से विसर्जन करना चाहिए।

● *हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद, उज्जैन*

मुफ्त का नुकसान

दिल्ली में केजरीवाल सरकार द्वारा महिलाओं को मैट्रो और सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कराने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने वाजिब सवाल उठाया है। दिल्ली सरकार ने आगामी चुनावों में जीत हासिल करने के लिए घोषणा तो कर दी कि महिलाओं को मैट्रो और सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी पर वह भूल रही है कि हमारा देश पहले ही आर्थिक मंदी से जूझ रहा है। ऐसे में मुफ्त की सुविधा के फैसले सरकार व देश की आर्थिक स्थिति पर भाड़ी पड़ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना कि वे इस तरह मुफ्त की सौगात नहीं बांट सकते, सोलह आने सही है क्योंकि इससे दिल्ली मैट्रो को बहुत नुकसान होगा और वह घाटे में आ जाएगी।

● *जानवी बिट्टल, जालंधर*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

इंटरनेट की लत

'देश में प्रतिदिन 1.5 जीबी का इंटरनेट डेटा युवाओं को उनकी बेरोजगारी का अहसास नहीं होने दे रहा है!' इस गंभीर बात के स्पष्ट रूप से दो पहलू हैं। एक तरफ देश में तेजी से बेरोजगारी बढ़ रही है तो दूसरी तरफ युवाओं की एक बड़ी संख्या 'साइबर एडिक्शन' यानी इंटरनेट के आभासी संसार में रमे रहने की लत की तरफ बढ़ रही है। फिलहाल हमारी आबादी का एक बड़ा हिस्सा इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की लत का शिकार हो चुका है। यह संकट भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में तेजी से फैलता जा रहा है और अब तो हालात ऐसे हो गए हैं कि युवाओं में बेरोजगारी सहित देश की वास्तविक समस्याओं के प्रति सोचने और समझने की क्षमता ही खत्म हो रही है। मशहूर लेखक निकोलस कार ने मन-मस्तिष्क पर इंटरनेट के प्रभाव पर अपनी चर्चित पुस्तक 'दि शैलोज' में कहा है, 'इंटरनेट हमें सनकी बनाता है, तनावग्रस्त करता है, हमें उस ओर ले जाता है जहां हम इसी पर निर्भर हो जाएं।'

भारत में बेहद सस्ती दरों पर उपलब्ध डेटा की वजह से गरीब तबके के लोगों के पास भी स्मार्टफोन आ गए हैं जिनका सदुपयोग के बजाय कुछ स्तर तक दुरुपयोग भी होने लगा है। दुनिया में नशीले पदार्थों का कारोबार जिस तेजी से फैल रहा है, उससे कहीं अधिक रफ्तार से लोग सोशल मीडिया की गिरफ्त में फंस रहे हैं। युवाओं के अलावा बच्चे भी अब डिजिटल लत का शिकार हो रहे हैं। अमेरिका सहित कई देशों में तो इसके इलाज के लिए बाकायदा क्लीनिक भी खुल गए हैं, लेकिन भारत जैसे विकासशील देशों में अभी तक इस पहलू पर गंभीरता से सोचा ही नहीं गया है। वक्त आ गया है जब इस समस्या का समाधान तलाशा जाए, नहीं तो युवा शक्ति विकास के बजाय विनाश पर उतारू हो सकती है।

● *सोनू कुमार सोनी, बेतिया, बिहार*

बड़ा कदम

तीन तलाक के खिलाफ बने कानून ने करोड़ों मुसलिम माताओं-बहनों के लिए न्याय और सम्मान से जीने की राह खोल दी है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक बहुत बड़ा कदम है। यह कानून बनने के बाद करोड़ों मुसलिम महिलाएं जिनमें अधिकतर गरीब वर्ग की ही पीड़ित होती हैं, सम्मान के साथ रह पाएंगी। इसके साथ ही सरकार को मुसलिम महिलाओं की शैक्षिक दशा सुधारने की दिशा में भी ठोस कदम उठाने चाहिए।

● *वेद प्रकाश, गुरुग्राम, हरियाणा*

epaper.jansatta.com

जरा हट के

न्यूयार्क फैशन वीक में रविवार को एक मॉडल टॉमीनाउ फाल रनवे शो में एक डिजायनर की पोशाक पहनकर कैटवाक करती हुई।

बोल

तालिबान ने कुंदुज पर हमला किया और नागरिकों एवं उनके घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। वे शहर में भय का वातावरण बनाना चाहते थे।

-अशरफ गनी, अफगानिस्तान के राष्ट्रपति

विवाद

अगर दुनिया ने कश्मीर पर भारत के फैसले को रोकने के लिए कुछ नहीं किया, तो दो परमाणु-हथियार संपन्न देश प्रत्यक्ष सैन्य टकराव के करीब पहुंच जाएंगे।

-इमरान खान, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री

सम-सामयिक

लैंडर विक्रम : क्या है आगे की राह

जनसत्ता संवाद

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख के सिवन ने जब यह कहा कि चंद्रयान-2 के लैंडर विक्रम के चंद्रमा की सतह पर होने का पता चला है और वह क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है तो उम्मीद जगी कि इसके साथ संपर्क कायम किया जा सकता है। वैज्ञानिक इसके प्रयास में जुट गए हैं। अब अगली सूचना तब मिल सकती है, जब चंद्रमा के चक्कर काट रहा भारतीय ऑर्बिटर ठीक लैंडर विक्रम के ऊपर सौ किलोमीटर की दूरी पर होगा और तसवीरें खींचेगा। साथ ही, धरती के ऑर्बिटर को भेजे गए संकेत के आगे लैंडर विक्रम तक प्रसारित किया जाएगा। अगर लैंडर विक्रम वह संकेत पकड़ लेता है तो इसरो के वैज्ञानिक परियोजना को पूरी तरह सफल घोषित कर सकेंगे।

भारतीय अंतरिक्ष एजंसी इसरो द्वारा चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-2 के विक्रम लैंडर की 'सॉफ्ट लैंडिंग' का अभियान तय योजना के मुताबिक पूरा नहीं हो पाया था। लैंडर को शुक्रवार देर रात लगभग एक बजकर 38 मिनट पर चांद की सतह पर उतारने की प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन चांद पर नीचे की तरफ आते समय 2.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर जमीनी स्टेशन से इसका संपर्क टूट गया।

इसके बाद ऑर्बिटर की ओर से भेजे गए संकेतों (सिग्नल) का लैंडर से जवाब नहीं आया। लेकिन पहले 'थर्मल इमेजिंग' से ऑर्बिटर ने लैंडर के चंद्रमा की सतह पर होने की जगह ढूंढ निकाली। वैज्ञानिकों ने ऑर्बिटर को लैंडर की तरफ रवाना किया, नजदीक जाने पर उसने फोटो भेजी। इसके आधार पर वैज्ञानिकों ने सोमवार को ऐलान कर दिया कि यह टूटा नहीं, हालांकि झुकी हुई हालत में है।

इसरो को चंद्रमा से जो जानकारियां मिल रही हैं- उससे साफ है कि ऑर्बिटर सही से काम कर रहा है। ऑर्बिटर मिशन का मुख्य हिस्सा था। इसे एक साल से ज्यादा वक्त तक काम करना है। दूसरी तरफ, लैंडर विक्रम जिस रोवर प्रज्ञान को चंद्रमा पर ले गया है, उसे एक चंद्र दिवस तक काम करने के लिए प्रोग्राम किया गया है। एक चंद्र दिवस पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर होता है।

इसरो के वैज्ञानिकों के मुताबिक लैंडर विक्रम सुरक्षित है और कोई भी टूट-फूट नहीं हुई है। लैंडर के साथ संचार को फिर से स्थापित करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। विक्रम लैंडर अपने तय स्थान से करीब 500 मीटर दूर चांद की जमीन पर गिरा पड़ा है, लेकिन अगर उससे संपर्क स्थापित हो जाए तो वह वापस अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है। चंद्रयान-2 के विक्रम लैंडर में वह तकनीक है कि वह गिरने के बाद भी खुद को खड़ा कर सकता है, लेकिन उसके लिए जरूरी है कि उसका धरती के केंद्र से संपर्क हो जाए और वाया ऑर्बिटर वह कमांड ग्रहण करने लगे। वैज्ञानिक मानते हैं कि इस काम के सफल होने की उम्मीदें एक फीसद ही है।

विक्रम लैंडर के नीचे की तरफ पांच 'थ्रस्टर्स' लगे हैं, जिसके जरिए इसे चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करनी थी। इसके अलावा विक्रम लैंडर के चारों तरफ भी थ्रस्टर्स लगे हैं, जो अंतरिक्ष में यात्रा के दौरान उसकी दिशा तय करने के लिए चालू किए जाते थे। लैंडर के जिस हिस्से में संचार का एंटीना दबा है, उसी हिस्से में थ्रस्टर्स भी हैं। अगर धरती के ग्राउंड स्टेशन से भेजे गए कमांड को सीधे या ऑर्बिटर के जरिए दबे हुए एंटीना ने रिसीव कर लिया तो उसके थ्रस्टर्स को चालू किया जा सकता है। थ्रस्टर्स ऑन होने पर विक्रम वापस अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है।

हाथ में 11 दिन

वैज्ञानिकों के मुताबिक उनके पास लैंडर विक्रम से संपर्क साधने के लिए 11 दिन हैं। अभी चंद्र दिवस चल रहा है। एक लूनर डे धरती के 14 दिनों के बराबर होता है। इसमें से तीन दिन बीत चुके हैं। अगले 11 दिनों तक चांद पर दिन रहेगा। उसके बाद चांद पर रात हो जाएगी, जो पृथ्वी के 14 दिन के बराबर होती है। रात में लैंडर से संपर्क करने में दिक्कत होगी। फिर इसरो के वैज्ञानिकों को इंतजार करना पड़ेगा।

शोध-अनुसंधान

चांद पर आर्यभट्ट से लेकर डॉ भाभा तक

जनसत्ता संवाद

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-2 की कुछ तस्वीरें साझा कीं और उन पर लिखे कुछ नामों से पता चला कि भले ही भारत के महान वैज्ञानिकों की याद में चांद की उल्लेखनीय जगहों के नाम सदियों से रखे जा रहे हैं। हाल में चांद के सतह पर एक 'क्रेटर' (विशालकाय गड्ढे) का नाम 'मित्र' रखे जाने का पता चला, जो 70 के दशक के प्रसिद्ध भौतिकशास्त्री और रेडियो विज्ञानी शिशिर कुमार मित्र हैं। खोज करने पर पता चला कि चंद्रमा पर और भी ऐसे क्रेटर हैं, जिनका नामकरण भारतीय वैज्ञानिकों के नाम से किया गया है। इनमें भाभा क्रेटर, साराभाई क्रेटर, सीवी रामन क्रेटर और जेसी बोस क्रेटर शामिल हैं। चंद्रमा के एक क्रेटर का नाम प्राचीन खगोलशास्त्री आर्यभट्ट के नाम पर भी है।

हाल में इसरो के द्वारा जारी तस्वीरों में 'मित्र क्रेटर' के अलावा सॉमरफिल्ड, किकर्वुड, जैक्सन, माक, कोरोलेव, प्लासकेट, रोझदेस्तवेंस्की और हर्माइट नामक विशालकाय गड्ढों की तस्वीरें हैं। दरअसल, चांद पर खोजी गई हजारों विशेषताओं के नाम विख्यात वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष यात्रियों और भौतिक विज्ञानियों के नाम पर रखे जाते हैं।

चंद्रयान-2 की नवीनतम तस्वीरों में जो विभिन्न क्रेटर दिख रहे हैं, उनमें से एक को 'मित्र क्रेटर' बताया गया है। इसरो के मुताबिक, चंद्रयान-2 ने चंद्रमा के सतह की ये तस्वीरें 23 अगस्त को चंद्रयान-2 के टेरेन मैपिंग कैमरा- 2 द्वारा करीब 4375 किलोमीटर की ऊंचाई से ली। 1970 के दशक में इस क्रेटर का नाम वैज्ञानिक शिशिर कुमार मित्र के नाम पर रखा गया। वर्ष 1962 में पद्म भूषण से सम्मानित प्रोफेसर शिशिर कुमार मित्र ने आयनमंडल (वायुमंडल के ऊपरी क्षेत्र) और रेडियोफिजिक्स के क्षेत्र में भारत में होने वाले शुरुआती अनुसंधान कार्यों का नेतृत्व किया। वे भारत में रेडियो विज्ञान में स्नातकोत्तर शिक्षा एवं अनुसंधान की शुरुआत करने वाले पहले व्यक्ति थे।

ग्रहों की प्रणाली का नामकरण करने वाले इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन (आइएयू) के कार्य समूह डब्ल्यूजीपीएसएन ने चंद्रमा के विभिन्न क्रेटर (विशालकाय गड्ढों) का नामकरण किया है। चंद्रमा पर कई क्रेटर हैं, जिनका नामकरण भारतीय वैज्ञानिकों के नाम पर किया गया है। इनमें भाभा क्रेटर, साराभाई क्रेटर, सीवी रामन क्रेटर और जेसी बोस क्रेटर शामिल हैं।

चंद्रमा में क्रेटर

'मित्र क्रेटर' का व्यास 92 किलोमीटर है। हालांकि, इस क्रेटर की गहराई का पता अभी तक नहीं लगाया जा सका है। चांद की सतह पर किसी उल्कापिंड के गिरने, ज्वालामुखी फटने, भूगर्भ में विस्फोट या फिर अन्य किसी विस्फोटक ढंग से बनने वाले लगभग गोल आकार के विशाल गड्ढे 'क्रेटर' कहे जाते हैं।

क्रेटर कई प्रकार के होते हैं, जिनमें प्रहार क्रेटर, ज्वालामुखीय क्रेटर, धंसाव क्रेटर, विस्फोट क्रेटर, बिल क्रेटर और मार क्रेटर शामिल हैं। चंद्रमा के उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में चंद्रयान-2 के द्वारा मानचित्रण के दौरान कैद किया गया 'मित्र क्रेटर' एक प्रहार या 'इंपैक्ट क्रेटर' है। जब अत्यधिक रफ्तार से गिरता कोई छोटा पिंड किसी दूसरे बड़े पिंड की सतह से टकराता है तो प्रहार क्रेटर बनते हैं। ज्वालामुखी फटने से ज्वालामुखी क्रेटर, जमीन धंसने से धंसाव क्रेटर, खौलते लावा में पानी मिलने से मार क्रेटर, जमीन के नीचे के खाली स्थान या गुफा की छत के गिरने से बिल क्रेटर और जमीन के नीचे विस्फोट से मलबा बाहर निकलने पर विस्फोट क्रेटर बनते हैं।

ग्रहों की प्रणाली का नामकरण करने वाले इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन (आइएयू) के कार्य समूह डब्ल्यूजीपीएसएन ने विभिन्न क्रेटर का नामकरण किया है। लगभग 100 साल पहले स्थापित, आइएयू 100 से अधिक देशों के खगोलविदों का दुनिया में सबसे बड़ा संगठन है। जब किसी ग्रह या उपग्रह की सतह की पहली छवियां प्राप्त होती हैं, तो आइएयू कार्य समूह के सदस्यों द्वारा कुछ विशिष्ट नामों की सिफारिश की जाती है। सुझाए गए नामों की समीक्षा टास्क फोर्स द्वारा की जाती है और फिर प्रस्तावित नाम कार्य समूह को सौंप दिए जाते हैं, जहां मतदान के आधार पर उपयुक्त नामों का चयन किया जाता है।

विश्व परिक्रमा

'परमाणु बम का पहले इस्तेमाल नहीं करेंगे'

रविवार, 1 सितंबर : पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि भारत के संदर्भ में उनका देश पहले परमाणु हथियारों का इस्तेमाल या फिर सैन्य हमला न करने की नीति पर चल रहा है। लाहौर में पहले अंतरराष्ट्रीय सिख सम्मेलन में उन्होंने कहा, 'हम दोनों परमाणु हथियार रखने वाले देश हैं। अगर तनाव बढ़ता है तो दुनिया खतरे में होगी।

हांगकांग : प्रदर्शनकारियों ने ट्रेनें रोकीं

सोमवार, 2 सितंबर : हांगकांग में तीन माह से चल रहे सरकार विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। बीते सप्ताहांत हुई हिंसा के बाद लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों ने रेलगाड़ियों को निशाना बनाया।

जर्मनी : दूसरे विश्व युद्ध का बम मिला

मंगलवार, 3 सितंबर : जर्मनी के एक शहर में उस समय सनसनी फैल गई जब वहां दूसरे विश्व युद्ध में गिरा एक बम बरामद किया गया। यह हनोवर शहर की घटना है। इसके बाद 15 हजार लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा।

राबर्ट मुगाबे

मध्यावधि चुनाव कराने का प्रस्ताव

बुधवार, 4 सितंबर : ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को बेक्जिट मामले में बुधवार को संसद से दूसरा झटका लगा। सांसदों ने बिना किसी समझौते के यानी नो डील ब्रेग्जिट को रोकने संबंधी विधेयक को समर्थन दे दिया। इसके बाद बोरिस जॉनसन ने 15 अक्तूबर को देश में मध्यावधि चुनाव कराने का प्रस्ताव रखा।

बहामास में तबाही, 30 लोगों की मौत

गुरुवार, 5 सितंबर : बहामास में शक्तिशाली तूफान डोरियन से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 30 हो गई। पहले यह संख्या 20 बताई गई थी। वहां के प्रधानमंत्री हुबर्ट मिनिस ने कहा कि डोरियन तूफान ने 'कई पीढ़ियों को नुकसान' पहुंचाया।

पूर्व राष्ट्रपति रॉबर्ट मुगाबे का निधन

शुक्रवार, 6 सितंबर : जिम्बाब्वे के पूर्व राष्ट्रपति और लंबे समय तक सत्ता में रहे रॉबर्ट मुगाबे का निधन हो गया। वे 95 साल के थे। उन्होंने 37 साल तक देश पर शासन किया।

विकिपीडिया पर साइबर अटैक

शनिवार, 7 सितंबर : वेबसाइट विकिपीडिया साइबर हमले के चलते यूरोप और मध्य-पूर्व समेत कई देशों में ठप हो गई। विकिमीडिया फाउंडेशन सर्वर को 'डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस' (डीडीओएस) का सामना करना पड़ा।

जानें-समझें

चंद्रयान का 'ऑर्बिटर' चांद से सौ किमी दूर टिकी उम्मीदें

दीपक रस्तोगी

चांद की सतह पर उतरने से पहले लैंडर विक्रम की 'हार्ड लैंडिंग' के बाद अब उम्मीदें चंद्रमा की परिक्रमा कर रहे यान 'ऑर्बिटर' पर टिक गई हैं। ऑर्बिटर ने लैंडर विक्रम की स्थिति का पता लगाया। करीब से तसवीरें लेने और संचार के सिग्नल स्पष्ट करने के लिए इसरो ने ऑर्बिटर को ठीक उस जगह 90 डिग्री के कोण पर भेजा है, जहां लैंडर विक्रम के होने के संकेत मिले हैं। सौ किलोमीटर ऊपर चंद्रमा की कक्षा में स्थित ऑर्बिटर के जरिए इसरो के केंद्र से लैंडर को संकेत भेजे जा रहे हैं। उसे खड़ा करने की कोशिश की जा रही है। इन जानकारियों से स्पष्ट है कि अपनी पहली परीक्षा में ऑर्बिटर पूरी तरह खरा उतरा है। 'हार्ड लैंडिंग' के बाद चंद्रयान-2 मिशन का पूरा दारोमदार ऑर्बिटर पर केंद्रित हो गया है।

सात साल तक मिलेंगी जानकारियां

इसरो ने लैंडर विक्रम के साबूत बचे रहने, लेकिन पलट गए होने का खुलासा किया है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर में लगे कैमरों ने लैंडर की मौजूदगी का पता लगाया। वैज्ञानिकों के मुताबिक, ऑर्बिटर के सही ढंग से काम करने से मिशन के 90 से 95 फीसद लक्ष्य हासिल कर लिए जाएंगे। ऑर्बिटर के काम करने की नियोजित अवधि एक साल से अधिक की है, लेकिन यह सात साल तक कार्य करता (ऑपरेशनल) रहेगा। वह डेटा भेजता रहेगा। पहले ही चांद की कक्षा में स्थापित ऑर्बिटर चांद की विकास यात्रा, सतह की संरचना, खनिज और पानी की उपलब्धता आदि के बारे में हमारी समझ को और बेहतर बनाने में मदद करेगा।

कैमरा सबसे बेहतर

2379 किलोग्राम वजनी ऑर्बिटर अपने आठ अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए पता लगाएगा कि चांद अपने वर्तमान स्वरूप में कैसे आया, वहां कौन-कौन से खनिज हो सकते हैं, पानी की गुंजाइश कितनी है। इसरो ने बताया कि ऑर्बिटर का कैमरा किसी भी चंद्र अभियान में इस्तेमाल हुए कैमरों में सबसे ज्यादा रिजॉल्यूशन (0.3 मीटर) वाला है। वह हाई रिजॉल्यूशन तस्वीरें भेजेगा, जो दुनिया भर के वैज्ञानिकों के लिए काफी उपयोगी साबित होंगी। चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर में चंद्रमा की सतह का मानचित्रण करने के लिए विशेष यंत्र लगाए गए हैं। लैंडर विक्रम को दो सितंबर को ऑर्बिटर से अलग किया गया था। ऑर्बिटर इस समय चांद की सतह से करीब 100 किलोमीटर ऊंचाई पर कक्षा में चक्कर लगा रहा है। ऑर्बिटर बंगलुरु में स्थित इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क (आइएसडीएन) से संपर्क में है।

चांद का एक्स-रे और 3डी मैप

चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर पर लगा 'लार्ज एरिया सॉफ्ट एक्सरे स्पेक्ट्रोमीटर' यहां सतह पर पड़ने वाले सूर्य के प्रकाश के आधार पर यहां मौजूद मैग्नीशियम, एल्यूमिनियम, सिलिकॉन आदि का पता लगाएगा। यान पर लगा 'पेलोड टेरेन मैपिंग' कैमरा हाई रिजॉल्यूशन तस्वीरों की मदद से चांद की सतह का नक्शा तैयार करेगा। 'इमेजिंग आइआरएस स्पेक्ट्रोमीटर' की मदद से यहां की सतह पर पानी और अन्य खनिजों की उपस्थिति के आंकड़े जुटाने में मदद मिलेगी। नासा के पूर्व वैज्ञानिक जैरी लिनेगर के मुताबिक, आर्बिटर से हमें बहुत सारी जानकारियां मिलने की उम्मीद हैं। भविष्य में जब भी कोई देश चांद पर अपना स्टेशन स्थापित करने की कोशिश करेगा, तो उसे चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से मिली जानकारियों से बड़ी मदद मिलेगी।

पर्याप्त ईंधन मौजूद, बढ़ी उम्र

इसरो के एक अधिकारी के मुताबिक, 'ऑर्बिटर में पर्याप्त ईंधन मौजूद है। यान को चांद की कक्षा में प्रवेश कराने तक हमने किसी त्रुटि का सामना नहीं किया। अतिरिक्त ईंधन का बिलकुल भी इस्तेमाल नहीं किया गया। जीएसएलवी-मार्क ।।। (जिसने अंतरिक्ष यान को प्रक्षेपित किया) के प्रदर्शन और शानदार मिशन प्रबंधन की वजह से हमारे पास इसे (ऑर्बिटर) सात साल तक आगे जारी रखने के लिए पर्याप्त ईंधन है।'

क्या है जानकारों की राय

ऑर्बिटर वह काम कर सकता है, जो लैंडर और रोवर नहीं कर सकते। रोवर प्रज्ञान का रिसर्च का दायरा 500 मीटर तक सीमित है, जबकि ऑर्बिटर करीब 100 किमी की ऊंचाई से पूरे चंद्रमा की जानकारी जुटाएगा। उसमें लगे उपकरण बहुत अच्छे हैं।

- एम अन्नादुरई, 2008 में चंद्रयान-1 मिशन के परियोजना निदेशक

विक्रम मॉड्यूल की स्थिति की जानकारी देना निःसंदेह साबित करता है कि ऑर्बिटर सही से काम कर रहा है। ऑर्बिटर मिशन का मुख्य हिस्सा था क्योंकि इसे लंबे वक्त तक काम करना है।

- अजय लेले, रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान के सीनियर फेलो

अगली चुनौती ऑर्बिटर के लैंडर के साथ संपर्क स्थापित करने की है। संपर्क स्थापित करने की संभावना कम है, क्योंकि अब तक लैंडर से न तो कोई सिग्नल मिला है और न ही उसने कोई सिग्नल ग्रहण किया है। सफलता की संभावना एक फीसद है।

- एस नांबी नारायणन, इसरो के पूर्व वैज्ञानिक



व्यक्तित्व

पुष्पा : पाक में एएसआइ बनने वाली पहली हिंदू

जनसत्ता संवाद

पुष्पा कोहली का नाम उन महिलाओं की फेहरिस्त में शामिल हो गया है, जो पाकिस्तान में कामयाबी की बुलंदी पर पहुंची है। वह पाकिस्तान की पहली हिंदू महिला हैं, जो सिंध पुलिस में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (एएसआइ) बनी हैं। उनकी नियुक्ति की खबर को सोशल मीडिया पर साझा किया गया था, जो वायरल हो गई थी। पाकिस्तान के मानवाधिकार कार्यकर्ता और ब्लागर कपिल देव ने पुष्पा कोहली के बारे में खबर को अपने ट्विटर अकाउंट पर साझा किया था। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, 'सिंध पब्लिक सर्विस कमिशन की प्रतियोगी परीक्षा पास कर सिंध पुलिस में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर बनने वाली पुष्पा कोहली पहली हिंदू लड़की हैं। उसे और अधिक शक्ति मिले।' पाकिस्तान में हिंदू समुदाय अल्पसंख्यक है। वहां की कुल जनसंख्या में हिंदुओं की आबादी करीब दो फीसद है। वहां के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय में महिलाओं की स्थिति अच्छी नहीं मानी जाती और वे उपेक्षा की शिकार रही हैं। ऐसे में महिलाएं सफलता की नई मिसाल बन रही हैं। पाकिस्तान में 75 लाख हिंदू हैं। और अधिकांश हिंदू आबादी सिंध प्रांत में बसी है। 29 साल की पुष्पा कोहली का परिवार सिंध के मिरपुखाज जिले के समारो में रहता है। वह अपने पांच भाई-बहन में सबसे छोटी हैं। उनके पिता की एक छोटी सी दुकान है। उनकी मां जनसंख्या कल्याण विभाग में परिवार नियोजन तकनीकी अफसर के तौर पर कार्यरत हैं। उनके घर में पढ़ाई-लिखाई का अच्छा माहौल है। एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने बताया कि उनके भाई-बहन भी उनकी तरह ही प्रतियोगी परीक्षा देना चाहते हैं। पुष्पा शादीशुदा है और वह अपने पति नारायण दास के साथ अब कराची में रहती हैं। उनके पति बहरिया टाउन में सुपरवाइजर हैं। पुष्पा अपने शहर में 'मेरी स्टोप्स सोसायटी' नामक एक गैर सरकारी संगठन के साथ काम भी कर चुकी हैं। उन्होंने 2014 में डाउ यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज से 'क्रिटिकल केअर' में स्नातक की डिग्री ली है। पिछले साल तक वह एक ट्रॉमा सेंटर में आइसीयू तकनीशियन के तौर पर काम कर रही थीं। एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा, 'चिकित्सा के पेशे में कई हिंदू लड़कियां हैं। मैंने सबसे हटकर कुछ अलग करने का सोचा। इसलिए ही मैंने पुलिस भर्ती के लिए आयोजित होने वाली पब्लिक सर्विस कमिशन की परीक्षा देने का फैसला किया।'

जब सिंध पुलिस में रिक्तियां निकलीं तो उसके लिए पुष्पा ने आवेदन किया। उन्होंने इस साल जनवरी में पब्लिक सर्विस कमिशन की लिखित परीक्षा दी। लिखित परीक्षा पास करने के बाद इंटरव्यू दिया। इंटरव्यू के दो हफ्ते बाद आए पब्लिक सर्विस कमीशन के रिजल्ट में सफल अभ्यर्थियों की सूची में पुष्पा कोहली का नाम भी शामिल था। पुष्पा कोहली अब असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर बन चुकी हैं। लेकिन यहीं वह नहीं रुकना चाहती। उसने कहा, 'अब मैं क्रिमिनोलॉजी में मास्टर डिग्री करना चाहती हूं। डेप्युटी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस पद के लिए अगर सिंध सरकार रिक्तियां निकालेगी तो परीक्षा दूंगी।'

2.6 करोड़ हेक्टेयर बंजर जमीन बनेगी उपजाऊ : मोदी

आशीष दुबे
ग्रेटर नोएडा, 9 सितंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पर्यावरण और जलवायु, जैव विविधता व धरती दोनों को प्रभावित करते हैं। दुनिया जलवायु परिवर्तन के गंभीर दुष्परिणामों का सामना कर रही है। इसके दुष्परिणाम भूमि के क्षरण के रूप में दिखाई दे रहे हैं। इससे जीवों की प्रजातियों पर भी संकट के बादल मंडराने लगा है। उन्होंने एक बार इस्तेमाल योग्य प्लास्टिक को विदा करने की जरूररत पर भी जोर दिया। मोदी ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्स्पो मार्ट में संयुक्त राष्ट्र के कांफ्रेंस ऑफ द पार्टीज (कॉप) के 14वें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति में धरती, जल, वायु और पर्यावरण संरक्षण की संकल्पना मौजूद है। अपनी वैश्विक जिम्मेदारी के तहत भारत 2030 तक 2.6 करोड़ हेक्टेयर बंजर जमीन को उपजाऊ बनाएगा। दो साल में भारत में पेड़ और जंगल के दायरे में आठ लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने यूएनसीसीडी की अगुआई में वैश्विक जल कार्रवाई एजंडा बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि जब हम बंजर भूमि को ठीक करते हैं, तो हम पानी की कमी को भी ठीक करते हैं। जल आपूर्ति में बढ़ोतरी, जल पुनर्भरण को बढ़ाना, जल प्रवाह को धीमा करना और मिट्टी में नमी बनाए रखना, सभी एक समग्र भूमि व जल रणनीति के हिस्से हैं। उन्होंने एक बार ही प्रयोग में लाई जाने वाली प्लास्टिक (एकल उपयोग योग्य) का इस्तेमाल बंद करने को जरूरी बताया और दुनिया के सभी देशों से इसको अलविदा करने की जरूरत बताई।

अधिवेशन में मोदी ने पानी की बढ़ती समस्या, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और बढ़ते रेगिस्तान जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत पर्यावरण से जुड़े मामलों पर आगे बढ़कर अगुआई करेगा। इसके तहत भारत 2030 तक 2.1 हेक्टेयर बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने के लक्ष्य को बढ़ाकर 2.6 हेक्टेयर करेगा। इस काम में रिमोट सेंसिंग और अंतरिक्ष विज्ञान समेत अन्य तकनीकों की भी मदद ली जाएगी। उन्होंने मरुस्थलीकरण के संकट से जूझ रहे अन्य मित्र देशों को भारत की किफायती उपग्रह व अंतरिक्ष तकनीक की मदद करने की पेशकश की। जैविक खाद को बढ़ावा और केमिकल कीटनाशकों के इस्तेमाल को कम कर सरकार किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में सरकार काम कर रही है।

कॉप-14 सम्मेलन में बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

वैश्विक जल समस्या पर एक सेमिनार की जरूरत बताई गई।

उन्होंने कहा कि जल संकट को देखते हुए भारत में जलशक्ति मंत्रालय बनाया है। पानी बचाने और उसके सही इस्तेमाल पर काम शुरू हो चुका है। 190 देशों से आए प्रतिनिधियों के समक्ष मोदी ने बताया कि भारत के वन क्षेत्र में आठ लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। देश में अभी जंगल के हिस्सों को और बढ़ाने पर काम हो रहा है। एकल इस्तेमाल योग्य प्लास्टिक को अलविदा करने का समय बताते हुए उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का कचरा स्वास्थ्य और धरती की उर्वरता के लिए भी समस्या है। कुछ समय में भारत में एक बार इस्तेमाल योग्य प्लास्टिक का प्रयोग बंद हो जाएगा।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता में कमी और भूमि के बंजर होने का कारण इंसानी दखल है। तीनों आपस में जुड़े हुए हैं। अब सकारात्मक दखल के जरिए इसे सुधारने और भावी पीढ़ी को बेहतर भविष्य देने का समय आ गया है। भारत ने बढ़ते मरुस्थलीकरण से धरती को बचाने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। दुनिया के 77 फीसद बाघ केवल भारत में है। ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण से निपटने के लिए कर (टैक्स) में छूट देकर ई- वाहनों को भी बढ़ावा दिया है। यदि इंसान के कर्मों से पर्यावरण परिवर्तित हुआ है तो उसी के सकारात्मक योगदान से ही उसमें सुधार भी लाया जाएगा। भारत 2020 तक संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन (यूएनसीसीडी) का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले चीन इस सम्मेलन की अध्यक्षता करता आया है।

नागरिकता विधेयक : मेघालय ने संदेह और नगालैंड ने विरोध जताया

गुवाहाटी, 9 सितंबर (भाषा)।

मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर में नागरिकता (संशोधन) विधेयक को लेकर शंकाएं हैं। उन्होंने आग्रह किया कि विधेयक दोबारा लाने से पहले क्षेत्र के सभी राज्यों को विश्वास में लें। दूसरी ओर एनईडीए की बैठक में यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में विधेयक का जोरदार विरोध करते हुए नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने सोमवार को कहा कि नागरिकता संशोधन विधेयक को अगर केंद्र लागू करता है तो यह पूर्वोत्तर की जनसांख्यिकी को बदल देगा।

पूर्वोत्तर लोकतांत्रिक गठबंधन (एनईडीए) के चौथे सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगमा ने अपनी शंकाएं जाहिर की कि क्या विधेयक को दोबारा लाने से पहले केंद्र राज्यों के साथ चर्चा को दरकिनार करेगा। विधेयक के बाद क्या होगा? क्या बांग्लादेश से लोग आते रहेंगे? क्या लगातार प्रवाह के लिए कोई समय सीमा है? पूर्वोत्तर में हमें बहुत सी शंकाएं हैं?' उन्होंने अनुरोध किया कि केंद्र सभी हितधारकों को बुलाकर इस पर चर्चा करे और मामले में सर्वसम्मति पर पहुंचे।

संगमा ने केंद्रीय गृह मंत्री से कहा, 'हम छठी अनुसूची के अंतर्गत आते हैं। तो क्या विधेयक स्थानीय कानूनों की अनदेखी करेगा? कृपया हमें बुलाएं और पूर्वोत्तर के लोगों के हितों को देखें। हमारी शंकाएं दूर करें। मुझे विश्वास है कि आप (शाह) हमारी शंकाओं को दूर करेंगे।'

उधर नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों ने पहले संकल्प लिया था कि वे कानून को क्षेत्र को प्रभावित नहीं करने देंगे। रियो ने कहा, 'हमारा मानना है कि यह पूर्वोत्तर की जनसांख्यिकी को बदल देगा। हमें जमीनी हालात समझने की जरूरत है।' उन्होंने उम्मीद जताई कि शाह और केंद्र सरकार 'हमें सुनेगी।' रियो ने यह भी कहा कि नगा शांति समझौते पर बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा, 'हमें बहुत जल्द समाधान की उम्मीद है। हमने संयुक्त विधि समूह भी गठित किया है।' रियो ने नगालैंड के मुद्दे के मैत्रीपूर्ण समाधान के लिए क्षेत्र के सभी राज्यों का समर्थन भी मांगा, क्योंकि यह पूर्वोत्तर में सभी मुद्दों की जड़ है। नागरिकता विधेयक में बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भारत आए वहां के अल्पसंख्यक शरणार्थियों को सात साल तक भारत में रहने के बाद भारत की नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

रमानी ने अदालत में कहा, बड़ी निजी कीमत चुकानी पड़ी है

नई दिल्ली, 9 सितंबर (भाषा)।

पत्रकार प्रिया रमानी ने सोमवार को दिल्ली की एक अदालत में कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एम जे अकबर पर यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में उनके 'खुलासे' के चलते उन्हें 'निजी तौर पर बड़ी कीमत' चुकानी पड़ी है और उन्हें इससे कुछ नहीं मिलने वाला। रमानी ने कहा कि उनका कदम महिलाओं को बोलने की शक्ति प्रदान करेगा और कार्यस्थलों पर उनके अधिकारों को समझने में मदद करेगा।

उन्होंने अपने खिलाफ अकबर द्वारा दर्ज कराए गए आपराधिक मानहानि के मामले में गवाह के तौर पर अपने बचाव में बयान देते हुए अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट समर विशाल के समक्ष यह दलील दी। रमानी ने कहा, 'हममें से कई को यह मानने पर विवश किया जाता है कि चुप रहना एक गुण है। अकबर से जुड़े मेरे सभी खुलासों में मैंने जनहित में सच बोला।' उन्होंने कहा, 'मुझे

अकबर के खिलाफ आरोपों के मामले में

उम्मीद है कि 'मी टू' अभियान के तहत किए गए मेरे खुलासे महिलाओं को बोलने की शक्ति प्रदान करेंगे और कार्यस्थलों पर उनके अधिकारों के बारे में समझने में मदद करेंगे। इस मामले के लिए मुझे निजी तौर पर बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है और मुझे इससे कोई फायदा नहीं होने वाला।' रमानी ने कहा कि किसी महिला के लिए इस तरह का खुलासा करना आसान नहीं है।

उन्होंने कहा, 'चुप रहकर मैं बार-बार निशाना बनाए जाने से बच सकती थी। लेकिन ऐसा करना ठीक नहीं होता।' अदालत मामले में अगली सुनवाई 24 अक्तूबर को करेगी। रमानी ने अकबर पर करीब 20 साल पहले उस समय यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था जब वह पत्रकार थे। अकबर ने आरोपों को खारिज कर दिया है।

फिर भाजपा में शामिल हुए कल्याण सिंह

लखनऊ, 9 सितंबर (भाषा)।

राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके कल्याण सिंह सोमवार को एक बार फिर भाजपा में शामिल हो गए। लगभग 87 वर्षीय कल्याण सिंह ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में एक बार फिर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उनके बेटे एवं एटा से सांसद राजवीर सिंह और प्रदेश के वित्त राज्यमंत्री एवं पौत्र संदीप सिंह भी मौजूद थे।

कल्याण सिंह ने बाद में कहा कि इतनी उम्र गुजर जाने के बावजूद न तो वे थके हैं और न ही उनका मन छूटा है। उन्होंने कहा, 'मेरा तन टायर नहीं है, मन रिटायर नहीं है।' उन्होंने कहा, 'मैं राजनीति को जनसेवा का सशक्त माध्यम मानता हूं। उसी भावना से मैंने फिर से सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने का फैसला किया है। जब तक मैं राज्यपाल रहा तब तक मैंने उस पद की गरिमा का पूरा ख्याल रखा।' सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भविष्य में चुनाव लड़ने का उनका कोई इरादा नहीं है।

अयोध्या में राम मंदिर के मुद्दे पर पूछे गये सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'राम मंदिर का निर्माण करोड़ों लोगों की आस्था का प्रश्न है। जितनी पार्टियां हैं, वे जनता के सामने अपना मत स्पष्ट करें कि वे राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में हैं या फिर उसके विरोध में।' उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। जब से योगी ने गद्दी संभाली है तब से गांव, गरीब की स्थिति में बड़ा फर्क आया है।

नागरिकता बिल फिर लाएगी सरकार : शाह

पेज 1 का बाकी

द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं पर जवाब दे रहे थे। बैठक को संबोधित करते हुए वे नागरिकता संशोधन विधेयक को फिर से पेश करने के नतीजों के बारे में आशंका जाहिर कर रहे थे क्योंकि इससे उनके संबंधित राज्यों की जनसांख्यिकी परिवर्तित हो सकती है। वे चाहते हैं कि उनके राज्यों को इस विधेयक के दायरे से बाहर रखा जाए।

नागरिकता (संशोधन) विधेयक को आठ जनवरी को लोकसभा ने पारित किया था लेकिन देश के विभिन्न भागों, खासकर पूर्वोत्तर में प्रदर्शन के बाद राज्यसभा में इसे नहीं रखा गया। गृह मंत्री ने कहा कि इसके लिए कट-ऑफ डेट पहले की तरह 31 दिसंबर 2014 ही रहेगी। उन्होंने कहा, 'हमारी तरफ से यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कोई अन्य तारीख नहीं होगी और इनर लाइन परमिट (आइएलपी) के साथ अनुच्छेद 371 को नहीं छुआ जाएगा।' इनर लाइन परमिट (आइएलपी) केंद्र सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज है, जो एक सीमित अवधि के लिए एक संरक्षित क्षेत्र में भारतीय नागरिक को यात्रा की अनुमति देता है। संरक्षित क्षेत्रों में प्रवेश के लिए इनर लाइन परमिट लेना ऐसे राज्यों के बाहर के भारतीय नागरिकों के लिए अनिवार्य है। भाजपा अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने इस क्षेत्र को देश के बाकी हिस्सों से अलग-थलग कर दिया था। उन्होंने कहा, 'हमारी मंशा न केवल असम से बल्कि पूरे देश से घुसपैठियों को बाहर करने की है।'

मणिपुर के मुख्यमंत्री भी एनआरसी चाहते हैं

गुवाहाटी, 9 सितंबर (भाषा)।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को कहा कि असम की तरह ही उनके राज्य में भी राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की जरुरत है। उन्होंने यह भी दावा किया कि एनआरसी की जरुरत सिर्फ मणिपुर में नही बल्कि पूर्वोत्तर के सभी राज्यों को है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एनआरसी के लिए मणिपुर कैबिनेट पहले ही एक प्रस्ताव को मंजूरी दे चुका है। पूर्वोत्तर जनतांत्रिक गठबंधन (नेडा) की बैठक से इतर सिंह ने पत्रकारों से कहा, 'हमें और पूर्वोत्तर के कई राज्यों को एनआरसी की जरुरत है। मणिपुर सरकार एनआरसी के लिए कैबिनेट में पहले ही फैसला कर चुकी है।' नेडा पूर्वोत्तर राज्यों के राजग का संस्करण है।

सिंह ने कहा कि केंद्र का विचार एकदम स्पष्ट है कि देश में कहीं भी किसी अवैध आव्रजकों को रहने की अनुमति नहीं होगी। यह फैसला केंद्र को लेना होगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार के माध्यम से हो रहा है।

...उसने आसमान में उड़ने के सपने को हकीकत बना दिया

पेज 1 का बाकी

और सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं।' अनुप्रिया के पिता मारिनियास लकड़ा ओड़ीशा पुलिस में हवलदार हैं और मां जामज यास्मिन लाकड़ा गृहणी हैं। उसने दसवीं की पढ़ाई कॉन्वेंट स्कूल से तथा 12वीं की पढ़ाई सेमिलिदुगा के एक स्कूल से की।

उसके पिता ने बताया, 'पायलट बनने की चाह में उसने इंजीनियरिंग की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी और पायलट प्रवेश परीक्षा की तैयारी भुवनेश्वर से की।' उन्होंने बताया कि 2012 में अनुप्रिया ने भुवनेश्वर में पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में दाखिला लिया। 'पायलट बनने का उसका सपना हकीकत में बदलने से हम बहुत खुश हैं। वह एक निजी विमानन कंपनी में को-पायलट के तौर पर सेवाएं देने वाली है।' अनुप्रिया के गौरवांवित पिता ने कहा, 'मलकानगिरि जैसे पिछड़े जिले से ताल्लुक रखने वाले किसी व्यक्ति के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।' वहीं उनकी मां ने कहा, 'मैं बहुत प्रसन्न हूं। यह मलकानगिरि के लोगों के लिए गर्व की बात है। उसकी सफलता दूसरी लड़कियों को प्रेरणा देगी।

आरक्षण की जरूरत, इसे जारी रखना चाहिए : संघ

पेज 1 का बाकी

का पूरा समर्थन करते हैं।' क्या संघ को लगता है कि आरक्षण अनिश्चित काल तक जारी नहीं रहना चाहिए, इस सवाल पर होसबोले ने कहा, 'आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक कि इसके लाभार्थियों को इसकी जरूरत महसूस होती है।'

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी की अंतिम सूची में को लेकर कहा कि इसमें कुछ त्रुटियां हैं और आगे बढ़ने से पहले सरकार को उन्हें दूर करना चाहिए। संघ ने हालांकि इस पूरी कवायद को स्वागत योग्य कदम बताया। सूत्रों ने कहा कि समन्वय बैठक के पहले दिन शनिवार को इस बात पर चिंता जताई गई कि असम में प्रकाशित अंतिम एनआरसी सूची में कई वास्तविक नागरिक छूट गए हैं, जिनमें से अधिकतर का दावा है कि वे हिंदू हैं।

भाजपा के महासचिव और पूर्वोत्तर के सात राज्यों के प्रभारी राम माधव ने असम में हुई एनआरसी की कवायद और उसकी अंतिम सूची के बारे में बैठक में जानकारी दी। अंतिम दिन यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संघ के सह सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने एनआरसी को एक जटिल मुद्दा करार दिया क्योंकि कई बांग्लादेशी प्रवासियों के नाम मतदाता सूची में शामिल हैं।

उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश के 35 से 40 लाख अवैध प्रवासी असम में बसे हैं और पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा उन्हें वैध दस्तावेज जारी किए, जिससे यह पूरा मुद्दा बेहद जटिल हो गया।' होसबोले ने कहा, 'एनआरसी की अंतिम सूची कानून नहीं है...इसमें कुछ त्रुटियां और गलतियां हैं..सरकार को उन्हें हटाकर आगे बढ़ना चाहिए।' हालांकि, उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार की एनआरसी की पूरी कवायद के लिए तारीफ की और कहा कि सत्ता में आने का बाद तय समय में उन्हें यह काम पूरा करना था।

बैठक में मौजूद सूत्रों के मुताबिक, एनआरसी मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई और कई वास्तविक नागरिकों को इस सूची में जगह नहीं मिलने पर चिंता जताई गई, खासतौर पर उनके लिए जो पड़ोसी राज्यों से आकर असम में बसे थे। उन्होंने कहा कि संघ नेताओं ने इस बात पर भी चिंता जताई कि सूची से बाहर हुए 19 लाख लोगों में से अधिकतर हिंदू हैं। भाजपा ने अद्यतन एनआरसी सूची की आलोचना की थी और कहा था कि अगर भारतीय नागरिकों की अपीलों पर विदेशी न्यायाधिकरण द्वारा विपरीत फैसला सुनाया जाता है, तो सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए कानून लाएगी। असम में 31 अगस्त को प्रकाशित अंतिम एनआरसी सूची में 19 लाख लोगों को जगह नहीं मिली थी।

वाहन बिक्री में अगस्त में दो दशक की सबसे तेज गिरावट

पेज 1 का बाकी

1,15,957 कार रह गई। एक साल पहले अगस्त में 1,96,847 कारें बिकी थीं। इस दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री 22.24 फीसद घटकर 15,14,196 इकाई रह गई जबकि एक साल पहले इसी माह देश में 19,47,304 दोपहिया वाहनों की बिक्री की गई। इसमें मोटरसाइकिलों की बिक्री 22.33 फीसद घटकर 9,37,486 मोटरसाइकिल रह गई जबकि एक साल पहले इसी माह में 12,07,005 मोटरसाइकिलें बिकी थीं। स्कूटर की बिक्री 22.19 फीसद गिरकर 5,20,898 वाहन रही जो अगस्त 2018 में 6,69,416 स्कूटर थी। दोपहिया श्रेणी में हीरो मोटो कॉर्प की बिक्री समीक्षावधि में 20.97 फीसद घटकर 5,24,003 वाहन, होंडा की बिक्री 26.26 फीसद गिरकर 4,25,664 वाहन, टीवीएस मोटर की 20.37 फीसद घटकर 2,19,528 वाहन रही। अगस्त में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 38.71 फीसद घटकर 51,897 वाहन रही।

लेकिन वाहनों की खुदरा बिक्री के आंकड़े थोड़े संतोषजनक हैं। सियाम के खुदरा बिक्री आंकड़ों के अनुसार अगस्त में वाहनों की कुल बिक्री 4.15 फीसद गिरकर 16,00,376 वाहन रही जो अगस्त 2018 में 16,69,751 वाहन थी। यात्री वाहन की बिक्री 7.13 फीसद घटकर 2,38,357 वाहन रही जो पिछले साल अगस्त में 2,56,662 वाहन थी। दोपहिया वाहन की कुल खुदरा बिक्री अगस्त में 3.4 फीसद घटकर 12,42,452 वाहन रही तो पिछले साल अगस्त में 12,86,176 वाहन थी।

वाहन बिक्री में लगातार गिरावट से वाहन और कलपुर्जा विनिर्माताओं ने सरकार से जीएसटी की दर को 28 फीसद से घटाकर 18 फीसद करने की मांग रखी है। जीएसटी परिषद की अगली बैठक 20 सितंबर को गोवा में होनी है।

एसआइटी ने सिख विरोधी दंगों के सात मामले फिर खोले

पेज 1 का बाकी

मार्ग थाने में दर्ज प्राथमिकी में नाथ का नाम कभी नहीं आया। मामले (एफआइआर संख्या-601/84) में आरोपी के तौर पर नामित पांच लोगों को नाथ के आवास में ठहराया गया था। इन सभी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि चूंकि एसआइटी अब इस मामले की भी फिर से जांच करेगी तो दोनों गवाह उसके समक्ष पेश होंगे जहां वे दंगों में कमलनाथ की भूमिका के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि ये गवाह संजय सूरी और मुख्तियार सिंह हैं। सूरी अब इंग्लैंड में रहते हैं जबकि सिंह अब पटना में रहते हैं।

बाबरी मामले में सीबीआइ ने दी कल्याण की पेशी के लिए अर्जी

पेज 1 का बाकी

अदालत अयोध्या में छह दिसंबर, 1992 को ढांचा ढहाने की साजिश के लिए पूर्व गृह मंत्री लाल कृष्ण आडवाणी, भाजपा के वरिष्ठ मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती एवं अन्य आरोपियों के मुकदमे की सुनवाई कर रही है।

अदालत ने सीबीआइ से पूछा कि कल्याण सिंह क्या अब राज्यपाल के संवैधानिक पद पर हैं। अदालत ने कहा कि मामले की कार्यवाही चूंकि रोजाना आधार पर चल रही है इसलिए सीबीआइ की अर्जी पर 11 सितंबर 2019 को सुनवाई हो सकती है। अर्जी पेश करते हुए सीबीआइ ने कहा कि कल्याण सिंह के खिलाफ 1993 में आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

अभी तक कल्याण सिंह आरोपी के रूप में मुकदमे की कार्यवाही में नहीं लाए जा सके क्योंकि राज्यपाल होने के नाते उन्हें संविधान के तहत विशेष अधिकार प्राप्त है। सुप्रीम कोर्ट ने हालांकि सीबीआइ को इस बात की अनुमति दी थी कि जब कल्याण सिंह राज्यपाल नहीं रहेंगे तो उन्हें आरोपी के रूप में पेश किया जा सकता है। सिंह हाल में राजस्थान के राज्यपाल के पद से हटे हैं। सीबीआइ ने अपनी अर्जी में कहा कि सिंह तीन सितंबर 2014 को राज्यपाल पद पर नियुक्त हुए थे और उनका पांच साल का कार्यकाल पूरा हो गया है।

किसी अधिकारी की गिरफ्तारी नहीं हो : चिदंबरम

पेज 1 का बाकी

होनी चाहिए क्योंकि किसी ने कुछ गलत नहीं किया है। चिदंबरम की ओर से उनके परिवार ने उनके आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर यह टिप्पणी पोस्ट की।

चिदंबरम ने कहा, 'लोगों ने मुझसे पूछा कि अगर आपको मामले के बारे में सुझाव देने और प्रक्रिया को आगे बढ़ाने वाले दर्जनों अधिकारियों को गिफ्तार नहीं किया गया तो आप को क्यों गिरफ्तार किया गया।' उन्होंने कहा, 'मेरे पास कोई जवाब नहीं है। किसी अधिकारी ने कुछ गलत नहीं किया है। मैं नहीं चाहता कि किसी की गिफ्तारी हो।'

गौरतलब है कि चिदंबरम को सीबीआइ ने आइएनएक्स मीडिया मामले में गत 21 अगस्त को गिरफ्तार किया है। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं और तिहाड़ जेल में बंद हैं। आरोप है कि वित्त मंत्री के रूप में चिदंबरम के कार्यकाल के दौरान 2007 में 305 करोड़ रुपए का विदेशी फंड प्राप्त करने के लिए आइएनएक्स मीडिया समूह को विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआइपीबी) की मंजूरी देने में अनियमितता बरती गई। इसी मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 15 मई, 2017 को प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद, प्रवर्तन निदेशालय ने इस संबंध में 2017 में ही धन शोधन का मामला दर्ज किया था। यूपीए के 10 साल शासन के दौरान चिदंबरम 2004 से 2014 तक देश के गृह मंत्री व वित्त मंत्री रहे थे।

पाकिस्तानी सैन्य चौकियां और आतंकी शिविर तबाह

पेज 1 का बाकी

से आतंकियों के शिविर को निशाना बनाया। भारत की इस कार्रवाई में चकोटी के आतंकी शिविरों को भारी नुकसान पहुंचा है। चकोटी में जगह-जगह पर धुंआ उठते देखा जा रहा है। लीपा वैली के पास स्थित पांडु इलाके में पाकिस्तान की इस पोस्ट से ना सिर्फ संघर्षविराम उल्लंघन की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था, बल्कि यहां स्थित कई शिविरों को आतंकी घुसपैठ के लिए लांचपैड के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। सेना के अधिकारियों के मुताबिक, हाल के दिनों में पाकिस्तानी चौकियों की ओर से लीपा वैली से सटे भारतीय इलाकों में भारी गोलाबारी की जा रही थी। पाकिस्तान की ओर से लीपा वैली के रिहाइशी इलाकों और सेना के अग्रिम मोर्चों पर भी गोलाबारी की जा रही थी। गोलाबारी की आड़ में पाकिस्तान ने इन इलाकों से आतंकी घुसपैठ की साजिश भी रची थी।

खुफिया एजंसियों को नियंत्रण रेखा से सटे कई इलाकों में पाकिस्तानी आतंकियों के मौजूद होने की सूचनाएं मिली थीं। लीपा घाटी के चकोटी में कई लांचिंग पैड सक्रिय किए गए थे। यहां से भारत में बड़े पैमाने पर घुसपैठ को अंजाम देने की तैयारी थी। इस तरह की एक सूचना रविवार को भी मिली, जिसके बाद हमला किया गया।

भारत और पाकिस्तान के बीच खड़ा पुल चकोटी के मुख्य बाजार से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। चकोटी जाने वाले बस यात्रियों को यहां उतरकर पैदल इस पुल को पार करना होता है और दूसरी तरफ की बस उन्हें वहां से आगे ले जाती है, क्योंकि जर्जर पुल बस चलने के लायक नहीं है। सेना के सूत्रों के मुताबिक पीओके के चकोटी इलाके में पाकिस्तान के कई बंकर तबाह हो गए और पाकिस्तानी सेना के कई जवान हताहत हुए। इस कार्रवाई में भारतीय सेना ने तोपखाने का भी प्रयोग किया।

पाकिस्तान के खिलाफ की गई इस कार्रवाई के बाद एलओसी से सटे भारतीय इलाकों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। इसके अलावा अग्रिम क्षेत्रों में तैनात जवानों को पूरी सतर्कता बरतने और किसी अप्रिय स्थिति में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सेना और बीएसएफ को एलओसी एवं अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जवानों को पाकिस्तानी इलाके में हो रही गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए भी कहा गया है।

सर क्रीक इलाके में मिलीं पाक नौकाएं

पेज 1 का बाकी

कमान के जीओसी का बयान सिर्फ तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के लिए नहीं है। इसमें पूरा दक्षिणी प्रायद्वीप और गुजरात का कुछ इलाका शामिल है। नौकाओं को बरामद किए जाने के बाद संदिग्ध आतंकवादियों की तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ये आतंकी संख्या में चार से छह हो सकते हैं। सर क्रीक गुजरात के कच्छ होते हुए 650 वर्ग किलोमीटर में फैला इलाका है, जिस पर पाकिस्तान भी दावा करता रहता है। इसके बाद से केरल में हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और धार्मिक स्थलों सहित कई जगहों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया गया है। केरल के अलावा गुजरात, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों के तटीय जिलों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

लेफ्टिनेंट जनरल सैनी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के हालात के मद्देनजर सेना हर परिस्थिति के लिए पूरी तरह तैयार है। सेना से मिली सूचनाओं के आधार पर केरल के पुलिस प्रमुख लोकनाथ बेहरा ने सभी जिला पुलिस प्रमुखों से अत्यधिक सतर्कता बरतने को कहा है। डीजीपी बेहरा ने बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, हवाईअड्डों और लोगों के इकट्ठा होने वाली जगहों पर कड़ी सुरक्षा बरतने के निर्देश दिए हैं।

पाकिस्तानी बैट के कमांडो को मार गिराने का वीडियो जारी

पेज 1 का बाकी

जारी किया है। तब सेना ने उन सभी की उपग्रह से ली गई तस्वीरें जारी की थीं और बयान जारी कर बताया था कि पांच से सात पाकिस्तानी कमांडो/आतंकी मारे गए हैं। दो दिन बाद भारतीय सेना ने डीजीएमओ स्तर की बातचीत में शव उठा लेने की इजाजत दी। पाकिस्तान से कहा गया कि सफेद झंडा लेकर उनके जवान आएं और अपने नागरिकों के शव ले जाएं, लेकिन तब पाकिस्तान ने उन्हें अपना नागरिक ही नहीं माना।

अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में हिंसा और गड़बड़ी फैलाने के लिए पाकिस्तानी सेना आतंकियों और अपनी कुख्यात बॉर्डर ऐक्शन टीम (बैट) के कमांडो को खास तौर पर सक्रिय किया हुआ है। इसी क्रम में कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में पाकिस्तान के बैट दस्ते की घुसपैठ की बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया गया था। सेना द्वारा जारी वीडियो में पाकिस्तानी सेना के मारे गए जवानों/आतंकियों के शव दिखाई दे रहे हैं।

बॉर्डर एक्शन टीम (बैट) पाकिस्तानी सेना की एक बर्बर टीम है, जो सीमा पार कार्रवाइयों के लिए बनाई गई है।

एनआरसी ने मानवीय संकट पैदा किया : जन न्यायाधिकरण

पेज 1 का बाकी

संकेत नहीं है।' असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की अंतिम सूची जारी होने के एक सप्ताह बाद 7-8 सितंबर को नागरिकों की जूरी ने इस मुद्दे पर चर्चा की। एनआरसी की अंतिम सूची में 19 लाख से अधिक लोग बाहर हो गए हैं।

एनआरसी में शामिल होने के लिए 3.30 करोड़ से अधिक लोगों ने आवेदन किया था। दो दिन चली चर्चा के दौरान न्यायाधिकरण ने चार सवालों पर फोकस किया- क्या एनआरसी की प्रक्रिया संविधान के अनुरूप है? संवैधानिक प्रक्रियाओं और नैतिकता को बनाए रखने में न्यायपालिका की क्या भूमिका है? मानवीय संकट क्या हैं और एनआरसी को देश के बाकी हिस्सों में लागू करने के नतीजे क्या होंगे? इस दौरान एनआरसी में शामिल होने से रह गए लोगों, और विभिन्न अग्रणी विशेषज्ञों के विचार और अनुभव सुने गए।

न्यायाधिकरण ने कहा, 'हम सब इस बात पर सहमत हैं कि एनआरसी ने एक मानवीय संकट पैदा किया है। हम चिंतित हैं क्योंकि इस संकट के कम होने के कोई संकेत नहीं है।' इसमें कहा गया कि असम में बड़ी संख्या में धार्मिक, भाषाई या जातीय अल्पसंख्यक इस भय में जी रहे हैं कि उन्हें कह दिया जाएगा कि वे इस देश के नहीं हैं। उन्हें कभी भी वोट देने से रोका जा सकता है। उन्हें कभी भी डिटेंशन सेंटर भेजा जा सकता है।

सीबीआइ ने आइएमए मामले में आरोपपत्र दाखिल किया

नई दिल्ली, 9 सितंबर (भाषा)।

सीबीआइ ने करीब आठ दिन की जांच के बाद आइएमए घोटाले के सरगना मंसूर खान और 24 अन्य संस्थाओं के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया है जिन्होंने लाखों लोगों को निवेश के इस्लामी तरीकों का इस्तेमाल करने के ऐवज में बड़ी रकम लौटाने का वादा किया गया था। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि एजंसी ने बंगलुरू में सीबीआइ की विशेष अदालत में शनिवार को आरोपपत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा कि एजंसी ने मामले में जांच जारी रखी है और आने वाले समय में और पूरक आरोपपत्र दाखिल किए जा सकते हैं।

अधिकारियों के अनुसार उसने कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर 30 अगस्त की रात को जांच संभाली थी। खान ने कथित तौर पर एक लाख से अधिक निवेशकों, जिनमें अधिकतर मुसलिम हैं, को इस्लामी तरीके से निवेश करने के बदले में बड़ी रकम लौटाने का वादा किया था।

अधिकारियों के मुताबिक आरोप हैं कि आइएमए में निवेश करने के लिए कुछ बिचौलियों और धार्मिक प्रचारकों ने भी लोगों को प्रलोभन दिए। मामला उस समय सामने आया जब खान दुबई चला गया और उसने एक वीडियो संदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि वह राज्य तथा केंद्र की सरकारों में भ्रष्टाचार के कारण आत्महत्या कर रहा है।'

सोपोर से लश्कर आतंकियों के आठ सहयोगी गिरफ्तार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के सोपोर में सुरक्षा बलों ने सोमवार को आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के के आठ सहयोगियों (ग्राउंड वर्करों) को गिरफ्तार किया है। यह सभी आतंकी दुकानदारों एवं आम लोगों में दहशत पैदा करने की कोशिश कर रहे थे।

सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने कनीशपोरा तथा डांगरपोरा में दो स्थानों पर आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पर घेरेबंदी और तलाशी अभियान (कासो) चलाया। सूचना थी कि यहां लश्कर कमांडर सज्जाद अहमद मीर उर्फ अबू हैदर के निर्देश पर कुछ लोग दुकानदारों को दुकान न खोलने के लिए धमका रहे है। इसके लिए पोस्टर भी चिपका रहे थे।

सूचना के आधार पर सेना, सीआरपीएफ तथा पुलिस ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आठ लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पकड़े गए लोगों में सात संदिग्ध ब्राथ व बोमई और एक हैगाम इलाके से है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। इनसे पिछले शनिवार को डांगरपोरा में आतंकवादियों की ओर से एक घर में घुसकर हमला किए जाने के मामले में भी पूछताछ की जा रही है। इसमें ढाई साल की बच्ची उस्मा जान समेत परिवार के चार सदस्य घायल हुए थे। हमले के बाद आतंकी भाग निकले थे।

सियाचिन क्षेत्र में होंगी आधुनिक सड़कें, नए पुल

लेह, 9 सितंबर (भाषा)।

दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध स्थल सियाचिन पर सैनिकों और उपकरणों की आवाजाही में तीव्रता लाने के मकसद से वहां जाने वाली सभी सड़कों के आधुनिकीकरण और नई सड़कें बनाने की व्यापक योजना लद्दाख सेक्टर में शुरू की गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 'विजयक' परियोजना के तहत सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) पनामिक से सियाचिन आधार शिविर तक और सियाचिन ग्लेशियर की ओर जाने वाली अन्य अंदरूनी सड़कों का निर्माण व आधुनिकीकरण कर रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि परियोजना में नई तकनीक और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि सड़कें प्रतिकूल जलवायु की स्थिति का सामना कर सकें। इस क्षेत्र में पूरे साल मौसम प्रतिकूल बना रहता है।

उन्होंने कहा, 'ऐसे मौसमी हालात में संचालन व निर्माण गतिविधि को जारी रखना आसान नहीं होता है जहां तापमान गर्मी में भी शून्य से 10-15 डिग्री नीचे होता है।' अधिकारियों के अनुसार सामरिक क्षेत्र में विषम परिस्थिति व प्रतिकूल मौसम के बावजूद सड़कों की मरम्मत और आधुनिकीकरण जारी है। ये सड़कें वाहनों के अनुकूल हैं, जिस पर सैनिक, सामग्री, भारी मशीन सामरिक सियाचिन की ओर जा सकते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि बीआरओ सियाचिन बेस पर झूला पुल की जगह एक नए पुल के निर्माण की योजना बना रहा है ताकि सुदूर क्षेत्रों में भारी सामान पहुंचाने में आने वाली किसी भी रुकावट को दूर किया जा सके।

भाजपा ने सौ दिनों के शासन में लिखे नए अध्याय : पीपीआरसी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 सितंबर।

भाजपा से संबद्ध एक थिंक टैंक ने सोमवार को दावा किया कि मोदी सरकार ने दोबारा सत्ता में लौटने पर अपने पहले 100 दिनों में राजनीतिक इच्छा शक्ति प्रदर्शित की और शासन में बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। थिंक टैंक पब्लिक पॉलिसी रिसर्च सेंटर (पीपीआरसी) ने भाजपा नीत राजग सरकार के बड़े फैसलों को रेखांकित करने के लिए एक निबंध- 100 दिनों में 100 उपलब्धियां- जारी किया है और इस बात पर जोर दिया है कि उसने (मोदी सरकार ने) शासन में नए अध्याय लिखे हैं।

भाजपा उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य विनय सहस्रबुद्धे ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार का संकल्प इस तथ्य से जाहिर है कि राजग सरकार के सत्ता में लौटने पर संसद का प्रथम सत्र सर्वाधिक उत्पादक रहा। लोकसभा और राज्यसभा में क्रम से 137 और 103 फीसद उत्पादकता दर्ज की गई। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि भगवा पार्टी ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के काफी समय से लंबित वादे को पूरा किया और समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक की प्रथा के खिलाफ एक कानून बनाना समान नागरिक संहिता की दिशा में एक बड़ा कदम था।

सहस्रबुद्धे ने सरकार के आर्थिक सुधार एजंडा के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का आपस में विलय करने के फैसले का भी जिक्र किया।

डा. फ्रेश एसेट्स लि.

CIN: L74899DL1990PLC042302

पंजी. कार्यालयः बी 1/ई-24, मोहन को-ऑपरेटिव, इंडस्ट्रियल एरिया, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044
टेली. नं. 91-11-41679238, फैक्स नं. 91-11-26940969,
ईमेलः drfresh@drfreshassets.com; वेबसाईटः www.drfreshassets.com

29वीं वार्षिक साधारण सभा, पुस्तक बंद होने तथा ई-वोटिंग जानकारी के लिये सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों की 29वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) सोमवार, 30 सितम्बर, 2019 को 11.00 बजे पूर्वा. में बी 1/ई-24, मोहन को-ऑपरेटिव, इंडस्ट्रियल एरिया, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044 में आयोजित की जायेगी जिसमें सभा के आयोजन की सूचना में वर्णित व्यवसायों को निष्पादित किया जायेगा।

29वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट ऐसे सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक पद्धत्ति से भेज दी गई है जिनके ईमेल आईडी कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी पार्टिसिपैन्ट्स के पास दर्ज हैं, बशर्ते सदस्यों ने उसकी हार्ड कॉपी के लिये अपने अनुरोध दर्ज नहीं कराये हों। 29वीं एजीएम सूचना की तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति अन्य सभी सदस्यों को स्वीकृत पद्धत्ति में उनके पंजीकृत पते पर भेजी गई है। 29वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाईट www.drfreshassets.com पर उपलब्ध है।

रिमोट ई-वोटिंग जानकारीः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कम्पनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 44 के अनुपालन में कम्पनी वार्षिक साधारण सभा की सूचना तिथि 14 अगस्त, 2019 में निर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर मतदान करने में सक्षम बनाने के लिये अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करा रही है। 29वीं एजीएम की सूचना सदस्यों को 6 सितम्बर, 2019 तक भेज दी गई है। कम्पनी ने नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई ई-वोटिंग सेवाऐं प्राप्त की है। स्वच्छ तथा पारदर्शी तरीके से ई-वोटिंग प्रक्रिया के संचालन के लिये मै. आरएंडडी कम्पनी सेक्रेट्रीज, दिल्ली के पूर्ण-कालिक कार्यरत कम्पनी सचिव श्री देवव्रत देवनाथ को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। ई-वोटिंग अवधि शुक्रवार, 27 सितम्बर, 2019 को 9.00 बजे पूर्वा. में शुरू होगी तथा रविवार, 29 सितम्बर, 2019 को 5.00 बजे अप. में बंद होगी। उसके बाद मतदान के लिये ई-वोटिंग पद्धत्ति निष्क्रिय कर दी जायेगी। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार मतदान कर देने के बाद उन्हें उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जायेगी। सदस्यों के मतदान का अधिकार कट-ऑफ तिथि जो 23 सितम्बर, 2019 है, को उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयरों की संख्या के अनुसार होगा। यदि कोई व्यक्ति एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद शेयर अर्जित करते हैं तथा कम्पनी का सदस्य बनते हैं तथा कट-ऑफ तिथि 23 सितम्बर, 2019 को शेयर धारित करते हैं, वे कम्पनी के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेन्ट (आरटीए) अथवा एनएसडीएल से रिमोट ई-वोटिंग के लिये यूजर आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

एजीएम स्थल पर मत पत्र (''मत पत्र'') द्वारा मतदान किया जायेगा तथा एजीएम में उपस्थित होने वाले ऐसे सदस्यों जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं किये हों वे मत पत्र द्वारा अपना मतदान करने में सक्षम होंगे।

रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर देने के बाद भी सदस्य एजीएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन एजीएम स्थल पर उन्हें फिर से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग साथ ही एजीएम में मतदान कर देते हैं तो रिमोट ई-वोटिंग द्वारा किया गया मतदान लागू रहेगा तथा एजीएम में किया गया मतदान अवैध माना जायेगा।

यह सूचना उन सभी सदस्यों को भेजी गई है जिनके नाम 30 अगस्त, 2019 को सदस्यों के रजिस्टर तथा डिपॉजिटरीज के अभिलेखों में शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रक्रिया तथा तरीकों के लिये सदस्य 29वीं एजीएम की सूचना में दिये गये निर्देशों को देखें अथवा एनएसडीएल की वेबसाईट www.evoting.nsdl.com देखें तथा किसी प्रकार की पूछताछ के लिये सदस्यगण श्री नितिन एम्बुरे, उपाध्यक्ष, नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड-ए विंग, कमला मिल्स कम्पाउण्ड, लोअर परेल, मुम्बई-400013, टेली. नं. 022-24994587 से सम्पर्क करें, www.evoting.nsdl.com पर ईमेल करें।

पुस्तक बंद होनाः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 तथा उसके अंतर्गत नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 42 के अनुपालन में सदस्यों के रजिस्टर तथा कम्पनी की शेयर अंतरण पुस्तकें सोमवार, 23 सितम्बर, 2019 से सोमवार, 30 सितम्बर, 2019 (दोनों दिवस सहित) तक बंद रहेंगे तथा 29वीं वार्षिक साधारण सभा सोमवार, 30 सितम्बर, 2019 को आयोजित की जायेगी।

सभा स्थल पर प्रवेश उपस्थिति पर्ची द्वारा विनियमित होगी जो सदस्यों को वार्षिक रिपोर्ट के साथ भेजी गई है। सदस्यों से अनुरोध है कि एजीएम में भाग लेने के लिये पंजीकरण काउण्टर पर विधिवत भरी गई उपस्थिति पर्ची जमा करें।

29वीं एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाईट www.maxpluslogisticslimited.com पर उपलब्ध है।

बोर्ड के लिये तथा उसकी ओर से
डा. फ्रेश एसेट्स लि.
हस्ता./-
विजय प्रकाश पाठक
पूर्ण कालिक निदेशक,
DIN: 07081958

तिथिः 9.9.2019
स्थानः नई दिल्ली

Southern Infosys Limited

CIN: L67120DL1994PLC059994
Reg. Office: 402-A, Arunachal Building, 19, Barakhamba Road, New Delhi-110001,
Phone No. : 011-43045402, **Web:** www.southerninfosys.com

NOTICE OF THE 25thANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE AND E-VOTING

NOTICE is hereby given that the 25th Annual General Meeting (AGM)of the Members of theCompany will be held on Monday, 30th September, 2019 at 10.00 A.M. at Ground Floor, Mini Hall of Arunachal Building, 19, Barakhamba Road, New Delhi - 110001. The Notice setting out the business to be transacted at the meeting together with the copy of the Annual Report of the company for the Financial Year 18-19 has been sent to the members of the Company at their address / e-mail address and the same is also available on our website southerninfosys@gmail.com and also on the CDSL's website www.evotingindia.com

NOTICE is also hereby given under Section 91 of the Companies Act, 2013 read with Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 that the Register of Members and Share Transfer books of the Company will remain closed from 23rd September, 2019 to 30thSeptember,2019 (both days inclusive) for the purpose of AGM.

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations 2015, the Company is pleased to provide E-voting facility to its Members enabling them to cast their vote electronically for all the resolutions as set in the AGM notice through the e-voting services provided by Central Depository Security Limited (CDSL).

The details regarding remote e-voting facility are as under:

1. The company has fixed 23rd September, 2019 as the "Cut Off"date to ascertain the eligibility of member for e-voting;
2. The dispatch of notice of the company together with annual report has been completed on 5th of September 2019.
3. The remote e-voting shall commence on 27th September, 2019. 09:00 a.m. to 29th September, 2019 (5.00 p.m.) during which period the members may cast their vote electronically. Thereafter, the remote e-voting module shall be disabled by CDSL;
4. Any person who acquires shares of the Company and becomes a member of the Company after the dispatch of the Notice of the AGM and holds shares as of the cut-off date may obtain the login ID and password by sending a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com;
5. Members may note that: a)The facility for voting through ballot paper will be made available at the AGM for the members present at the meeting; b) The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again ; and c) Only persons whose names are recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date i.e. 23rd September 2019 shall be entitled to vote using the remote e-voting facility or at the AGM using ballot paper;
6. Any queries / grievance relating to remote e-voting shall be addressed to Ms. Kriti Bareja, Company Secretary, Southern Infosys Limited,402-A, Arunachal Building, 19 Barakhamba Road, New Delhi - 110 001.Tel.: 011-43045402, E-mail: southerninfosys@gmail.com.

For Southern Infosys Limited
sd/-
Kriti Bareja
Company Secretary

Place: New Delhi
Date: 06.09.2019

कार्पोरेशन बैंक

आंचलिक कार्यालय, आर.पी.जी. टॉवर, 495/1, मंगल पाडें नगर, मेरठ-250001

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए) [Rule - 8(1)]

यद्यपि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण व पुर्नसंरचना तथा प्रतिभूति ब्याज का प्रभावीकरण अधिनियम 2002 के अन्तर्गत तथा प्रतिभूति ब्याज (प्रभावीकरण) नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13 (02) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कार्पोरेशन बैंक अधोहस्ताक्षरी ने विभिन्न बकायेदार ऋणियों एवं गारन्टरों को नोटिस में वर्णित राशि नोटिस प्राप्ति के 60 (साठ) दिनों के अन्दर अदा करने हेतु मांग नोटिस जारी की थी। ऋणियों एवं गारन्टरों के द्वारा इस राशि की अदायगी में विफल रहने पर एतद्द्वारा आम जनता को एवं ऋणी व गारन्टरों को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 (4) एवं नियमों के उपनियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा उनके सम्मुख अंकित तिथि को कर लिया है। एतद्द्वारा ऋणियों/गारन्टरों को विशेषतः और जन साधारण को सामान्यतः सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों का अधिग्रहण कर लिया गया है अतः इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई सौदा/व्यवहार बैंक के अतिरिक्त अन्य किसी से न करें एवं ऐसा कोई भी सौदा/व्यवहार कार्पोरेशन बैंक की देय राशि व सम्बन्धित ब्याज हेतु जैसा कि नीचे खाते के सम्मुख उल्लेखित किया गया है के अध्याधीन होगा।

शाखा का नाम	ऋणी और जमानती के नाम	कब्जा नोटिस की तारीख	मांग नोटिस की तारीख	मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि
आवास विकास कॉलोनी, आगरा शाखा (1778)	1. श्री अजीत गौतम पुत्र श्री योगेन्द्र प्रसाद गौतम निवासी 126, नीरव निकुंज, द्वितीय चरण, सिकन्दरा आगरा 2. श्रीमती भावना गौतम पत्नि श्री अजीत गौतम निवासी 126, नीरव निकुंज, द्वितीय चरण, सिकन्दरा आगरा 3. मेसर्स मीरा बिल्ड्स (प्रो) अजीत गौतम) निवासी 126, नीरव निकुंज, द्वितीय चरण, सिकन्दरा आगरा	14.08.2019	29.04.2019	रूपये 10,20,873.75 (दस लाख बीस हजार आठ सौ तेहत्तर और पैसे पीचहत्तर मात्र)

बंधक रखी गयी सम्पत्ति का विवरण- संपत्ति के सभी भाग और पार्सल एक आवासीय मकान जोकि श्री अजीत गौतम पुत्र श्री योगेन्द्र गौतम के नाम पर है, स्थित प्लॉट नंबर 93 (भाग), नीरव निकुंज द्वितीय चरण, सिकंदरा आगरा में स्थित है। क्षेत्रफल 89.67 वर्ग मीटर। सीमायें:- पूर्व- अन्य का प्लॉट, पश्चिम- प्लॉट नंबर 92 (भाग), उत्तर- प्लॉट नंबर 93 (प्लॉट), दक्षिण- रास्ता 30'

दिनांक - 09.09.2019 स्थान- मेरठ प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेशन बैंक

HDFC हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि.

WITH YOU, RIGHT THROUGH

उत्तरी क्षेत्र कार्यालय : द कैपिटल कोर्ट, मुनिरका, आउटर रिंग रोड, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली-110 067
दूरभाषः 011-41115111, कॉर्पोरेट पहचान संख्याः L70100MH1977PLC019916, वेबसाइटः www.hdfc.com

कब्जा सूचना

चूंकि, **हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारियों ने वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अधीन प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन निम्नलिखित कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों को एक मांग सूचना जारी की जिसमें उनके नामों के सम्मुख दर्शाई गई राशि और कथित सूचना में दर्शाये गए विवरण के अनुसार लागू दर पर ब्याज तथा भुगतान की तिथि और/या वसूली तक प्रासंगिक व्यय, लागत एवं प्रभार आदि के साथ राशि को कथित मांग सूचना(ओं) की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया।

क्र. सं.	कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों का नाम/ऋण खाता संख्या	बकाया राशि	मांग सूचना की तिथि	कब्जा करने की तिथि	अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण
1.	सुश्री नीतू (मृतक कर्जदार स्वर्गीय श्री गुडविन लाल की पत्नी) ऋण खाता सं. 602307974	31 अक्टूबर, 2018* को बकाया रु. 25,04,952/-, (केवल पच्चीस लाख चार हजार नौ सौ बावन रुपए)	30 नवम्बर, 2018	06 सितम्बर 2019 (भौतिक)	फ्लैट नं. जी-1, ग्राउण्ड फ्लोर, एलएचएस, एमआईजी टाईप, विक्रम इनक्लेव, प्लॉट नं. 151, शालीमार गार्डन, साहिबाबाद, गाजियाबाद।
2.	श्री दिनेश गुप्ता ऋण खाता सं. 615710724	30 अप्रैल, 2019* को बकाया रु. 1,08,82,585/-, (केवल एक करोड़ आठ लाख बयासी हजार पांच सौ पचासी रुपए)	31 मई, 2019	06 सितम्बर 2019 (भौतिक)	प्लॉट जीएच-1सी, सेक्टर-168, नोएडा एक्सप्रेसवे, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश में आवासीय प्रोजेक्ट सनवर्ल्ड अरिस्टा टॉवर-1, सुपर एरिया 2,100 वर्ग फीट (लगभग) में स्थित यूनिट/फ्लैट-403, तल-चौथा, टॉवर-1, सहित उससे सम्बद्ध सभी क्षेत्रों के साथ निवली भूमि पर अविभाजित आनुपातिक हिस्सा।
3.	श्री राहुल मिश्रा एवं सुश्री ज्योत्सना मिश्रा (कर्जदार) श्री सुशान्त अग्रवाल (गारंटर) ऋण खाता सं. 580729934	30 सितम्बर, 2018* को बकाया रु. 7,74,450/-, (केवल सात लाख चौहत्तर हजार चार सौ पचास रुपए)	18 दिसम्बर, 2018	06 सितम्बर 2019 (प्रतीकात्मक)	बी IV/401 इल्डेको गोल्फ व्यू अपार्टमेंट्स बीआरएस-05, प्लॉट न. 5 पॉकेट पी 2, सेक्टर नोएडा, उत्तर प्रदेश और उस पर वर्तमान एवं भविष्य में निर्माण।

*भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के रूप में आगे ब्याज के साथ।

तथापि, उपरोक्त वर्णित कर्जदार/गारंटर बकाया राशि का भुगतान करने में असफल रहें। विशेषतः उपरोक्त वर्णित कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधि और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी लि. के प्राधिकृत अधिकारियों ने अधिनियम की धारा 13(4) के पठित कथित अधिनियम के नियम 8 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त दर्शाई गई तिथि से उपरोक्त वर्णित क्र.सं. 1 और 2 की अचल परिसम्पत्तियों/प्रतिभूत परिसम्पत्तियों पर **भौतिक कब्जा** और क्र.सं. 3 की अचल परिसम्पत्तियों/प्रतिभूत परिसम्पत्तियों पर **प्रतीकात्मक कब्जा** ले लिया है।

विशेषतः उपरोक्त वर्णित कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शाई गई अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का किसी भी तरह से लेनदेन न करें और कथित अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का कोई भी लेनदेन हाउसिंग डेवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. के अधीन होगा।

प्रतिभूत संपत्ति (संपत्तियां) वापस लेने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों का ध्यान कथित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

तैयार पंचनामा और बनाई गई इन्वेंट्री की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं। कथित कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी उत्तराधिकारियों और कानूनी प्रतिनिधियों से आग्रह है कि संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से किसी कार्य दिवस में सामान्य कार्य अवधि में प्राप्त कर लें।

कृते हाउसिंग डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि.
ह0/-
प्राधिकृत अधिकारी

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 09.09.2019

पंजीकृत कार्यालयः रेमन हाउस, एच.टी. पारेख मार्ग, 169, बैकबे रीक्लेमेशन, चर्चगेट, मुंबई-400 020

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India

1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

ई-नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी एक्ट 2002 के अधीन)

क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली (उत्तर) 1398, प्रथम तल, चाँदनी चौक, दिल्ली-110006, टेलीफोनः 011-23832226

27.09.2019 को अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी बिक्री

आम जनता और विशेषतः कर्जदारों/गारंटीकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक (जो भी लागू हो) कब्जा लिया गया है, को बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जो है जैसा है" और "जो भी वहां है" आधार पर 27.09.2019 को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं ईएमडी का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है। बोली जमा करने की तिथि 26.09.2019 को सायं 5:00 बजे तक, ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 27.09.2019 को प्रातः 11:00 बजे से अप. 1:00 बजे के बीच (प्रत्येक 5 मिनट असीमित विस्तार के साथ)। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया www.centralbankofindia.co.in या www.bankeauctions.com देखें।

चल / अचल संपत्तियों का विवरण

क्र. सं.	शाखा का नाम	प्राधिकृत अधिकारी का नाम तथा फोन नं.	खाता का नाम	प्रत्याभूत परिसंपत्तियों का विवरण	मांग सूचना तिथि तथा बकाया राशि (रु. लाखों में)	इकाई की तिथि एवं प्रकार	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि (रु. लाखों में)
1.	दरियागंज नई दिल्ली	श्री आर.जी. मीणा मोबाईल: 8800013511/ 9812955360	क्लासिक ऑप्टिकल्स	फ्लैट न. बी-2, सम्पत्ति सं. 3477/3, 3477, सम्पूर्ण प्रथम तल (बिना छत अधिकार), निकोलसन रोड, मोरीगेट, दिल्ली, एरिया-522 वर्ग फीट (मालिक-नजीम खान)	17.12.2018 रु.105.90 लाख + अन्य शुल्क, लागू होने वाले डिडक्शन्स/ पुनर्भुगतान	01.07.2019 (भौतिक कब्जा)	₹ 18.27 लाख / ₹ 1.90 लाख / ₹ 0.20 लाख
2.	दरियागंज नई दिल्ली	श्री आर.जी. मीणा मोबाईल: 8800013511/ 9812955360	क्लासिक ऑप्टिकल्स	गली नवाब वाली, तिलक बाजार, दिल्ली में स्थित सम्पूर्ण तीसरा तल छत अधिकार के साथ, सम्पत्ति सं. 2367, वार्ड नं. 3, एरिया-65.03 वर्ग मीटर (मालिक-हिमायु खान)	17.12.2018 रु.105.90 लाख + अन्य शुल्क, लागू होने वाले डिडक्शन्स/ पुनर्भुगतान	31.05.2019 (भौतिक कब्जा)	₹ 26.46 लाख / ₹ 2.70 लाख / ₹ 0.30 लाख
3.	दरियागंज नई दिल्ली	श्री आर.जी. मीणा मोबाईल: 8800013511/ 9812955360	क्लासिक ऑप्टिकल्स	4 मंजिला ईमारत में तीसरा तल, सम्पत्ति सं.757/1, वार्ड नं.7, फराश खाना, दिल्ली। क्षेत्र-1135 वर्गफीट (मालिक-हिमायु खान)	17.12.2018 रु.105.90 लाख + अन्य शुल्क, लागू होने वाले डिडक्शन्स/ पुनर्भुगतान	04.07.2019 (भौतिक कब्जा)	₹ 40.00 लाख / ₹ 4.00 लाख / ₹ 0.40 लाख
4.	दरियागंज नई दिल्ली	श्री आर.जी. मीणा मोबाईल: 8800013511/ 9812955360	मैसर्स स्टॉर मैन्युफैक्चरिंग कं.	गांव खुरेजी खास का एरिया, रमेश पार्क की आबादी, जे पी वेस्ट, लक्ष्मी नगर, इलाका शाहदरा, दिल्ली में स्थित खाली आवासीय प्लॉट/भूमि सं. एफ-153-ए/1 (एफ-153-ए/1सी के रूप में ज्ञात), खसरा नं. 57/1 का भाग, एरिया-100 वर्ग यार्ड (मालिक-सलामत अली)	12.09.2018 रु.184.16 लाख + अन्य शुल्क, लागू होने वाले डिडक्शन्स/ पुनर्भुगतान	17.05.2019 (भौतिक कब्जा)	₹ 64.00 लाख / ₹ 6.40 लाख / ₹ 0.70 लाख
5.	दरियागंज नई दिल्ली	श्री आर.जी. मीणा मोबाईल: 8800013511/ 9812955360	मैसर्स महक सारी हाउस	रिटल्ट फ्लोर, पहला तल, तीसरा तल, छत अधिकार के साथ, सम्पत्ति सं 1/2244ए, खसरा नं.885/136 का भाग, गांव चन्द्रावली-उर्फ- शाहदरा, गली नं.14, पूर्वी राम नगर के क्षेत्र में स्थित, मंडोली रोड, इलाका शाहदरा, दिल्ली, क्षेत्र-100 वर्ग गज, (स्वामित्व-शशांक शर्मा)	30.10.2018 रु.134.13 लाख + अन्य शुल्क, लागू होने वाले डिडक्शन्स/ पुनर्भुगतान	01.07.2019 (भौतिक कब्जा)	₹ 56.00 लाख / ₹ 5.60 लाख / ₹ 0.60 लाख
6.	करोल बाग, नई दिल्ली	श्री कुमार गौतम मोबाइल: 9999917126/ 8178088660	मैसर्स सत ज्वैलर्स एवं अक्षय जैन, रमेश चन्द्र जैन, मधु जैन, रंजना जैन, वैशि जैन	निगम सम्पत्ति सं. 2525 एवं 2526, वार्ड न. XVI, ब्लॉक-एम, शॉप न. 4 एवं 5, गली नं. 6 एवं 7, बीजनपुरा, करोलबाग, दिल्ली, एरिया-320.00 वर्ग फीट (मालिक-रमेश चन्द्र एवं अक्षय जैन)	05.09.2017 रु.78,83,025/- एवं 05.09.2017 रु.25,10,064/- + अन्य शुल्क, लागू होने वाले डिडक्शन्स/ पुनर्भुगतान	26.03.2019 (भौतिक कब्जा)	₹ 81.50 लाख / ₹ 8.20 लाख / ₹ 0.80 लाख
7.	एमएमएच कॉलेज, गाजियाबाद	श्री गौरव त्यागी मोबाइल: 9999467102/ 8218647070	सन्नी वर्मा	प्रथम तल (बिना छत अधिकार), प्लॉट न. 72, खसरा न. 5 का भाग, गांव-डासना, सरस्वती विहार कॉलोनी, आईडियल इंजीनियरिंग कॉ

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

Branch- Trade Tax Bhawan
Raj Nagar, Ghaziabad - 201014
Ph.: 0120- 2780091
Fax: 0120-2780091, MICR 110025165

परिशिष्ट - IV- ए [नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार तथा गारंटर को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी गई/प्रभारित निम्नवर्णित सम्पत्ति, जिसका प्रलंबित/भौतिक (जो भी लागू है) कब्जा प्रतिभूत क्रेडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्राप्त किया जा चुका है, प्रतिभूत क्रेडिटर की निम्नलिखित कर्जदारों की तरफ बकाया राशि रु. 33,98,039.98 (रु. तेतीस लाख अठानवे हजार उन्तालिस और अठानवे पैसे मात्र) + 01-03-2019 से ब्याज तथा लागतों इत्यादि सहित की वसूली के लिए, दिनांक 23-10-2019 को "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी।

1. मै0 शिव शक्ति कन्स्ट्रक्शन एण्ड बिल्डर्स, पताः मकान नं0त्र 2435, देवी चाट वाली गली, घूकना मोड़, गाजियाबाद।
2. श्री आनन्द कुमार पताः मकान नं0. 355, गली नं0.4, न्यू दौलत पुरा, जय प्रकाश नगर, गाजियाबाद, उ0प्र0 – 201001.

सुरक्षित मूल्य रू. 22,64,000/- (रू. बाईस लाख चौंसठ हजार मात्र) होगा तथा धरोहर राशि जमा रू. 2,26,400/- (रू. दो लाख छबबीस हजार चार सौ मात्र) होगी।

सम्पत्ति का वर्णन

प्लॉट नं0. 144, राधे श्याम विहार III, खसरा नं0. 591 का हिस्सा, गांव बसंतपुर सैनटली, दिल्ली–मेरठ रोड़, गाजियाबाद उ0प्र0– 201206, 144.36 स्क्वेयर मीटर माप के साथ।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत क्रेडिटर की वेबसाइट नागता। www.syndicatebank.in में उपलब्ध करवाया गया लिंक देखें।

दिनांकः 07-09-2019 **प्राधिकृत अधिकारी**

मिडईस्ट (इंडिया) लि.

CIN: L63090DL 1977PLC008684
पंजी. कार्यालयः भू तल, 8/15 मेहराम नगर, नई दिल्ली-110037
टेली.: 011-29241099, 40587085, 40587083,
वेबसाईटः www.mideastindialtd.com

43वीं वार्षिक साधारण सभा की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मिडईस्ट (इंडिया) लिमिटेड की 43वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) सोमवार, 30 सितम्बर, 2019 को 10.00 बजे पूर्वा. में **द एक्जीक्यूटिव क्लब, 439 ग्राम सहूरपुर, पी.ओ. फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली-110074** में आयोजित की जायेगी। वित्त वर्ष 2018-19 के लिये कम्पनी के वार्षिक रिपोर्ट के साथ सभा में निष्पादित होने वाले व्यवसाय से शामिल सूचना 7 सितम्बर, 2019 को उनके पंजीकृत पते पर सदस्यों को प्रेषित कर दी गई है तथा वह हमारी वेबसाईट www.mideastindialtd.com पर भी उपलब्ध है।

पुस्तक बंद होनाः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91, कम्पनी (प्रबंध एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 10 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 42 के अनुपात में सदस्यों के रजिस्टर तथा कम्पनी की शेयर अंतरण पुस्तकें सोमवार, 23 सितम्बर, 2019 से सोमवार, 30 सितम्बर, 2019 (दोनों दिवस सहित) तक कम्पनी की 43वीं वार्षिक साधारण सभा के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

सदस्यगण यह ध्यान रखें कि एजीएम में उन्हें मत पत्र द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी, कोई भी सदस्य कम्पनी की वेबसाईट **(www.mideastindialtd.com)** से एजीएम की सूचना अथवा कम्पनी का वार्षिक रिपोर्ट डाउनलोड कर सकते हैं अथवा कम्पनी के रजिस्ट्रार, स्काईलाइन फाइनांसियल सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड को लिखें।

मिडईस्ट (इंडिया) लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
रीता सिंह
गैर-कार्यकारी निदेशक
DIN: 00082263

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 10.9.2019

JMT AUTO LIMITED

An AMTEK Group Company
CIN: L42274DL1997PLC270939
Regd. Office: 3, LSC, Pamposh Enclave, Guru Nanak Market, Opp. LSC Market, New Delhi - 110 048
Phone: 0657-6626340 , E-mail: jmt.auto@jmtauto.com;
Website: www.jmtauto.com

NOTICE OF 32ND ANNUAL GENERAL MEETING

Notice is hereby given that:

1. The 32ndAnnual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Thursday, September26, 2019 at 12.30 P.M. at Mapple Emerald, NH8, Rajokri, New Delhi-110038,to transact the business as contained in the Noticedated August 14, 2019, which has been sent to all the Members at their recorded address/email ids.
2. Register of Members and Share TransferBooks of the Company will remain closed from September 23, 2019 to September 26, 2019(both days inclusive) for the purpose of the AGM.
3. Date of completion of sending of Notices: September4, 2019.
4. Notice of the AGM has been uploaded on the website of the Company at www.jmtauto.com
5. The Company is pleased to provide to its Shareholders electronic voting (e-voting) facilitythrough CDSL, on all the resolutions set forth in the Notice dated August 14, 2019.
6. Date and time of remote e-voting: Startsfrom Monday, September 23, 2019 (9:00 a.m. IST) and will end on Wednesday, September 25, 2019 (5:00 p.m. IST).
7. The cut-off date for remote e-voting is September19, 2019.
8. Remote e-voting shall not be allowed beyond the above mentioned end time and any vote cast beyond that time shall be invalid.
9. The facility for voting shall also be made available at the meeting and members attending the meeting who have not already cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting.
10. The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the meeting may also attend the meeting but shall not be entitled to cast their votes again.
11. Any person, who acquires shares of the Company and becomes a member of the Company after dispatch of the Notice and holding shares as of the cut-off date, may obtain the login ID and password by sending a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com
12. The Notice of 32ndAnnual General Meeting is available on the Company's website atwww.jmtauto.com and website of CDSL at: www.evotingindia.com
13. In case of queries or issues regarding e-voting, refer to the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evotingindia.com under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com

By the Order of the Board
Sd/-
Mona K Bahadur
Company Secretary

Place:New Delhi
Date: 6th September, 2019

R. R. Corporate Securities Limited

Regd Off.: ADMINISTRATIVE BLOCK, METRO WALK, SECTOR - 10 ROHINI, NEAR RITHALA METRO STATION NEW DELHI -110085
CIN: L67120DL1986PLC026187, **Email**: rrcsecurities@gmail.com

NOTICE OF THE 32ND ANNUAL GENERAL MEETING, EVOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE

Notice is hereby given that the 32nd Annual General Meeting (AGM) of R R Corporate Securities Limited is scheduled to be held on Monday, 30th Day of September, 2019 at registered office of the Company at Metro Walk, Sector- 10, Near Rithala Metro Station, Rohini, Delhi- 110008 at 02:30 P.M to transact business as contained in the notice of the meeting.

The notice of the 32nd AGM setting out the ordinary and special business (es) to be transacted there at together with the Annual Report for the financial year 2018-19 has been sent to all the members electronically to the email id's registered with the Company (if applicable) Depository Participant and the physical copies has been posted to all the other members individually at the addresses registered with the Company. The physical dispatch email transmission of notice and Annual Report has been dispatched to the members. A member can also download the Notice and Annual Report from the Company's website i.e.www.rrcsl.com. Members may also request for a copy of the same by writing to the Company at rrcsecurities@gmail.com or at the registered office address of the Company.

Further Notice is hereby given that pursuant to Section 108 of the Companies Act, 2013 ("the Act") read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended and Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the company is providing its members facility to cast their vote electronically to transact all the business items as mentioned in the Notice of 32nd AGM of the Company through e-voting platform provided by Central Depository Services (India) Limited (CDSL) from a place other than the venue of the Meeting ("Remote e-voting").

Facility for voting through ballot paper shall also be made available at the AGM and the members who have not cast their vote through remote e-voting, form shall be able to vote at the AGM.

Members who have cast their vote through remote e-voting form prior to the AGM may attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again.

The Remote e-voting period begins on 27th September, 2019 at 9 a.m. and ends on 29th September, 2019 at 5 p.m. The remote e-voting module shall be disabled by CDSL at 5:00 P.M on 29th September, 2019.

The cut off-date for determining the eligibility of Members for voting through remote e-voting as well as voting at the meeting is 23rd September, 2019. Any person who becomes a member of the Company after dispatch of the Notice of the meeting and holding shares as on the cut-off date i.e. 23rd September, 2019 may obtain user id and password by sending a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com or rrcsecurities@gmail.com.

Members can opt for one mode of voting only i.e. remote e-voting or ballot form at the Annual General Meeting. In case members cast their votes through both the modes, voting done through remote e-voting shall prevail and votes cast through ballot form shall be treated as invalid.

In case of any queries or issues relating to voting by electronic means, please refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) and remote e-voting manual available at www.evotingindia.com under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com.

It is further notified that pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Management and Administration) Rule, 2014 made thereunder and Regulation 42 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations 2015, The register of members and Share Transfer Registers of the Company shall remain closed Sunday, 29th September, 2019 to Monday, 30th September, 2019 (both days inclusive) for annual closing of Annual General Meeting.

By order of the Board
For **R R Corporate Securities Limited**
Sd/-
Gian Vijeshwar

Place: Delhi
Date: 7th September, 2019

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

सरस्वती महिला कॉलेज के सामने बाईपास रोड पलवल हरियाणा 121102

कब्जा सूचना

[परिशिष्ट IV, अधिनियम-नियम 8 (1) के अंतर्गत]

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत सिंडिकेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम के साथ पठित धारा 13 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 1.6.2019 जारी कर ऋणधारक/ स्युरिटी/ सम्पत्ति के स्वामी, श्री/श्रीमती यसोधा, मुकेश, लखपत को सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 181876.62 (रुपए एक लाख इक्यासी हजार आठ सौ छियत्तर एवं पैसे बासठ मात्र) वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक/ स्युरिटी/ सम्पत्ति के स्वामी इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक/ स्युरिटी/ सम्पत्ति के स्वामी तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 4 सितम्बर, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 184161.79 तथा उस पर ब्याज, लागतों आदि की राशि के लिए सिंडिकेट बैंक, पलवल शाखा के चार्ज के अधीन होगा।

अचल संपत्ति का विवरण

श्रीमती यसोदा के स्वामित्व में एच. नं. 194, वार्ड नं. 5, न्यू बस्ती, सल्लागढ़, पलवल, ख. नं. 3381/3851 में, आर. नं. 164, किल्ला नं. 5/2 (5-12) में स्थित आवासीय सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः रोड, दक्षिणः अन्य सम्पत्ति, पूर्वः भीम सिंह का मकान, पश्चिमः सची का मकान

तिथिः 10.9.2019 **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थानः फरीदाबाद **सिंडिकेट बैंक**

प्रपत्र आईएनसी-26
[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्र सरकार
क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
3. उपरोक्त कम्पनी के मामले [illegible] और [illegible] सदस्य की प्रतिलिपि [illegible] 7, [illegible] सेक्टर-49, गुरुग्राम, हरियाणा-122018 स्थित कार्यालय में देखी जा सकती है।
4. सूचना दी जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को इस आवेदन पर आपत्ति है तो वह निबंधक में अपनी आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिन के भीतर [illegible] को आवेदन तथा इसकी एक प्रति कम्पनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय को भी भेजेगा।

दिनांक 10 माह सितम्बर 2019

आवेदक का नाम
1. [illegible] 2. [illegible] 3. [illegible]

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय परियोजना प्रबन्धक
निर्माण इकाई-हरदोई
कचन सं0-117/3 एवं 117/4, प्रहलादपुरी, हरदोई। E-mail- cuhardoi@gmail.com

पत्र सं0- 453/ए.सी.-9/14 दिनांक: 09.09.2019

निविदा सूचना-विज्ञप्ति

कार्यालय की निविदा सूचना सं0 451/ए0सी0-9/12, दिनांक 9.9.13 द्वारा जनपद-हरदोई एवं सीतापुर में विभिन्न सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ओ0एच0टी0, के निर्माण कार्यों तथा कार्यालय की निविदा सूचना सं0 452/ए0सी0-9/13 दिनांक 9.9.13 द्वारा जनपद हरदोई में निर्माणाधीन राजकीय कृषि महाविद्यालय में फर्नीचर आपूर्ति हेतु ई-निविदाएं क्रमशः दिनांक 04.10.2019 को अपरान्ह 3:00 बजे एवं दिनांक 09.10.2019 को अपरान्ह 5.00 तक आमन्त्रित की गयी है। इच्छुक निविदादाता www.upavp.com तथा http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर निविदा एवं सम्बन्धित नियम एवं शर्तें आदि देख सकते हैं।

परियोजना प्रबन्धक

प्रपत्र सं. आईएनसी-25ए

सार्वजनिक कम्पनी का प्राईवेट कम्पनी में रूपांतरण के लिये समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिये विज्ञापन

क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष

कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41 के मामले में

तथा

मै. नैचर कंसोलिडेटेड लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय 294/1, विश्वकर्मा कॉलोनी, आईसीडी के सामने, एमबी रोड, नई दिल्ली डीएल 110044 आईएन में है, के मामले में।

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कम्पनी उपरोक्त नियमावली के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अंतर्गत केंद्र सरकार के पास एक आवेदन करने के लिये इच्छुक है तथा ऐसे रूपांतरण को प्रभावी करने के लिये कम्पनी को सक्षम बनाने के लिए 25.06.2019 को आयोजित वार्षिक साधारण सभा/असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी को एक प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में रूपांतरित करने के लिए इच्छुक है।

कंपनी की स्थिति में इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे उसके नीचे वर्णित पते पर पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति संबंधित क्षेत्रीय निदेशक के पतेः बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें।

हस्ता./-
राम अवतार गुप्ता
DIN: 01936006
294/1, विश्वकर्मा कॉलोनी, आईसीडी के सामने,
एमबी रोड, नई दिल्ली डीएल 110044 आईएन
ईमेल आईडी: Accounts@amaryllisindia.com

तिथि: 09.09.2019
स्थान: दिल्ली

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

Branch- SF-15, Shastri Nagar, Ghaziabad, U.P. 201001, Ph.: 0120- 2767430, 9868394314 E: br.8890@syndicatebank.co.in

परिशिष्ट - IV- ए [नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार तथा गारंटर को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी गई/प्रभारित निम्नवर्णित सम्पत्ति, जिसका प्रत्यक्षित/भौतिक (जो भी लागू है) कब्जा प्रतिभूत क्रेडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्राप्त किया जा चुका है, प्रतिभूत क्रेडिटर की निम्नलिखित कर्जदारों की तरफ बकाया राशि रु. 24,52,850 (रु. चौबीस लाख बावन हजार आठ सौ पचास मात्र) + 01-02-2019 से ब्याज तथा लागतों इत्यादि सहित की वसूली के लिए, दिनांक 23-10-2019 को 'जैसी है जहां है', 'जैसी है जो है' तथा 'जो भी है वहां है' आधार पर बेची जाएगी।

श्री चन्दन कुमार पुत्र श्री ए.के. सिंह, पताः ए.ई 134, अवन्तिका, गाजियाबाद।
जमानती:- श्रीमति पल्लवी सिंह पत्नि श्री चन्दन कुमार पताः ए.ई. 134, अवन्तिका, गाजियाबाद।
सुरक्षित मूल्य रु. 20,00,000/- (रु. बीस लाख मात्र) होगा तथा धरोहर राशि जमा रु. 2,00,000/- (रु. दो लाख मात्र) होगी।

सम्पत्ति का वर्णन

आवासीय फ्लैट नं0. 908, तृतीय तल, टॉवर नं. 3, पंचशील प्राईम रोज, अपार्टमेन्ट, हापुड़ रोड, गाजियाबाद, मालिक श्री चन्दन कुमार और श्रीमति पल्लवी सिंह।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत क्रेडिटर की वेबसाइट नामतः। www.syndicatebank.in में उपलब्ध करवाया गया लिंक देखें।

दिनांकः 07-09-2019 प्राधिकृत अधिकारी

ओ.बी.सी. ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स
(भारत सरकार का उपक्रम)
समाधान वसूली और विधि कार्यालय, गुरूग्राम (हरियाणा)
शाखा : प्लॉट नं. 5, इन्सटीट्यूशनल एरिया, सैक्टर-32, गुड़गाँव-122001, ई-मेलः rri_7626@obc.co.in

नियम 8(1) अधिग्रहण सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एंव प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदारों को निम्नलिखित दिनांकों को मांग नोटिस जारी किया था, जिसमें मांग नोटिस में लिखित बकाया राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमें नीचे वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13 (4), उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत निम्नलिखित दिनांकों को ले लिया है।

उधारकर्ताओं को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्तियों के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, के प्रभार वास्ते बकाया राशि के अधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

खाते का नाम (कर्जदार)	माँग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तारीख	बंधक सम्पत्तियों का विवरण	बकाया राशि (रू. में)
मैसर्स ओम इंफ्रास्टोन्स प्रा. लि. इसके निदेशक द्वारा श्री राजेश कुमार बंसल और श्री प्रताप सिंह नेहरा	21-05-2019 / 07-09-2019	दृष्टिबंधक मशीन अर्ध स्वचालित ग्रेडर और Sieving मशीन (स्टोन डस्ट प्रोसेसिंग यूनिट) (क्षमता 30 टन प्रति चक्र), जिसमें शामिल है: सामग्री हैंडलिंग सिस्टम मोटर्स और ड्राइव, मात्रा 1, यह सम्पत्ति मैसर्स ओम इंफ्रास्टोन्स प्रा. लि. के नाम पर है।	₹ 1,35,68,682.74 दिनांक 30-04-2018 तक और बैंक द्वारा दिनांक 01.05.2019 से भविष्य का ब्याज और अन्य प्रभार

दिनांक : 07.09.2019, स्थान : गुडगाँव प्राधिकृत अधिकारी, ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

बी एण्ड आर B AND R

ब्रिज एंड रूफ कं0 (इंडिया) लि0
(भारत सरकार का उपक्रम)
CIN No. U27310WB1920GOI003601
"कांकरिया सेंटर", (4था व 5वां तल), 2/1, रसेल स्ट्रीट, कोलकाता-71

निविदा आमंत्रण सूचना (निआसू)

निम्नलिखित कार्य हेतु निर्दिष्ट अर्हता मानदंड को पूरा करने वाले प्रतिष्ठित, साधनसंपन्न व अनुभवी पार्टियों से दो भाग प्रणाली में आइटम दर प्रस्ताव आमंत्रित है।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण निआसू सं0 बी एंड आर/एमएसपी/61010/एचएमईएल/पाइपिंग/एनआईटी/09 (आर) दिनांक 07.09.2019	बी एंड आर की वेबसाइट पर उपलब्ध निविदा प्रपत्र	बोली दाखिले की नियत तिथि
1.	भटिंडा (पंजाब) स्थित मेसर्स एचपीसीएल-मित्तल इनर्जी लिमिटेड की गुरु गोविंद सिंह रिफाइनरी स्थित गुरु गोविंद सिंह पॉलीमर एडिशन प्रोजेक्ट हेतु डीएफसीयू यूनिट के कंपोजिट कार्य की बाबत जमीन के ऊपर आईबीआर एवं नॉन-आईबीआर (सीएस, एसएस, एएस, जीआई एवं स्ट्रीम ट्रेसिंग) पाइपिंग का पूर्व-प्रचालन, फैब्रिकेशन, इरेक्शन, एलाइनमेंट, सपोर्टिंग, टेस्टिंग, फ्लशिंग व बाक्स-अप।	07.09.2019	23.09.2019

इच्छुक साधनसंपन्न ठेकेदार निविदा दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट : http://www.bridgeroof.co.in से डाउनलोड कर सकते हैं।
इस संदर्भ में कोई भी शुद्धिपत्र/ संयोजन सिर्फ कंपनी की वेबसाइट : http://www.bridgeroof.co.in पर जारी की जाएगी।

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

Branch- CEL, Industrial Area-IV, Sahibabad - 201010, Ghaziabad, Ph: 0120 - 2895170, 7889026548 E: br.8776@syndicatebank.co.in

परिशिष्ट - IV- ए [नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार तथा गारंटर को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी गई/प्रभारित निम्नवर्णित सम्पत्ति, जिसका प्रत्यक्षित/भौतिक (जो भी लागू है) कब्जा प्रतिभूत क्रेडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्राप्त किया जा चुका है, प्रतिभूत क्रेडिटर की निम्नलिखित कर्जदारों की तरफ बकाया राशि रु. 6,13,34,520.04 (रु. छः करोड़ तेरह लाख चौंतिस हजार पांच सौ बीस और चार पैसे मात्र) + 01-02-2019 से ब्याज तथा लागतों इत्यादि सहित की वसूली के लिए, दिनांक 23-10-2019 को 'जैसी है जहां है', 'जैसी है जो है' तथा 'जो भी है वहां है' आधार पर बेची जाएगी।

मै0. डी बोनो फ्लैक्सकॉन (आई.) लि0., डायरेक्टर्स:- 1. श्री तरून कुकरेजा, 2. पुनीता चौधरी, 3. श्री अंजन मुखर्जी। पताः रजि0./एड. ऑफिस, शाखा ऑफिस:-
दिल्ली:- प्रथम तल, कुकरेजा मकान-46, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली- 110055, इण्डिया।
मुम्बई:- फ्लैट नं0. 9-10, जय दुर्गा बिल्डिंग, द्वितीय तल, प्लॉट नं0. 154, नियर सन, सरकल सन ईस्ट, मुम्बई- 400022.
फैक्टरी पताः ए-48/6, साईट-4, इण्डस्ट्रियल एरिया, साहिबाबाद, गाजियाबाद।
जमानती:-
1. श्री तरून कुकरेजा पुत्र दर्शन कुमार कुकरेजा, बी-5, प्रीत विहार, लक्ष्मी नगर, ईस्ट दिल्ली- 110092.
2. श्री वरून कुकरेजा पुत्र श्री दर्शन कुकरेजा, फ्लैट नं0. एस वी- 1/12, तृतीय तल, इल्डिको, सैक्टर- 93ए, ताज एक्सप्रैसवे, नोएडा, गौतमबुद्धनगर, यू0पी0- 201304.
3. पुनीता चौधरी पुत्री श्री दर्शन कुमार कुकरेजा, फ्लैट नं0. 8021, एटीएस वन हेमलेट, ताज एक्सप्रैसवे, सैक्टर-104, नोएडा।
4. श्रीमति सरोज कुकरेजा पत्नि दर्शन कुमार कुकरेजा, बी-5, प्रीत विहार, लक्ष्मी नगर, ईस्ट दिल्ली- 110092.
सुरक्षित मूल्य रु. 2,50,00,000/- (रु. दो करोड़ पचास लाख मात्र) होगा तथा धरोहर राशि जमा रु. 25,00,000/- (रु. पच्चीस लाख मात्र) होगी।

सम्पत्ति का वर्णन

भूमि और प्लॉट, जिसकी माप 327.50 स्क्वेयर यार्डस डब्ल्यू जैड-283, श्री नगर, रेलवे रोड, शकुर बस्ती, गांव शकुरपुर, दिल्ली। चौहद्दी: पूर्वः रिमेनिंग प्रॉपर्टी का हिस्सा, पश्चिमः पुनीता चौधरी का भाग, उत्तरः सर्विस लाईन, दक्षिणः रेलवे रोड।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत क्रेडिटर की वेबसाइट नामतः। www.syndicatebank.in में उपलब्ध करवाया गया लिंक देखें।

दिनांकः 07-09-2019 प्राधिकृत अधिकारी

नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट कार्यालय: ए-11, सैक्टर-24, नोएडा-201301
जिला-गौतमबुद्ध नगर (यूपी) (इंडिया) (सीआईएन-L74899DL1974GOI007417)

संदर्भ सं. 13-1920डीएपी/05ई दिनांक

स्टेट बैंक ने फिर घटाई कर्ज पर ब्याज दर

मुंबई, 9 सितंबर (भाषा)।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने आगामी त्योहारी मौसम को देखते हुए विभिन्न अवधि के कर्ज की ब्याज दर में 0.10 फीसद की और कटौती का एलान किया है। यह कटौती मंगलवार से प्रभावी होगी। बैंक के जारी बयान में यह जानकारी दी गई है।

इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में बैंक अब तक ब्याज दर में पांच बार में कुल 0.40 फीसद की कटौती कर चुका है। बैंक ने अपनी खुदरा और थोक सावधि जमा दरों में भी 0.10 फीसद से 0.25 फीसद तक की कटौती का एलान किया है। बैंक ने कहा कि इस कटौती के बाद उसकी सीमांत लागत आधारित कर्ज की ब्याज दर (एमसीएलआर) 8.25 फीसद से कम होकर 8.15 फीसद रह जाएगी। बैंक के सभी अवधि के कर्ज की ब्याज दरें इसी के आधार पर तय होती हैं।

एसबीआइ ने अपने ज्यादातर कर्ज और जमा उत्पादों की ब्याज दर को रिजर्व बैंक की रेपो दर से जोड़ दिया है। बैंक ने खुदरा सावधि जमा दर में 0.20 से 0.25 फीसद और थोक राशि में होने वाली जमा दर में 0.10 से 0.20 फीसद तक की कमी की है। ये नई दरें भी मंगलवार से प्रभावी होंगी। बैंक ने कहा कि ब्याज दरों में गिरावट के परिवेश और उसके पास उपलब्ध अधिशेष नकदी को देखते हुए उसने अपनी जमा और ऋण की ब्याज दरों को नए सिरे से व्यवस्थित किया है।

एसबीआइ ने सबसे पहले अप्रैल में ब्याज दर में 0.05 फीसद की कटौती की। तब बैंक की एक साल की एमसीएलआर दर 8.55 फीसद रही। मई और जुलाई में भी बैंक ने इतनी ही कटौती की जबकि अगस्त में बैंक ने 0.15 फीसद की ऊंची कटौती की। चार बार में कुल मिलाकर 0.30 फीसद की कटौती के बाद बैंक की एमसीएलआर दर 8.25 फीसद पर आ गई। अब ताजा पांचवीं बार की कटौती के बाद यह 8.15 फीसद रह गई।

एसबीआइ के निकटतम प्रतिद्वंद्वी बैंक एचडीएफसी बैंक की यह दर 8.30 फीसद और आइसीआइसीआइ बैंक की 8.35 फीसद पर है। इन बैंकों ने पिछले दो सप्ताह के दौरान अपनी न्यूनतम ऋण दर में 0.10 फीसद की कटौती की। बहरहाल, यह गौर करने की बात है कि रिजर्व बैंक की रेपो दर 5.40 फीसद के मुकाबले बैंकों की सीमांत लागत आधारित ऋण दर अभी भी काफी ऊंची बनी हुई है। रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2019 के बाद से रेपो दर में 1.10 फीसद की कटौती की है।

सूचकांक 164 अंक चढ़ा

मुंबई, 9 सितंबर (भाषा)।

वित्तीय और वाहन कंपनियों के शेयरों में बढ़त से शेयर बाजार सोमवार को शुरुआती नुकसान से उबर गए और लाभ में बंद हुए। इससे बंबई शेयर बाजार का सूचकांक 164 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 11,000 अंक के पार बंद हुआ। सरकार ने अर्थव्यवस्था को सुस्ती से उबारने के लिए कदम उठाने का भरोसा दिलाया। इससे अस्थायी रूप से निवेशकों की बेचैनी कम जरूर हुई है।

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सूचकांक गिरावट के रुख के साथ खुला। एक समय यह 36,784.47 अंक के निचले स्तर तक गया। लेकिन बाद में अपने निचले स्तर से 460 अंक उबरते हुए अंत में 163.68 अंक की बढ़त के साथ 37,145.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 37,244.08 अंक के उच्च स्तर तक भी गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 56.85 अंक की बढ़त के साथ 11,003.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एनएसई का निफ्टी 11,028.85 से 10,889.80 अंक के दायरे में रहा।

सकारात्मक वैश्विक घटनाक्रमों से भी निवेशकों की धारणा में सुधार हुआ है। विश्लेषकों का कहना है कि सरकार की ओर से और नीतिगत उपायों की उम्मीद में बाजार सकारात्मक रुख में कारोबार कर रहे हैं। सूचकांक के 30 शेयरों में 20 लाभ में रहे जबकि 10 में गिरावट दर्ज हुई। सूचकांक की कंपनियों में यस बैंक, मारुति, एलएंडटी, कोटक बैंक, भारती एअरटेल, बजाज फाइनेंस, एसबीआइ, ओएनजीसी, एचडीएफसी और हीरो मोटोकॉर्प 4.47 फीसद तक चढ़ गए। दूसरी ओर एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टेकएम, बजाज आटो और टीसीएस में 1.50 फीसद की गिरावट आई। बीएसई मिडकैप और स्मॉल कैप में 0.97 फीसद तक का लाभ रहा।

शेयरखान बाय बीएनपी परिबा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूंजी बाजार रणनीति प्रमुख गौरव दुआ ने कहा कि शेयर बाजारों में सुधार व्यापक रहा। एक शेयर में गिरावट पर दो शेयर चढ़े। ज्यादातर खराब प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों और शेयरों में जोरदार तेजी दर्ज हुई। निवेशक सरकार की ओर से अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए और उपायों की उम्मीद कर रहे हैं।

सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले हफ्ते वाहन क्षेत्र को सरकार की ओर से पूरे समर्थन का भरोसा दिलाया था। उन्होंने कहा था कि वह वाहनों पर माल व सेवा कर (जीएसटी) कटौती का मुद्दा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ उठाएंगे। पिछले हफ्ते ही वित्त मंत्री ने कहा था कि सरकार आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए और उपाय करेगी। ब्रेंट कच्चा तेल 0.80 फीसद की बढ़त के साथ 62.03 डॉलर प्रति बैरल पर था।

सोने में 300 और चांदी में 1,400 रुपए की गिरावट

नई दिल्ली, 9 सितंबर (भाषा)।

रुपए के मजबूत होने और मांग कमजोर होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 300 रुपए की गिरावट के साथ 39,225 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। चांदी की कीमत भी 1,400 रुपए की हानि के साथ 48,500 रुपए किलो रह गई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार न्यूयार्क में सोने का भाव लगभग अपरिवर्तित रुख के साथ 1,506 डॉलर प्रति औंस था जबकि चांदी का भाव घटकर 18.05 डॉलर प्रति औंस रह गया। पटेल ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती और अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की प्रगति को लेकर स्पष्टता के इंतजार करने के कारण निकट भविष्य में तकनीकी सुधार देखने को मिल सकता है। शनिवार को सोना 39,525 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था जबकि चांदी का भाव 49,900 रुपए किलो पर बंद हुआ था।

"फार्म न0 आईएनसी-25ए"
पब्लिक कंपनी के प्राइवेट कंपनी में परिवर्तन को लेकर समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाने वाले विज्ञापन
समक्ष क्षेत्रीय निदेशक, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र खंडपीठ, दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 तथा कंपनी (निगमन) विनियमन, 2014 के नियम 41 के मामले में
- तथा -
टॉरस पोर्टफोलियोज लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय : 105, साउथ एक्स. प्लाजा-I, 389 मस्जिद मोठ, साउथ एक्स. पार्ट-II, नई दिल्ली 110049 में स्थित है, के मामले में
..... आवेदक
सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **27.03.2019** को आयोजित विशेष आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में परिवर्तन की इच्छा तथा उपर्युक्त विनियमन के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के तहत कंपनी केंद्र सरकार को एक आवेदन दाखिल करेगी ताकि कथित परिवर्तन को प्रभावी करने के लिए कंपनी को अधिकार प्राप्त हो जाए।
यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति से प्रभावित हो, तो वह हलफनामे में विरोध के आधार व प्रभावित होने वाले अपने/ अपनी हित की प्रकृति का जिक्र कर अपने/ अपनी आपत्ति इस सूचना की प्रकाशन तिथि से चौदह दिनों के भीतर संबंधित **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, द्वितीय तल, अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, दिल्ली-** 110003 को दाखिल करें अथवा पंजीकृत डाक से उनके पास पहुंच जाए तथा उसकी एक प्रति आवेदक कंपनी को भी उसके उपर्युक्त उल्लिखित पते पर पंजीकृत कार्यालय में भिजवाएं।
वास्ते तथा आवेदक की ओर से
टॉरस पोर्टफोलियोज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनांक : 28.03.2019 **अरुण कुमार अग्रवाल**
स्थान : दिल्ली **DIN : 00063359**

"फार्म न0 आईएनसी-25ए"
पब्लिक कंपनी के प्राइवेट कंपनी में परिवर्तन को लेकर समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाने वाले विज्ञापन
समक्ष क्षेत्रीय निदेशक, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र खंडपीठ, दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 तथा कंपनी (निगमन) विनियमन, 2014 के नियम 41 के मामले में
- तथा -
राज सॉलवेक्स लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय : 1622 चंद्रवाल रोड, प्रथम तल, सब्जी मंडी, दिल्ली 110007 में स्थित है, के मामले में
..... आवेदक
सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **10.05.2019** को आयोजित विशेष आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में परिवर्तन की इच्छा तथा उपर्युक्त विनियमन के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के तहत कंपनी केंद्र सरकार को एक आवेदन दाखिल करेगी ताकि कथित परिवर्तन को प्रभावी करने के लिए कंपनी को अधिकार प्राप्त हो जाए।
यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति से प्रभावित हो, तो वह हलफनामे में विरोध के आधार व प्रभावित होने वाले अपने/ अपनी हित की प्रकृति का जिक्र कर अपने/ अपनी आपत्ति इस सूचना की प्रकाशन तिथि से चौदह दिनों के भीतर संबंधित **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, द्वितीय तल, अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, दिल्ली-** 110003 को दाखिल करें अथवा पंजीकृत डाक से उनके पास पहुंच जाए तथा उसकी एक प्रति आवेदक कंपनी को भी उसके उपर्युक्त उल्लिखित पते पर पंजीकृत कार्यालय में भिजवाएं।
वास्ते तथा आवेदक की ओर से
राज सॉलवेक्स लिमिटेड
हस्ता/-
दिनांक : 29.05.2019 **त्रिलोकी नाथ अग्रवाल**
स्थान : दिल्ली **DIN : 00853985**

बीएसएनएल को वित्तीय पैकेज देने की योजना

कोच्चि, 9 सितंबर (भाषा)।

केंद्र सरकार नकदी संकट से जूझ रही भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) को वित्तीय पैकेज देने की योजना बना रही है।

केंद्रीय भारी उद्योग व लोक उपक्रम राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को कहा कि बीएसएनएल को आगे बढ़ाना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। मेघवाल ने राजग सरकार के दूसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बीएसएनएल को सरकार से कुछ पैकेज की जरूरत है। हम चाहते हैं कि बीएसएनएल को आगे बढ़ाया जाए। यह हमारी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। ऐसे में हम पैकेज पर विचार कर रहे हैं। भविष्य में हम बीएसएनएल को कुछ पैकेज दे सकते हैं।

शिक्षण संस्थानों में बौद्धिक संपदा अधिकार लागू करने के लिए दिशानिर्देश जारी

नई दिल्ली, 9 सितंबर (भाषा)।

यदि आप छात्र, शोधार्थी या शिक्षक हैं और किसी संस्थान के संसाधनों का उपयोग कर कोई शोध करते हैं या उत्पाद विकसित करते हैं तो उसके पेटेंट का अधिकार उस संस्थान के पास रहेगा, जहां आपने ऐसा किया है। लेकिन संस्थान अगर यह निर्धारित करता है कि छात्र, शोधार्थी या शिक्षक ने संस्थान के प्रति अपने समय और जिम्मेदारियों के साथ समझौता किए बिना किसी खोज या उत्पाद को खुद के समय में संस्थान के संसाधनों का उपयोग किए बिना विकसित किया है, तो ऐसे में पेटेंट का अधिकार उसके खोजकर्ता के पास होगा।

इस प्रावधान का प्रस्ताव सरकार की ओर से शिक्षण संस्थानों के लिए हाल में जारी बौद्धिक संपदा अधिकार के मसौदा दिशानिर्देशों में है। इन मसौदा दिशानिर्देशों का मकसद प्रौद्योगिकी, विज्ञान और मानविकी क्षेत्र में रचनात्मकता और नवोन्मेष को बढ़ावा देना और नव विचार व शोध के लिए उचित माहौल मुहैया कराना है। यह शैक्षिक संस्थानों के स्टाफ, छात्र, व्यक्ति या शिक्षकों के रचनात्मक कार्यों के बौद्धिक संपदा अधिकार को सुरक्षा देने में मदद करेगा।

मसौदे के अनुसार बौद्धिक संपदा अधिकार पर मालिकाना हक उसके संदर्भ के आधार पर भिन्न हो सकता है। इस संबंध में दो-चरणीय वर्गीकरण की प्रक्रिया को अपनाने का सुझाव दिया गया है। कॉपीराइट के मामले में मसौदा दस्तावेज में कहा गया है कि ऐसे शोध या अकादमिक कार्य आमतौर पर शैक्षिक संस्थान के संसाधनों का उपयोग मसलन किताब, व्याख्यान नोट्स इत्यादि का उपयोग कर-के पूरा किए जाते हैं। लेकिन इनके बौद्धिक संपदा अधिकार लेखक के पास रहने चाहिए। जबकि व्याख्यान वीडियो, ऑनलाइन पाठ्यक्रम, फिल्म, नाटक और संगीत कार्यक्रम के बौद्धिक संपदा अधिकार संस्थान के पास रहने चाहिए। दिशानिर्देश मसौदे में शैक्षिक संस्थानों के बौद्धिक संपदा अधिकार से जुड़े कई प्रस्ताव हैं। इन्हें वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले बौद्धिक संपदा अधिकार संवर्द्धन व प्रबंधन प्रकोष्ठ ने तैयार किया है।

सत्यम मामले में सेबी को झटका

सैट ने पीडब्लूसी पर लगाई रोक खारिज की

मुंबई, 9 सितंबर (भाषा)।

पूंजी बाजार नियामक सेबी को सत्यम घोटाला मामले में सैट की ओर से झटका लगा है। प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने 7,800 करोड़ रुपए के सत्यम घोटाला मामले में प्राइस वाटरहाउस कूपर्स (पीडब्लूसी) पर दो साल के लिए लगाई गई रोक के आदेश को खारिज कर दिया। सेबी ने पीडब्लूसी पर दो साल तक किसी भी सूचीबद्ध कंपनी का आडिट करने पर रोक लगाने का आदेश दिया था। हालांकि, सैट ने मामले में आडिट कंपनी पीडब्लूसी से आंशिक तौर पर 13 करोड़ रुपए लौटाने को मंजूरी दी है।

सत्यम घोटाला जनवरी, 2009 में सामने आया था। कंपनी के प्रवर्तक रामलिंग राजू ने करोड़ों रुपए के घोटाले की बात को स्वीकारा था। मामले में सेबी द्वारा पीडब्लूसी पर लगाई गई रोक को दरकिनार करते हुए सैट ने कहा कि केवल राष्ट्रीय लेखा परीक्षा निगरानी संस्था भारतीय सनदी लेखा संस्थान (आइसीएआइ) ही अपने सदस्यों के मामले में कोई कार्रवाई कर सकता है। आडिट करने में ढिलाई बरते जाने मात्र से ही धोखाधड़ी किया जाना साबित नहीं होता है।

सैट ने अपने आदेश में कहा कि सेबी को आडिट की गुणवत्ता को देखने और जांचने का कोई अधिकार नहीं है। सेबी इस मामले में केवल उपचारात्मक और बचाव वाली कार्रवाई कर सकता है। उसका निर्देश न तो उपचारात्मक है और न ही बचाव वाला बल्कि उसने दंडात्मक कार्रवाई की है। हालांकि, सैट ने कहा कि काम ठीक से नहीं करने को लेकर पीडब्लूसी को दी गई 13 करोड़ रुपए की फीस को ब्याज सहित वापस लिया जा सकता है।

आठ जनवरी, 2009 को तत्कालीन सत्यम कंप्यूटर सर्विसेज के संस्थापक और चेयरमैन बी रामलिंग राजू ने सार्वजनिक तौर पर कंपनी में बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ी होने की बात स्वीकार की और कंपनी के खातों में 5,000 करोड़ रुपए की हेराफेरी स्वीकार की। बाद में सेबी की जांच में यह पूरा घोटाला 7,800 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। रामलिंग राजू के कंपनी में घोटाले को स्वीकार करने के बाद सरकार ने सत्यम के निदेशक मंडल को भंग कर उसके स्थान पर नया बोर्ड बिठा दिया और कंपनी को बेचने की प्रक्रिया शुरू की। बाद में कंपनी का टेक महिंद्रा ने अधिग्रहण कर लिया।

सऊदी अरब से मिलता रहेगा तेल : प्रधान

नई दिल्ली, 9 सितंबर (भाषा)।

सऊदी अरब के नए ऊर्जा मंत्री शहजादा अब्दुल्ल अजिज बिन सलमान ने भारत को आश्वस्त किया है कि उनका देश भारत के लिए कच्चे तेल का विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता बना रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सऊदी अरब भारत में निवेश के लिए प्रतिबद्ध है।

पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात के दौरान अब्दुल्ल अजिज ने यह आश्वासन दिया। प्रधान इस समय तीन देशों की सरकारी यात्रा पर हैं। सऊदी अरब के नए ऊर्जा मंत्री से मुलाकात के बाद प्रधान ने ट्वीट कर कहा कि सऊदी अरब के नवनियुक्त ऊर्जा मंत्री एचआरएच प्रिंस अब्दुल्ल अजिज बिन सलमान से जेद्दाह में मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ सऊदी ऊर्जा मंत्रालय में पहले हुई मुलाकात की यादें ताजा हुईं। प्रधान ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि सऊदी मंत्री ने भारत के साथ हाइड्रोकार्बन आपूर्ति क्षेत्र में एक विश्वसनीय और सतत भागीदार बने रहने और भारत में सऊदी अरब निवेश की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

Bank of India
बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय, नई दिल्ली क्षेत्र
"स्टारहाउस", एच-2, कनाट सर्कस, मिडिल/आउटर सर्कल, पीवीआर प्लाज़ा हाल के पास, नई दिल्ली-110001, फोन नं. 011-28844099
शुद्धिपत्र
यह दिनांक 27.09.2019 को होने वाली ई-नीलामी के लिए जनसत्ता में दिनांक 23.08.2019 के प्रकाशन के संदर्भ में है।
क्रमांक 13 पर, मैसर्स श्री कृष्णा ज्वेलर्स (प्रशांत विहार शाखा) के खाते में गिरवी रखी हुई संपत्ति, जिसे 23.00 लाख रुपये के आरक्षित मूल्य पर नीलामी के लिए रखा गया था, का पता "**दुकान नंबर 2, जी-40, छत अधिकार के बिना, खसरा नंबर 31/4, ग्राम खयाला आबादी, शाम नगर, नई दिल्ली** के स्थान पर" **दुकान नंबर 1, जी-40, छत अधिकार के बिना, खसरा नंबर 31/4, ग्राम खयाला आबादी, शाम नगर, नई दिल्ली**" पढ़ा जाए।
उपरोक्त समाचार पत्र में प्रकाशित ई-नीलामी के अन्य सभी नियम और शर्तें समान हैं।

लखनऊ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड
190, तुलसीदास मार्ग, लखनऊ-226004 फोन : 0522-2252398
GST Number : 09AABAL1852F1ZS
त्रुटि सुधार
दिनांक 30 अगस्त 2019 को जनसत्ता समाचार पत्र में प्रकाशित लखनऊ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लि0 की 31वीं वार्षिक सामान्य निकाय वर्ष 2017-2018 के स्थान पर वर्ष 2018-19 पढ़ा जाये तथा एजेण्डा विषय में त्रुटि सुधार निम्नवत पढ़ा जाय।
एजेंडा विषय विचारणीय निम्नवत है
1. वार्षिक सामान्य निकाय वर्ष 2017-2018 की बैठक दिनांक 23.09.2018 की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार
2. वित्तीय वर्ष 2018-2019 की वार्षिक रिपोर्ट का अनुमोदन।
3. वित्तीय वर्ष 2018-2019 दिनांक 31 मार्च 2019 को समाप्त हुए वर्ष का आडिटेड सन्तुलन पत्र एवं लाभ हानि विवरणी तथा आडिट प्रमाण-पत्र का अवलोकन।।
4. वित्तीय वर्ष 2018-2019 दिनांक 31 मार्च 2019 को समाप्त हुए वर्ष के आडिट नोट (LFAR) एवं उसकी अनुपालन आख्या का अनुमोदन।
5. वित्तीय वर्ष 2018-2019 में हुए शुद्ध लाभ/हानि का अवलोकन।
6. आगामी वित्तीय वर्ष 2020-2021 के बजट की स्वीकृति पर विचार।
7. आगामी वित्तीय वर्ष 2020-2021 हेतु अधिकतम वायित्व के निर्धारण पर विचार।
8. आगामी वित्तीय वर्ष 2020-2021 हेतु कार्यक्रम के अनुमोदन पर विचार।
9. वित्तीय वर्ष 2019-2019 हेतु स्वीकृत बजट आइटम्स के विरुद्ध हुये वास्तविक व्ययों की स्वीकृति पर विचार।
10. अन्य विषय सभापति की अनुमति से।
सचिव

FORM G - INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST
(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016
RELEVANT PARTICULARS

1	Name of the corporate debtor	Noida Software Technology Park Limited
2	Date of incorporation of corporate debtor	March 8, 1999
3	Authority under which corporate debtor is incorporated / registered	RoC Delhi
4	Corporate identity number / limited liability identification number of corporate debtor	U72200DL1999PLC098726
5	Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor	**Registered Office:** Scinda Villa, Sarojini Nagar, New Delhi-110023 **Site Office (Taleport):** B-22-25, Pocket-C, Sirajpur Industrial Area, Greater Noida, UP- 201306.
6	Insolvency commencement date of the corporate debtor	February 8, 2019
7	Date of invitation of expression of interest	September 10, 2019 (Previously May 02, 2019)
8	Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at:	Minimum conditions for Resolution Applicant(s) to approach the Resolution Professional of the Company is: 1. Minimum tangible net worth of INR 5 Cr. As on March 31, 2018 (For Corporates/ LLPs & Consortium) 2. Assets Under Management (AUM) of at least INR 100 Crores as on March 31, 2018 (For FIIs/ FIs/ NBFCs/ ARCs, etc.) For complete details please mail at nstpl@ascgroup.in
9	Norms of inelig bility applicable under section 29A are available at:	https://ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php More details can be sought by emailing at nstpl@ascgroup.in and alok@insolvencyservices.in
10	Last date for receipt of expression of interest	September 25, 2019 (Previously May 17, 2019)
11	Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants	September 27, 2019 (Previously May 27, 2019)
12	Last date for submission of objections to provisional list	October 3, 2019 (Previously June 01, 2019)
13	Date of issue of final list of prospective resolution applicants	October 7, 2019 (Previously June 11, 2019)
14	Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants	October 3, 2019 (Previously June 01, 2019)
15	Manner of obtaining request for resolution plan, evaluation matrix, information memorandum and further information	Request may be sent to nstpl@ascgroup.in
16	Last date for submission of resolution plans	November 1, 2019 (Previously July 1, 2019)
17	Manner of submitting resolution plans to resolution professional	A prospective resolution applicant in the final list may submit resolution plan or plans prepared in accordance with the Code and these regulations to the resolution professional electronically within the time given at the email address mentioned in Sl. No. 21.
18	Estimated date for submission of resolution plan to the Adjudicating Authority for approval	October 4, 2019 (Previously July 22, 2019)
19	Name and registration number of the resolution professional	Alok Kumar Agarwal Reg. No.: IBBI/IPA-001/IP-P00059/2017-2018/10137
20	Name, Address and e-email of the resolution professional, as registered with the Board	Alok Kumar Agarwal Address: 605, Suncity Business Tower, Golf Course Road, Sector 54, Gurgaon, Haryana-122002 e-mail: alok@insolvencyservices.in
21	Address and email to be used for correspondence with the resolution professional	Address: C-100, Sector 2, Noida, Uttar Pradesh, 201301 Email: nstpl@ascgroup.in
22	Further Details are available at or with	On request to Resolution Professional
23	Date of publication of Form G	September 10, 2019 (Previously May 02, 2019)

Date: September 10, 2019 **Alok Kumar Agarwal (IBBI/IPA-001/IP-P00059/2017-2018/10137)**
Place: Gurgaon **For M/s Noida Software Technology Park Limited (Under CIRP)**
605, Suncity Business Tower, Golf Course Road, Sector 54, Gurgaon, Haryana-122002

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम
पश्चिमी क्षेत्र
सार्वजनिक सूचना
सभी जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि सार्वजनिक भूमि/सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करना नगर निगम के अधिनियम 321 तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा (M.C.Mehta Vs. UOI & Ors) के संदर्भ में पारित किए गए आदेश दिनांक 02.09.2019 के अनुसार अवैधानिक है।
सभी जनसाधारण को यह आदेश दिये जाते हैं कि वे सार्वजनिक/सरकारी भूमि से सभी प्रकार के अतिक्रमण को तुरंत हटाएं। अन्यथा, नगर निगम के अधिनियम 321/461/466ए अनुसार व्यापक रुप से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निगम द्वारा की जाएगी एवं सरकारी भूमि पर पाए गए सामान को निगम द्वारा कार्यवाही के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के अतिक्रमणकारियों की कीमत पर जब्त कर लिया जायगा।
आदेशानुसार
बार.ओ नं. 57/डीपीआई/दक्षिणी/2019-20 उपायुक्त/पश्चिमी क्षेत्र

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली के समक्ष
[कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली द्वितीय संशोधन नियमावली, 2017 के नियम 30(5)(ए) के मामले में
तथा
डिजीटल इंडिया रीयल इस्टेट प्राईवेट लिमिटेड, कम्पनी जिसका पंजीकृत कार्यालय 2-ए जनता फ्लैट, प्रियदर्शिनी विहार जी/फ्लोर, दिल्ली-110092, दिल्ली, पूर्वी दिल्ली डी एल 110092 में है, के मामले में
..... आवेदक
एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "रा.रा. क्षेत्र दिल्ली" से "उत्तर प्रदेश राज्य" में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 26 अगस्त, 2019 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के अंतर्गत यह कंपनी केंद्र सरकार/क्षेत्रीय निदेशक के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे उसके पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें:
डिजीटल इंडिया रीयलइस्टेट प्राईवेट लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
तिथि: 7.9.2019 (गौरव अग्रवाल)
स्थान: नई दिल्ली निदेशक
DIN No. : 00173040

सार्वजनिक सूचना
प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]
एक राज्य से दूसरे राज्य में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के परिवर्तन के लिये समाचार पत्र में प्रकाशन के लिए विज्ञापन
केन्द्र सरकार, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के क्लॉज (ए) के मामले में
तथा
पैट्रोनाइज माइको क्रेडिट फेडरेशन (CIN:U67200UP2017NPLC090203) जिसका पंजीकृत कार्यालयः सी/ओ प्रणव कुमार, यूनिट नं. 3 एफसीएस 70, 303, अंसल प्लाजा, प्लॉट-31, सेक्टर-6, वैशाली, गाजियाबाद-201010, उत्तर प्रदेश में है, के मामले में।
याचिकाकर्ता/आवेदक
एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "उत्तर प्रदेश राज्य" से "बिहार राज्य" में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए गुरुवार, 5 सितम्बर, 2019 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केंद्र सरकार/क्षेत्रीय निदेशक के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत पत्र दाखिल करें अथवा उसके ऊपर वर्णित पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें:
आवेदक के लिये तथा उसकी ओर से
पैट्रोनाइज माइको क्रेडिट फेडरेशन
तिथि: 10.9.2019 बजरंगी सिंह
स्थान: गाजियाबाद निदेशक
DIN No. : 08419082

एन एफ एल NFL
नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
सीआईएन: L74899DL1974GOI007417
पंजीकृत कार्यालय: स्कोप कॉम्प्लेक्स, कोरबी, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003, वेबसाइट: www.nationalfertilizers.com
ईमेल आईडी: investro@nfl.co.in, टेलीफोन: 011-24360066, 24361252
45वीं वार्षिक आम बैठक के लिए सूचना का परिशिष्ट
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने **बुधवार, 18 सितम्बर, 2019 को अप. 2.30 बजे** जोरांक स्टीन ऑडिटोरियम, इंडिया हैबीटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 में आयोजित होने वाली नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के सदस्यों की 45वीं वार्षिक आम बैठक में निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्ति के लिए भारत सरकार के आदेश सं. 82/3/2013-एचआर-1 **दिनांक 03.09.2019** के संदर्भ में श्री यश पाल भोला (डीआईएन 08551454), जिन्होंने कम्पनी के निदेशक (वित्त) के रूप में प्रभार ग्रहण किया है, की उम्मीदवारी के प्रस्ताव के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के प्रावधानों के अनुसरण में अपेक्षित सूचना प्राप्त की है।
निदे

खबर कोना

अमेरिकी ओपन टेनिस में महिलाओं का जूनियर एकल खिताब जीतने के बाद कोलंबिया की मारिया कैमिला ओसोरियो सेरानो।

अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 224 रन से रौंदा

चटगांव, 9 सितंबर (एएफपी)।

राशिद खान के दूसरी पारी में छह और मैच में 11 विकेट की बदौलत अफगानिस्तान ने बारिश के व्यवधान और कम होती रोशनी के बीच एकमात्र टैस्ट के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को यहां बांग्लादेश को 224 रन से हराया। अफगानिस्तान के तीसरे ही टैस्ट में राशिद ने मैच में 11 और करिअर में पहली बार टैस्ट मैच में 10 या इससे अधिक विकेट चटकाए। उन्होंने अंतिम दिन बांग्लादेश के चार में से तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा जिससे 398 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम 61.4 ओवर 173 रन पर ढेर हो गई।

म्यांमा ओपन से विश्व चैंपियनशिप की तैयारी करेंगे आडवाणी

मांडले, 9 सितंबर (भाषा)।

भारत के 21 बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी यहां सोमवार से शुरू हो रहे म्यांमा ओपन के जरिये बिलियडर्स विश्व चैंपियनशिप की तैयारी शुरू करेंगे। विश्व चैंपियनशिप भी यहीं खेली जानी है जिसमें पंकज का इरादा पिछले साल जीता अपना खिताब बरकरार रखने का होगा। उन्होंने टूर्नामेंट से पहले कहा, विश्व कप से पहले यह काफी अहम टूर्नामेंट है। यहां हालात के अनुकूल ढलने से मुझे काफी मदद मिलेगी।

नडाल ने जीता 19वां ग्रैंडस्लैम खिताब

अमेरिकी ओपन के फाइनल में रूस के दानिल मेदवेदेव को हराया

न्यूयार्क, 9 सितंबर (एएफपी)।

रफेल नडाल ने रूस के दानिल मेदवेदेव को पांच सेटों के अमेरिकी ओपन फाइनल में हराकर करिअर का 19वां और चौथा अमेरिकी ओपन खिताब अपने नाम किया।

तैतीस बरस के नडाल ने 7-5, 6-3, 5-7, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। अब उनके नाम 19 ग्रैंडस्लैम हो गए हैं और वह रोजर फेडरर से सिर्फ एक खिताब पीछे हैं। ओपन युग में केन रोसवाल के बाद अमेरिकी ओपन जीतने वाले वह सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। रोसवाल ने 1970 में 35 साल की उम्र में खिताब जीता था। इससे पहले 2010, 2013 और 2017 में यहां खिताब जीत चुके नडाल ने कहा, यह मेरे टेनिस करिअर की सबसे जज्बाती रात में से एक थी। अमेरिकी ओपन में पांचवीं बार और ग्रैंडस्लैम में 27वीं बार फाइनल में पहुंचे नडाल 30 बरस की उम्र के बाद पांच ग्रैंडस्लैम जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। चार घंटे 50 मिनट तक चला यह मैच अमेरिकी ओपन के इतिहास का सबसे लंबा फाइनल बनने से चार मिनट से चूक गया। नडाल ने जून में फ्रेंच ओपन भी जीता था। वह ओपन युग में पांच अमेरिकी ओपन खिताब जीतने वाले फेडरर, जिम्मी कोनोर्स और पीट सम्प्रास से भी एक खिताब पीछे हैं। मेदवेदेव ने कहा, 19वां ग्रैंडस्लैम खिताब अविश्वसनीय और अद्भुत है। हार के बावजूद मेदवेदेव ताजा रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच जाएंगे जिन्होंने सिनसिनाटी खिताब जीता जबकि मांट्रियल, वाशिंगटन और अमेरिकी ओपन में उपविजेता रहे।

मेदवेदेव चौथे पायदान पर, पांचवें स्थान पर पहुंचीं बियांका

पेरिस, 9 सितंबर (भाषा)।

अमेरिकी ओपन के फाइनल में रफेल नडाल से हार का सामना करने वाले रूस के दानिल मेदवेदेव एटीपी की नवीनतम रैंकिंग में सोमवार को करिअर के सर्वश्रेष्ठ चौथे पायदान पर पहुंच गये जबकि महिलाओं के वर्ग में कनाडा की पहली ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनीं 19 साल की बियांका आंद्रिस्कू पहली बार डब्लूटीए रैंकिंग में शीर्ष पांच में पहुंचीं।

स्पेन के नडाल ने पांच सेट चले फाइनल में मेदवेदेव को 7-5, 6-3, 5-7, 4-6, 6-4 से हराकर दूसरे पायदान पर अपनी स्थिति मजबूत की। उनके और शीर्ष पर काबिज नोवाक जोकोविच के बीच अब 640 अंक का फासला रह गया है। दिग्गज रोजर फेडरर तीसरे पायदान पर बने हुए हैं। मेदवेदेव के लिए पिछले छह सप्ताह शानदार रहे जिन्होंने सिनसिनाटी खिताब जीता जबकि मांट्रियल, वाशिंगटन और अमेरिकी ओपन में उपविजेता रहे। महिलाओं की रैंकिंग में एक साल पहले लगभग 200वें पायदान पर काबिज युवा खिलाड़ी बियांका ने सेरेना विलियम्स को हराकर अमेरिकी ओपन महिला एकल खिताब जीता।

गुजरात फार्च्यूनजाइंट्स के खिलाड़ी को रोकने का प्रयास करते यूपी योद्धा के खिलाड़ी।

यूपी योद्धा की लगातार चौथी जीत

कोलकाता, 9 सितंबर (भाषा)।

यूपी योद्धा ने पेशेवर कबड्डी लीग में सोमवार को यहां पिछले सत्र के उप विजेता गुजरात फार्च्यूनजाइंट्स को 33-26 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की।

उत्तर प्रदेश की टीम की नितीश कुमार (चार टेकल अंक) और सुमित (पांच टेकल अंक) की डिफेंस जोड़ी और श्रीकांत जाधव और सुरिंदर गिल (दोनों छह रेड अंक) की रेडिंग जोड़ी ने गुजरात की टीम को पूरे मैच के दौरान परेशानी में रखा। इस नतीजे से यूपी योद्धा की टीम 14 मैचों में 42 अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गई है।

तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने प्रदीप नारवाल के शानदार प्रदर्शन की बदौलत यहां तमिल थलाइवास को 51-25 से हराकर लगातार छह हार के क्रम को तोड़ा। नारवाल इस मैच के दौरान 1000 रेड अंक के आंकड़े को पार करने वाले पहले खिलाड़ी बने। पाइरेट्स की मौजूदा सत्र में 12 मैचों में यह चौथी जीत है।

श्रीलंका के 10 खिलाड़ी पाकिस्तान दौरे से हटे

कोलंबो, 9 सितंबर (एएफपी)।

टी-20 कप्तान लसिथ मलिंगा और पूर्व कप्तानों एंजॉलो मैथ्यू तथा तिषारा परेरा सहित श्रीलंका के 10 खिलाड़ियों ने सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान के आगामी दौरे से हटने का फैसला किया है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मार्च 2009 में लाहौर में टैस्ट मैच के दौरान श्रीलंका टीम बस पर आतंकियों के हमले के बाद अधिकांश अंतरराष्ट्रीय टीमों ने पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार किया है।

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि शुरुआती टीम में शामिल खिलाड़ियों को कराची में 27 सितंबर से शुरू हो रही छह मैचों की सीमित ओवरों की शृंखला के लिए सुरक्षा इंतजामों की जानकारी दी गई और उन्हें यह फैसला करने की स्वतंत्रता दी गई कि वे दौरे पर जाना चाहते हैं या नहीं। इस जानकारी के बाद 10 खिलाड़ियों ने तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय की शृंखला से हटने का फैसला किया है। निरोशन डिकवेला, कुसाल परेरा, धनंजय डिसिल्वा, अकिला धनंजय, सुरंगा लकमल, दिनेश चांदीमल और दिमुथ करुणारत्ने ने भी दौरे पर नहीं जाने का फैसला किया है। इस दौरे को पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोबारा शुरू करने की दिशा में अहम कदम के रूप में देखा जा रहा है। बल्लेबाज दनुष्का गुणातिलक ने कहा कि उनका मानना है कि सुरक्षा पर्याप्त होगी। उन्होंने कहा, उन्हें हमें जो बताया उसके अनुसार मुझे लगता है कि वहां कड़ी सुरक्षा होगी। श्रीलंका ने अक्तूबर 2017 में पाकिस्तान में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।

स्पेन ने फारो आइलैंड को 4-0 से हराया

गिजोन, 9 सितंबर (एएफपी)।

रौद्रिगो और पाको अल्कासेर के दो-दो गोल की मदद से स्पेन ने फारो आइलैंड को 4-0 से हराकर यूरो 2020 फुटबॉल क्वालीफायर में लगातार छठी जीत दर्ज की।

स्पेन की छह मैचों में यह छठी जीत है। कप्तान सर्जियो रामोस का यह 167वां मैच था जिन्होंने स्पेन के लिए सबसे ज्यादा 167 मैच खेलने के इकेर सेसिलास के रेकार्ड की बराबरी कर ली।

अब स्पेन ग्रुप एफ में दूसरे स्थान पर काबिज स्वीडन से सात अंक आगे है। स्वीडन को नार्वे ने 1-1 से ड्रा पर रोका। मैच से पहले पूर्व कोच लुईस एनरिक की बेटी जाना की याद में एक मिनट का मौन रखा गया जिसका नौ बरस की उम्र में हड्डियों के कैंसर के कारण पिछले सप्ताह निधन हो गया।

यूरो 2020 फुटबॉल मैच में आइलैंड के खिलाफ गोल दागने के बाद स्पेन के पाको अल्कासेर।

फिनलैंड को हराकर इटली यूरो 2020 के लिए क्वालीफाई करने के करीब

तम्पेरे, 9 सितंबर (एएफपी)।

जार्जिन्हो के निर्णायक गोल की मदद से फिनलैंड को 2-1 से हराकर इटली यूरो 2020 चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया। चेलसी के मिडफील्डर जार्जिन्हो ने 79वें मिनट में पेनल्टी किक पर विजयी गोल दागा। राबर्टो मंचिनी की इतालवी टीम की छह मैचों में यह छठी जीत है। उसके दूसरे स्थान पर काबिज फिनलैंड से छह अंक अधिक हैं।

इटली के लिए सिरो इमोबाइल ने छठे मिनट में गोल किया जबकि तीमू पुक्की ने फिनलैंड को बराबरी का गोल दिया।

दक्षिण अफ्रीका ए को 164 रन पर समेटने के बाद भारत की अच्छी शुरुआत

तिरुवनंतपुरम, 9 सितंबर (भाषा)।

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने पहले अनौपचारिक टैस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका ए की पहली पारी को 164 रन पर समेटने के बाद पहले दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 129 रन बनाए।

चार दिवसीय मैच के पहले दिन सोमवार को स्टंप्स के समय प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज शुभमन गिल 66 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे जबकि अंकित बावने छह रन पर खेल रहे हैं। टीम की कप्तानी कर रहे गिल ने धैर्य से बल्लेबाजी कर लय हासिल की। वह दक्षिण अफ्रीका टैस्ट टीम के नियमित सदस्य लुंगी एनगिडी (18 रन पर एक विकेट) के खिलाफ भी सहज दिखे। लोकेश राहुल के लय में नहीं होने से भारतीय टीम को टैस्ट में एक सलामी बल्लेबाज की तलाश है और गिल यहां बड़ी पारी खेलकर अपना दावा मजबूत कर सकते है। इस दौड़ में हालांकि अभिमन्यु ईश्वरन और प्रियांक पांचाल भी शामिल हैं। गिल ने पहले विकेट के लिए ऋतुराज गायकवाड़ (30) के साथ 48 रन की साझेदारी की और फिर रिकी भुई (26) के साथ दूसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। उन्होंने 108 गेंद की पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने महज 51.5 ओवर में दक्षिण अफ्रीका ए की पारी को समेट दिया। तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर (29 रन पर तीन विकेट) और स्पिनर कृष्णप्पा गौतम (64 रन पर तीन विकेट) सबसे सफल भारतीय गेंदबाज रहे। इसके अलावा बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम (37 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (20 रन पर एक विकेट) ने भी अफ्रीकी बल्लेबाजों को परेशान किया। टास गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी दक्षिण अफ्रीका ए टीम की शुरुआत बेहद खराब रही।

अनौपचारिक टैस्ट मैच में मेजबान टीम ने शुभमन गिल के 66 रन की पारी के दम पर पहले दिन दो विकेट पर 129 रन बना लिए



रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 296, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।